है जो तर्क की कसौटी पर खरा उतरे तथा आधुनिक विज्ञान के ज्ञात सिद्धान्तों से समर्थित हों। चूंकि ज्योतिष के सिद्धान्त उनके ज्ञात वैज्ञानिक नियमों से मेल नहीं खाते इसलिए अनेक विज्ञानविद् ज्योतिष का विरोध करते दिखाई देते हैं।

सन् 1976 ई0 में संसार के लगभग 186 वैज्ञानिकों ने (जिसमें 19 वैज्ञानिक नोबेल पुरस्कार विजेता थे) एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किया था, जिसका शीर्षक था "ज्योतिष से असहमति"। इसमें उन्होंने यह घोषित किया था कि ज्योतिष का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है तथा यह अन्धविश्वास पर आधारित है।[2]

वैज्ञानिकों द्वारा की गयी कटु आलोचनाओं के कारण अनेक ज्योतिर्विद आन्दोलित हो उठे, और उन्होंने अपने तर्कों से ज्योतिर्विज्ञान के पक्ष को दृढ़ता से प्रस्तुत किया। इन ज्योतिर्विदों में पीटर मार्शल की कृतियां उल्लेखनीय हैं। इनकी प्रमुख पुस्तक हैं "वर्ल्ड एस्ट्रोलाजी" (प्रकाशक–पैन मैकमिलन)। इस पुस्तक में मार्शल ने बड़ी दृढ़ता से ज्योतिष का पक्ष प्रस्तुत किया तथा बताया कि सम्पूर्ण संसार का सामान्य मानव ज्योतिष को किसी न किसी रूप में मानता है।[3]

पीटर मार्शल ने अनेक महत्वपूर्ण व्यक्तियों का भी उल्लेख किया है जो ज्योतिष में विश्वास रखते थे, उनमें प्रमुख हैं:– प्लेटो, सेन्ट टॉमस एक्वीनास, दान्ते, गेटे तथा डब्ल्यू0बी0 इट्स आदि। अनेक आधुनिक राजनेताओं का भी उन्होंने उल्लेख किया है, जिनमें प्रमुख हैं, फ्रांस के भूतपूर्व राष्ट्रपति चार्ल्स डी गाल तथा अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन। इस प्रकार यूरोप तथा अमेरिका में ज्योतिष की मान्यता का उल्लेख करते हुए मार्शल ने अरब के अनेक देशों तथा चीन एवं भारत की भी चर्चा की है।[4]

2– गैरी लैकमैन (Gary Lachman) का लेख जो "द गार्जियन (The Guardian) लंदन में प्रकाशित हुआ था तथा हिन्दुस्तान टाइम्स (Hindustan Times) लखनऊ ने इसे दिनांक फरवरी 01, 2004 को पुनर्प्रकाशित किया था। देखिये परिशिष्ट-2

3– तत्रैव

4– तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पीटर मार्शल नें 20वीं सदी में ज्योतिष का पुनरोद्धार करने में अमूल्य योगदान किया तथा सम्पूर्ण संसार में ज्योतिष के प्रति लोगों की अभिरूचि बढ़ाने में सहयोग दिया है। प्रसिद्ध ज्योतिर्विद् एलान लियो ने भी अपने अनेक लेखों द्वारा ज्योतिष का प्रसार किया है। आज सम्पूर्ण संसार में अलान लियो की पुस्तकें बड़ी अभिरूचि के साथ पढ़ी जाती हैं।[5]

यद्यपि यह भी सत्य है कि ज्योतिष के नाम पर अनेक प्रकार की धोखाधड़ी भी कभी–कभी होती रहती है, तथापि ऐसी घटनाओं को ही अधिक महत्व देकर किसी ज्ञान विज्ञान के अस्तित्व को ही नकार देना उचित नहीं। दुरूपयोग तो किसी भी विज्ञान का हो सकता है, अतएव दुरूपयोग करने वालों के कारण कोई विज्ञान अस्तित्वहीन नहीं हो जाता।

ज्योतिष के सम्बन्ध में सन्देह उत्पन्न करने वाले अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं। जिनमें प्रमुख प्रश्न यह है कि एक ही समय में तथा एक ही ग्रह नक्षत्रों की स्थिति में एक बच्चा पैदा नहीं होता बल्कि अनेक बच्चे पैदा होते हैं। उनमें एक प्रेसीडेन्ट बन जाता है तथा दूसरा भिखारी। उनमें से एक सौ वर्ष तक जीता है तथा दूसरा एक साल में ही मर जाता है। इसके अतिरिक्त हिटलर ने जर्मनी में गैस चैम्बर में डालकर लाखों व्यक्तियों को निर्दयतापूर्वक मार डाला, तो क्या सभी मृत व्यक्ति एक ही ग्रह नक्षत्र में पैदा हुए थे? इन प्रश्नों पर विचार कर पीटर मार्शल ने उत्तर दिया है कि ग्रह नक्षत्र मानव मस्तिष्क में केवल प्रवृत्ति उत्पन्न करते हैं, वे बाध्यकारी आदेश नहीं देते। (Star incline but do not compell-Peter Marshal-World Astrology, Pan Macmillan)।[6]

5– तत्रैव

6– तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उपर्युक्त प्रश्नों पर आधुनिक दार्शनिक ओशो रजनीश का कथन भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि "ज्योतिष में तीन हिस्से हैं। एक जिसे हम अनिवार्य (Essential) कह सकते हैं जिसमें कोई अन्तर नहीं हो सकता। उसे जानने के बाद उसके साथ सहयोग करने के अतिरिक्त कोई उपाय नहीं है। वास्तव में इस अनिवार्य तथ्य की खोज के लिए ही ज्योतिष इतना महत्वपूर्ण माना गया। दूसरा है—नान एसेंसियल (Non Essential)। यह बाहर की परिधि है इसमें सब परिवर्तन हो सकते हैं, इसमें कुछ भी जरूरी नहीं है, सब सांयोगिक है। तीसरा है— अर्द्ध अनिवार्य (Semi Essential)। जिसमें जानने से परिवर्तन हो सकते हैं, न जानने से कभी परिवर्तन नहीं होंगे। यदि नहीं जानेंगे तो जो होना होगा, वह होगा। यदि जान लेंगे तो वह विकल्प ढूढ़ सकते हैं, उनमें बदलाहट हो सकती है।"[7]

ओशो ने यह भी कहा है कि "सामान्य जन जिस ज्योतिष की बात समझते हैं वह नान एसेंसियल का ही मामला है। एक आदमी पूछता है कि मेरी लड़की का विवाह कब होगा। कोई ज्योतिषी उसके ग्रह नक्षत्रों की स्थिति जब अनुकूल होती है, वह समय बता देता है। किन्तु यह नान एसेंसियल का मामला है। उस बताये हुए समय में विवाह हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। यह उस व्यक्ति के प्रयत्न पर निर्भर है। वास्तविक तथ्य इतना ही है कि यदि आप प्रयत्न करेंगे तो सफलता मिलने की सम्भावना सर्वाधिक होगी क्योंकि ग्रह नक्षत्रों के अनुकूल होने के कारण प्रसन्नतादायक प्रवृत्ति उत्पन्न होगी।[8]

ज्योतिष का वैश्वीकरणः—

आज धरती पर वैश्वीकरण का युग आ गया है। विश्व व्यापार संगठन की

7— ओशो रजनीश— मैं कहता आखन दखी (प्रवचन— ज्योतिष और अध्यात्म) पृष्ठ 226, संस्करण-2003 ताओ पब्लिशिंग प्राइवेट लि0, 50 कोरेगांव पार्क, पुणे।

8— तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्थापना के पश्चात न केवल आर्थिक क्षेत्र में बल्कि बौद्धिक ज्ञान के क्षेत्र में भी वैश्वीकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से क्रियान्वित हो रही है। इसके लिए बौद्धिक सम्पदा से सम्बन्धित अनेक नियम अथवा कानून बनाये जा चुके हैं। ज्ञान और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों को पेटेन्ट कराने के लिए विभिन्न देशों में तीव्र स्पर्धा की प्रवृत्ति उत्पन्न हो गयी है। इस प्रक्रिया में भारत की अति प्राचीन जड़ी–बूटियों के ज्ञान को भी कुछ बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने पेटेन्ट कराया है। किन्तु यह दुःख की बात है कि हम भारतीय लोग अपने अति प्राचीन ज्ञान विज्ञान से अपरिचित हैं अथवा हीन भावना से ग्रसित होने के कारण अपने प्राचीन ज्ञान विज्ञान को उपेक्षात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं।

यह अत्यन्त आश्चर्यजनक तथ्य है कि प्राचीन भारत के ऋषियों ने भी अपने द्वारा विकसित ज्योतिर्विज्ञान का वैश्वीकरण किया था किन्तु उनके वैश्वीकरण का उद्देश्य आर्थिक लाभ अथवा आर्थिक शोषण नहीं था बल्कि बहुजन हिताय बहुजन सुखाय तथा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना थी।

भारतीय ज्योतिष के विद्वान श्री सुधाकर द्विवेदी ने वराहमिहिर विरचित पंच सिद्धान्तिका की प्रकाशिका नामक टीका के प्रारम्भ में सूर्य–अरूण सम्वाद का उल्लेख करते हुए अनेक ऐसे श्लोकों को उद्धृत किया है, जिनका तात्पर्य है कि–

"आदि वेदांग रूप ज्ञान पितामह ब्रम्हा को प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने पुत्र वसिष्ठ को दिया। वसिष्ठ ने उस ज्ञान को सूर्य को दिया। उस सिद्धान्त को मैने (सूर्य ने) मय को दिया। यही वसिष्ठ सिद्धान्त है। पौलिश ने निज निर्मित सिद्धान्त को गर्ग आदि मुनियों को बतलाया। मैं सूर्य शाप ग्रस्त होकर यवन जाति में जन्म पाकर रोमक को रोमक सिद्धान्त बतलाया। रोमक ने अपने नगर में उसका प्रचार किया।"[9]

9- नेमिचन्द्र शास्त्री- भारतीय ज्योतिष, पृष्ठ-67, संस्करण-2000, प्रकाशक- भारतीय ज्ञान पीठ, 18, इन्स्टीटयूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली-110032

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सम्भव है यह रोमक प्राचीन यूनान अथवा आधुनिक रोम के निकटवर्ती क्षेत्र का निवासी रहा हो।

पौलिश के सम्बन्ध में भी श्री नैमिचन्द शास्त्री ने अल्बरूनी के मत का उल्लेख करते हुए कहा है कि "अल्बरूनी का मत है कि अलेक्जेन्ड्रिया वासी पौलिश के यूनानी सिद्धान्तों के आधार पर ही पौलिश सिद्धान्त की स्थापना हुई।[10]

ऐसा प्रतीत होता है कि मय सम्भवतः प्राचीन अमेरिका की माया नामक सभ्यता से सम्बन्धित कोई व्यक्ति था। इस सम्बन्ध में अति प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थ सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित निम्नांकित तथ्य दृष्टव्य है।

क– सूर्य सिद्धान्त में मय को महादैत्य कहा गया है। दैत्यों के निवास स्थान के सम्बन्ध में कहा गया है कि:– "देव तथा दैत्यों के दिन–रात्रि परस्पर विपरीत होते हैं अर्थात देवों का दिन दैत्यों की रात्रि और देवों की रात्रि दैत्यों का दिन होता है।"[11]

ख– "मेषादि में क्षितिजस्थ सूर्य को देवता लोग उदित होता हुआ और दैत्य लोग अस्त होता हुआ और तुलादि में क्षितिजस्थ सूर्य को देव लोग अस्त होता हुआ और दानव लोग उगता हुआ देखते हैं। इसलिए देव और दैत्यों के दिन–रात्रि परस्पर विपरीत होते हैं।"[12]

10– तत्रैव, पृष्ठ–78, 79

11– अतो दिनक्षपे तेषामन्योन्यं हि विपर्ययात्।।
अहोरात्रप्रमाणं च भानोर्भगणपूरणात्।।50।। सूर्य सिद्धान्त– टीकाकार– पं0 माधव प्रसाद पुरोहित, अध्याय–12, श्लोक–50, पृष्ठ 386, संस्करण–1995, प्रकाशक– चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, 38 यू0ए0 बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली–110007

12– देवासुरा विषुवति क्षितिजस्थं दिवाकरम्।।
पश्चन्त्यन्योन्यमेतेषां वामसव्ये दिनक्षये।।47।। तत्रैव अध्याय–12, श्लोक–47, पृष्ठ–384

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह सर्वविदित भौगोलिक तथ्य है कि जब भारत में दिन होता है तब अमरीका महाद्वीप में रात होती है तथा जब भारत में रात्रि होती है तब अमरीका महाद्वीप में दिन होता है।

इस प्रकार महादैत्य मय अमरीका महाद्वीप का ही निवासी सिद्ध होता है।

अतएव यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि अति प्राचीन काल में विभिन्न महाद्वीपों के विद्वान भारतीय ऋषियों के सम्पर्क में थे।

ज्योतिष शास्त्र की प्राचीनताः–

ज्योतिष शास्त्र का आरम्भ कब हुआः– यह प्रश्न अत्यन्त विवादास्पद है। विभिन्न विद्वानों ने आरम्भ काल का निर्णय विभिन्न प्रकार से किया है, तथापि यह सर्वमान्य है कि वेदांग ज्योतिष सर्वाधिक प्राचीन है।

वेदांग (अर्थात वेद का अंग) होने के कारण वेदांग ज्योतिष नामक ग्रन्थ पवित्र माना जाता था और इसे स्मरण रखना पुण्य का काम समझा जाता था, कदाचित् इसीलिए यह ग्रन्थ लुप्त नहीं होने पाया।

डा0 गोरख प्रसाद का कथन है कि "इसे ग्रन्थ कहना बहुत उपयुक्त नहीं है, क्योंकि ऋग्वेद ज्योतिष में केवल 36 तथा यजुर्वेद ज्योतिष में केवल 44 श्लोक हैं। अतः इसे पुस्तिका कहना अधिक उचित होगा। यह भी सम्भव है कि ज्योतिष की यह दोनों पुस्तिकायें किसी बड़े ग्रन्थ से संकलित की गयी हों और उस बड़े ग्रन्थ का अब लोप हो गया है।"[13]

13– डा0 गोरख प्रसाद– भारतीय ज्योतिष का इतिहास, पृष्ठ–37, संस्करण–2004, प्रकाशक– उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन, हिन्दी भवन, 6, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

वाल्मीकीय रामायण में ज्योतिषः–

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में अनेक स्थलों पर ज्योतिष का उल्लेख किया है– यथा– राजा दशरथ ने राम से कहा– "श्री राम! ज्योषियों का कहना है कि मेरे जन्म नक्षत्र को सूर्य, मंगल और राहु नामक भयंकर ग्रहों ने आक्रान्त कर लिया है।"[14]

"ऐसे अशुभ लक्षणों के प्राकट्य होने पर प्रायः राजा घोर आपत्ति में पड़ जाता है और अन्ततोगत्वा उसकी मृत्यु भी हो जाती है।"[15]

"आज चन्द्रमा पुष्य से एक नक्षत्र पहले पुनर्वसु पर विराजमान है। अतः निश्चय ही कल वे पुष्य नक्षत्र पर रहेंगे– ऐसा ज्योतिषी कहते हैं।"[16]

"इसलिए उस पुष्य-नक्षत्र में तुम अपना अभिषेक करा लो। शत्रुओं को सन्ताप देने वाले वीर! मेरा मन इस कार्य में बहुत शीघ्रता करने को कहता है। इसलिए कल मैं अवश्य तुम्हारा राज्याभिषेक करूंगा।"[17]

इस प्रकार वाल्मीकि ने अनेक स्थलों पर ज्योतिषीय स्थितियों का उल्लेख किया है।

14– अवष्टब्धं च मे राम नक्षत्रं दारूणग्रहैः।
आवेदयन्ति दैवज्ञाः सूर्याङारकराहुभिः।।18।। वाल्मीकीय रामायण– अयोध्याकाण्ड– चतुर्थ सर्ग, श्लोक–18, पृष्ठ–189, संस्करण– सम्वत्–2060, गीता प्रेस–गोरखपुर।

15– प्रायेण च निमित्तानामीदृशानां समुद्भवे।
राजा हि मृत्युमाप्नोति घोरां चापदमृच्छति।।19।। तत्रैव श्लोक–19, पृष्ठ 189

16– अद्य चन्द्रोऽभिषिञ्चस्व मनस्त्वरयतीव माम्।
श्वः पुष्ययोगं नियतं वक्ष्यन्ते दैवचिन्तकाः।।21।। तत्रैव श्लोक–21, पृष्ठ 189

17– तत्र पुष्येऽभिषिंचस्व मनस्त्वरयतीव माम्।।
श्वस्त्वाहमभिषेक्ष्यामि यौवराज्ये परंतप।।22।। तत्रैव श्लोक–22, पृष्ठ 189

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

महाभारत काल में ज्योतिषः–

महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर ज्योतिषीय स्थितियों का उल्लेख किया है– यथा–

"केतु चित्रा का अतिक्रमण करके स्वाती पर स्थित हो रहा है। उसकी विशेष रूप से कुरूवंश के विनाश पर ही दृष्टि है।"[18]

"अति भयंकर धूमकेतु पुष्य नक्षत्र पर आक्रमण करके वहीं स्थित हो रहा है। यह महान उपग्रह दोनों सेनाओं का घोर अमंगल करेगा।"[19]

"मंगल वक्र होकर मघा नक्षत्र पर स्थित है। बृहस्पति श्रवण नक्षत्र पर विराजमान है तथा सूर्य पुत्र शनि पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र पर पहुंच कर उसे पीड़ा दे रहा है।"[20]

"शुक्र भाद्रपद पर आरूढ़ होकर प्रकाशित हो रहा हैं और सब ओर घूम फिर कर परिध नामक उपग्रह के साथ उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र पर दृष्टि लगाये हुए है।"[21]

18– श्वेतो ग्रहस्तथ चित्रां समतिक्रम्य तिष्ठति।
अभावं हि विशेषेण कुरूणां तत्र पश्यति।।12।। वेद व्यास– श्रीमदमहाभारतम्– भीष्म पर्व, तृतीय अध्याय, श्लोक–12, पृष्ठ–2548, संस्करण–सम्वत्–2043 गीता प्रेस, गोरखपुर।

19– धूमकेतुर्महाघोरः पुष्यं चाक्रम्य तिष्ठति।
सेनयोरशिवं घोरं करिष्यति महाग्रहः।।13।। तत्रैव श्लोक–13 पृष्ठ–2548

20– मघास्वङारको वक्रः श्रवणे च बृहस्पतिः।
भगं नक्षत्रमाक्रम्य सूर्यपुत्रेण पीडयते।।14।। तत्रैव श्लोक–14 पृष्ठ–2548

21– शुक्रः प्रोष्ठपदे पूर्वे समारूह्य विरोचते।
उत्तरे तु परिक्रम्य सहितः समुदीक्षिते।।15।। तत्रैव श्लोक–15 पृष्ठ–2548

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

"चित्रा और स्वाती के बीच में स्थित हुआ क्रूर ग्रह राहु वक्री होकर रोहिणी और चन्द्रमा और सूर्य को पीड़ा पहुंचाता है तथा अत्यन्त प्रज्वलित होकर ध्रुव की बांयी ओर जा रहा है जो घोर अनिष्ट का सूचक है।"[22]

इस प्रकार स्पष्ट दिखायी दे रहा है कि महाभारत काल में ज्योतिष अत्यन्त विकसित अवस्था में था।

महाभारत युद्ध के पश्चात एक अन्धकार युग आया और धीरे–धीरे ज्ञान विज्ञान से सम्बन्धित ग्रन्थ विनष्ट हो गये। इस प्रकार इस विज्ञान के वैज्ञानिक व्याख्या के सूत्रों का विस्मरण हो गया।

प्राचीन शास्त्रों के अनुसार ज्योतिष के 18 प्रवर्तक माने गये हैं। इनके द्वारा प्रवर्तित अष्ठादश सिद्धान्तों में आजकल केवल पांच सिद्धान्त– 1–सूर्य, 2–पैतामह, 3–वसिष्ठ, 4–पराशर, 5–व्यास सिद्धान्त ही प्राप्य हैं। शेष सिद्धान्त समय के प्रभाव से लुप्त हो गये हैं। वराहमिहिर ने छठी शताब्दी में इन पांचों सिद्धान्तों को लेकर "पंच सिद्धान्तिका" नामक ग्रन्थ की रचना की थी।[23]

इन पांचों सिद्धान्तों में भी सूर्य सिद्धान्त ग्रन्थ ही सुव्यवस्थित और शुद्धतर है, और शेष अन्य ग्रन्थ अस्त–व्यस्त हो चुके हैं।[24]

22– ध्रुवं प्रज्वलितो घोरमपसव्यं प्रवर्तते।
रोहिणीं पीडयत्येवमुभौ च शशिभास्करौ।
चित्रास्वात्यन्तरे चैवं विष्ठितः परूषग्रहः।।17।। वेद व्यास श्रीमद्महाभारतम–भीष्मपर्व–तृतीय अध्याय, श्लोक–17 पृष्ठ–2548

23– सूर्य सिद्धान्त– टीकाकार– पं0 माधव प्रसाद पुरोहित (भूमिका– पृष्ठ–7), चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, 38 यू0ए0 बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली–110007

24– तत्रैव पृष्ठ–7

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ज्योतिष के आरम्भकाल का निर्णयः–

किसी भी ज्ञान विज्ञान के आरम्भ काल का निर्धारण उस ज्ञान विज्ञान से सम्बनिधत ग्रन्थों अथवा प्राचीन प्रस्तरों पर उत्कीर्ण चिन्हों के आधार पर की जा सकती है। भारत में ज्योतिष के आरम्भ काल के निर्धारण के लिए ज्योतिष शास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ "सूर्य सिद्धान्त" अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है।

सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित काल गणना के आधार पर इस ग्रन्थ के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित ने इस सिद्धान्त का रचना काल लगभग 21 लाख वर्ष के आस–पास निर्धारित किया है।[25]

उपर्युक्त काल निर्धारण की प्रक्रिया का आधार सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित काल गणना का सिद्धान्त है, जो निम्नलिखित हैः–

"बारह हजार दिव्य वर्षों का एक चतुर्युग अर्थात एक महायुग होता हे। इसी महायुग में तैंतालिस लाख बीस हजार सौरवर्ष होते हैं। एक दिव्य वर्ष (देवताओं का वर्ष) में 360 सौर वर्ष (मनुष्यों का वर्ष) माना गया है। वह जो चतुर्युग का मान कहा गया है, वह संध्या और सध्यांश के सहित है। कृत, त्रेता और द्वापर तथा कलियुग इन चारों युगों की व्यवस्था धर्म पाद के अनुसार है, अर्थात कलियुग में धर्म के एक चरण, द्वापर में दो चरण, त्रेता में तीन चरण और कृत युग में चार चरण होते हैं। इस कारण कलियुग की कालावधि से दुगना द्वापर की कालावधि और तीन गुना त्रेता की कालावधि तथा चार गुना कृत युग (सत्ययुग) की कालावधि होती है।[26]

25– सूर्य सिद्धान्त– टीकाकार– पं0 माधव प्रसाद पुरोहित (भूमिका– पृष्ठ–8), चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, 38 यू0ए0 बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली–110007

26– तद्द्वादशसहस्त्राणि चतुर्युगमुदाहृतम्।।
सूर्याब्दसंख्यया द्वित्रिसागरैरयुताहतैः।।15।।
सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं विज्ञेयं तच्चतुर्युगम्।।
कृतादीनां व्यवस्थेयं धर्मापादव्यवस्था।।16।। तत्रैव अध्याय–1, श्लोक–15, 16, पृष्ठ–12

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गणना को आगे बढ़ाते हुए पुनः यह बतलाया गया है कि–

"इस प्रकार एक हजार महायुगों के तुल्य भूतों का संघार करने वाला एक कल्प होता है। यह एक कल्प ही ब्रम्हा का एक दिन है जो हमारी वर्तमान सृष्टि की कालावधि है।"[27]

सृष्टि की कालावधि की गणना का उपर्युक्त सिद्धान्त, जैसा सूर्य सिद्धान्त में बतलाया गया है ठीक वैसा ही सिद्धान्त महर्षि वेद व्यास (जिनकी गणना स्वयं भी ज्योतिष शास्त्र के प्रवर्तकों में होती है) ने अपने ग्रन्थ श्रीमद्भागवत महापुराणम में दिया है, जो इस प्रकार है:–

"सत्ययुग, त्रेता, द्वापर और कलि– ये चार युग अपनी संध्या और संध्याशों के सहित देवताओं के बारह सहस्त्र वर्ष तक रहते हैं, ऐसा बतलाया गया है।[28] इन सत्यादि चारो युगों में क्रमशः चार, तीन, दो और एक सहस्त्र दिव्य वर्ष होते हैं और प्रत्येक में जिसमें सहस्त्र वर्ष होते हैं, उससे दुगने सौ वर्ष उनकी संध्या और संध्याशों में होते हैं।"[29]

"यहां की एक सहस्त्र चतुर्युगी का एक दिन होता है और इतनी ही बड़ी रात्रि होती है, जिसमें जगतकर्ता ब्रम्हा जी शयन करते हैं।[30] रात्रि का अन्त होने पर इस

27– इत्थं युगसहस्त्रेण भूतसंहारकारकः।।
कल्पो ब्राम्हमहं प्रोक्तंशर्वरी तस्य तावती।।20।। सूर्य सिद्धान्त– टीकाकार– पं0 माधव प्रसाद पुरोहित अध्याय–1 श्लोक–20 पृष्ठ–16

28– कृतं त्रेता द्वापरं च कलिश्चेति चतुर्युगम्।
दिव्यैर्द्वादिशभिर्वर्षैः सावधानं निरूपितम्।।18।। वेद व्यास– श्रीमदभागवत महापुराणम् प्रथम खण्ड, तृतीय स्कन्ध, अध्याय–11, श्लोक–18, पृष्ठ 247, संस्करण सम्वत्–2043, गीता प्रेस गोरखपुर।

29– चत्वारि त्रीणि द्वे चैकं कृतादिषु यथाक्रमम्।
संख्यातानि सहस्त्राणि द्विगुणानि शतानि च ।।19।। तत्रैव– श्लोक–19

30– त्रिलोक्या युगसाहस्त्रं बहिराब्रम्हणो दिनम्।
तावत्येव निशा तात यन्निमीलति विश्वसृक्।।22।। तत्रैव– श्लोक–22, पृष्ठ–248

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लोक का कल्प आरम्भ होता है, उसका क्रम जब तक ब्रम्हा जी का दिन रहता है, तब तक चलता है।"[31]

पुनः महर्षि व्यास ने विष्णु पुराण में भी यही सिद्धान्त बतलाया है।

उपर्युक्त सिद्धान्तों के आधार पर सूर्य सिद्धान्त के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित ने निम्नलिखित गणितीय तालिका प्रस्तुत की है:—[32]

(दिव्यवर्षप्रमाण से युगादिमानबोधक चक्र)

युगनाम	कृतयुग	त्रेतायुग	द्वापरयुग	कलियुग	महायुग(चतुर्युग)
युगप्रमाण	4000	3000	2000	1000	10000
आद्यन्तसन्धिप्रमाण	800	600	400	200	2000
ससन्धियुगप्रमाण	4800	3600	2400	1200	12000

सौरवर्षप्रमाण से

युगप्रमाण	144000	108000	720000	360000	3600000
आद्यन्तसन्धिप्रमाण	288000	216000	144000	72000	720000
ससन्धियुगप्रमाण	1728000	1296000	864000	432000	4320000

कल्प प्रमाण

महायुगप्रमाण X 1000 = 4320000000 सौर वर्ष

4320000 X 1000 = 4320000000 मानव वर्ष

(चार अरब बत्तीस करोड़ मानव वर्ष)

31- निशावसान आरब्धो लोककल्पोऽनुवर्तते।
यावद्दिनं भगवतो मनून भुञ्जंश्चतुर्दश।।23।। वेद व्यास- श्रीमदभागवत महापुराणम् प्रथम खण्ड, तृतीय स्कन्ध, अध्याय-11, श्लोक-23 पृष्ठ-248

32- सूर्य सिद्धान्त- टीकाकार- पं0 माधव प्रसाद पुरोहित, पृष्ठ-36 प्रकाशक-चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान 38 यू0ए0 बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-110007

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उपर्युक्त काल गणना वैज्ञानिक कसौटी पर:-

भारत की इस काल गणना का निश्चित वैज्ञानिक आधार है। वैज्ञानिकों ने अब तक जितनी शोध करके सृष्टि रचना सम्बन्धी जितने तथ्य प्रकट किये हैं उनमें से अधिकांश भारतीय मान्यताओं से मेल खा रहे हैं।

भारत के प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक जयन्त नार्लीकर ने उपर्युक्त काल गणना को आश्चर्यजनक रूप से वैज्ञानिक गणना के आधार पर सत्य माना है। अपनी पुस्तक "द स्ट्रक्चर आफ द यूनिवर्स" (The Structure of the Universe) में उन्होंने लिखा है कि-

"हिन्दुओं के प्राचीन ग्रन्थ में जो काल गणना दी गयी है, उसकी तुलना हम आधुनिक खगोल विज्ञान से कर सकते हैं। ब्रम्हा को सृष्टि का रचयिता माना गया है। सृष्टि के सम्पूर्ण जीवन को ब्रम्हा के एक दिन से तुलना की जा सकती है। ब्रम्हा का एक दिन तब समाप्त होता है जब चारो युगों का एक हजार चक्र पूरा होता है। युगों का एक चक्र बारह हजार दिव्य वर्षों में पूरा होता है। इन सभी अंकों का गुणा करने पर यह ज्ञात होता है कि ब्रम्हा के एक दिन में 4320 मिलियन वर्ष होते हैं। इस संख्या की तुलना हम आधुनिक खगोल विज्ञान के द्वारा प्राप्त उन संख्याओं से कर सकते हैं, जिनके अनुसार बिग बैंक से लेकर आज तक की कालावधि को लगभग 10 हजार मिलियन वर्ष माना गया है।"[33]

33- Long before the advent of modern cosmology, the question of the origin and evolution of the Universe fascinated mankind. Different civilizations, religions, and cultures formulated their own interpretations. Of these the Hindu scripture VISHNU PURANA comes with suggestions of a time scale comparable with those of present-day astronomy. In this work (verses 12-15, Book I, chapter 3), the god Brahma is regarded as the creator of the Universe, and the overall life of the Universe may be compared with one day of Brahma. One day of Brahma elapses when the four yugas, Krita, Treta, Dwaper, and Kali, are repeated a thousand times. One cycle of four Yugas takes up 12000 divine years. One divine year is equal to 360 human years. Multiplying these factors we see that the day of Brahma is equal to 4320 million years. This may be compared with the estimated age of a big-bang universe up to the present epoch, which is around 10000 million years.

Jayant Narlikar, The Structure of the Universe page-105, Publisher- Oxford University Press-Walton Street, Oxford Edition 1978

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस प्रकार यहं स्पष्ट ज्ञात होता है कि भारतीय तत्ववेत्ताओं ने बड़ी खोज एवं सूक्ष्म दृष्टि से ऐसे मानो को स्थापित किया है जिनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। विज्ञान के विकास के कारण आज उन्हें पुनः प्रकाश में लाने का अनुकूल अवसर है।

यह पूर्व में कहा गया है कि सूर्य सिद्धान्त के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित ने ज्योतिष का आरम्भ इक्कीस लाख वर्ष से पूर्व का माना है। उनके इस कथन को प्रमाणित करने के लिए सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित निम्नलिखित श्लोक दृष्टव्य है–

अल्पावशिष्टे तु कृते मयनामा महासुरः।
रहस्यं परमं पुण्यं जिज्ञासुर्ज्ञानमुत्तमम्।।2।।
वेदाङमग्रयमखिलं ज्योतिषाँ गतिकारणम्।
आराध्यायन् विवस्वन्तं तपस्तेपे सुदुश्चरम्।।3।।[34]

अर्थात सत्ययुग के कुछ बाकी रहते मय नामक महादैत्य ने ग्रह नक्षत्रादिकों की गति ज्ञान के लिए अत्यन्त गोपनीय, पुण्य जनक और वेद के व्याकरण आदि छः अंगों में प्रधान, सम्पूर्ण शास्त्र रूप उत्तम ज्ञान की इच्छा से सूर्य नारायण की अराधना करते हुए अत्यन्त कठिन तपस्या की।

"उस कठिन तप से संतोष को प्राप्त होकर प्रसन्नता से श्री सूर्य भगवान ने वर के चाहने वाले उस मयासुर को ग्रहों का चरित्र बतलाया।"[35]

सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित उपरोक्त श्लोकों में यह कहा गया है कि यह सूर्य सिद्धान्त कृतयुग (सत्ययुग) के कुछ शेष रहते बनाया गया था। इस प्रकार इनके

34– सूर्य सिद्धान्त– टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित, अध्याय–1, श्लोक 2, 3, पृष्ठ–3 (प्रकाशक पूर्वोक्त)

35– तत्रैव, श्लोक–4, पृष्ठ–4

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

निर्माण काल की गणना "अल्पावशिष्टे तु कृते" इत्यादि श्लोकानुसार निम्नलिखित विधि से की जा सकती है:–

5000 वर्ष– कलियुग के– (शास्त्रों के अनुसार कलियुग का आगमन आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व हुआ था)

864000 वर्ष– द्वापर युग (पूर्वोक्त तालिका दर्शनीय)

1296000वर्ष– त्रेता युग (पूर्वोक्त तालिका दर्शनीय)

योग 2165000वर्ष–इस योग में "अल्पावशिष्टे तु कृते" इत्यादि श्लोकानुसार कुछ वर्ष सत्ययुग के भी सम्मिलित होंगे।

सामान्य रूप से इस काल निर्धारण को "इक्कीस लाख वर्ष से पूर्व का" कहना अधिक उपयुक्त होगा।

इस प्रकार यह कथन सत्य प्रतीत होता है कि ज्योतिष का आरम्भ 21 लाख वर्ष के आस–पास का है।

रामेश्वर तथा लंका के मध्य प्राप्त ऐतिहासिक सेतु के द्वारा भी ज्योतिष का काल निर्धारण सम्भव:–

अभी अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने वह काम कर दिखाया है जिसे विश्व के तमाम इतिहासकार तथा पुरातत्ववेत्ता नहीं कर सके। नासा शटल से प्राप्त उपग्रहीय चित्रों में रामेश्वरम तथा लंका के मध्य समुद्र में विद्यमान एक सेतु का स्पष्ट चित्र प्राप्त हुआ है। नासा के अनुसंधानों के अनुसार यह सेतु सत्रह लाख साठ हजार साल पुराना है तथा यह मानव निर्मित है।[36]

36– www.adamsbridge.com. (परिशिष्ट–3 दर्शनीय)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह सर्वविदित है कि त्रेता युग में राम ने रामेश्वरम तथा लंका के मध्य सेतु का निर्माण कराया था। महर्षि वाल्मीकि ने इस सेतु के निर्माण की प्रक्रिया का उल्लेख किया है जो इस प्रकार है:–

"महाकाय महाबली वानर हाथी के समान बड़ी–बड़ी शिलाओं और पर्वतों को उखाड़कर यन्त्रों (विचित्र साधनों) द्वारा समुद्र तट पर ले आते थे।"[37]

"उन वानरों ने सब ओर पत्थर गिराकर समुद्र में हलचल मचा दी। कुछ दूसरे वानर सौ योजन लंबा सूत पकड़े हुए थे।"[38]

"कोई नापने के लिये दण्ड पकड़ते थे तो कोई सामग्री जुटाते थे। श्री रामचन्द्र जी की आज्ञा शिरोधार्य करके सैकड़ों वानर सेतु बांधते थे।"[39]

"वह पुल बड़ा ही विशाल, सुन्दरता से बनाया हुआ, शोभासम्पन्न, समतल और सुसम्बद्ध था। वह महान् सेतु सागर में सीमन्तके समान शोभा पाता था।"[40]

सूर्य सिद्धान्त की काल गणना के अनुसार त्रेता युग की कालावधि नौ लाख

37– हस्तिमात्रान् महाकाया: पाषणांश्च महाबला:।
पर्वतांश्च समुत्पाटय यन्त्रै: परिवहन्ति च।।60।। महर्षि वाल्मीकि– वाल्मीकीय रामायण युद्ध काण्ड– द्वाविंश सर्ग– श्लोक–60, पृष्ठ–258, संस्करण–2060, प्रकाशक–गीता प्रेस, गोरखपुर।

38– समुद्रं क्षोभयामासुर्निपतन्त: समन्तत:।
सूत्राण्यन्ये प्रगृहणन्ति ह्यायतं शतयोजनम्।।62।। तत्रैव– श्लोक–62

39– दण्डानन्ये प्रगृहणन्ति विचिन्वन्ति तथापरे।
वानरै: शतशस्तत्र रामस्याज्ञापुन: सरै:।।64।। तत्रैव– श्लोक–64

40– विशाल: सुकृत: श्रीमान् सुभूमि: सुसमाहित:।।
अशोभत महान् सेतु: सीमन्त इव सागरे।।79।। तत्रैव– श्लोक–79, पृष्ठ–259

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

से 21 लाख वर्ष के मध्य आता है। अतएव राम का काल (जो त्रेता युग में पैदा हुए थे) 17 लाख 60 हजार वर्ष प्राचीन होना सत्य प्रतीत होता है।

इस प्रकार ज्योतिष के प्राचीनतम ग्रन्थ सूर्य सिद्धान्त के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित का यह कथन कि इस ज्योतिष का आरम्भ लगभग 21 लाख वर्ष से कुछ पूर्व हुआ था, विश्वसनीय तथ्यों पर आधारित प्रतीत होता है। अब जो नये–नये ऐतिहासिक तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं, उन पर गहन शोध की आवश्यकता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि ज्यों–ज्यों विज्ञान विकसित हो रहा है त्यों–त्यों भारत की प्राचीन मान्यतायें सत्य सिद्ध होती जा रही हैं।

मेरे शोध प्रबन्ध का उद्देश्य ज्योतिष की पूर्ण वैज्ञानिकता को सिद्ध करना नहीं है फिर भी उन तथ्यों की ओर संकेत करना आवश्यक है जिससे हम यह सोचने को विवश हो जाते हैं कि कहीं न कहीं इसमें बहुत बड़ा विज्ञान छिपा है, जिसे अभी हम खोज नहीं सके हैं। वास्तव में विज्ञान का अर्थ होता है कारण और कार्य (Cause and Effect) के बीच सम्बन्ध की तलाश करना। वह तथ्य अन्धविश्वास प्रतीत होने लगता है, जिसके पीछे हम वैज्ञानिक कारण बताने में असमर्थ हो जाते हैं।

अपने शोध प्रबन्ध को मैने मानसिक रोगों तक ही सीमित रखा है ज्योतिष ग्रन्थों में विभन्न प्रकार के मानसिक रोगों के लिए विभिन्न प्रकार की ग्रहीय स्थितियों को कारण के रूप में उल्लेख किया गया है। ज्योतिष ग्रन्थों में यह उल्लेख है कि चन्द्रमा का मस्तिष्क पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। यदि हम चन्द्रमा तथा मस्तिष्क में सम्बन्ध खोजने का प्रयास करें तो यह सम्बन्ध सूत्र शीघ्र ही दृष्टिगोचर होने लगता है। हम देखते हैं कि पूर्णिमा के दिन समुद्र में ज्वार भांटा सर्वाधिक आता है, अर्थात पृथ्वी का जल चन्द्रमा से सर्वाधिक प्रभावित होता है। यह भी एक ज्ञात तथ्य

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है कि हमारे शरीर में जल तत्व ही सर्वाधिक है। अतएव चन्द्रमा से हमारे शरीर का जल भी अवश्य प्रभावित होगा। फलतः जिस शरीर का रक्षा कवच दुर्बल होगा उस शरीर का जल तत्व अधिक प्रभावित होगा तथा मस्तिष्क में हलचल मचा कर विकृति उत्पन्न कर सकता है।

भारत मैं तो प्राचीन काल से ही चिकित्सा तथा ज्योतिष में घनिष्ठ सम्बन्ध माना गया है। आयुर्वेद के मूर्धन्य विद्वानों में चरक, सुश्रुत तथा बागभट्ट आदि का नाम प्रमुख है, ये सभी न केवल चिकित्सा शास्त्र के बल्कि ज्योतिर्विज्ञान के भी मर्मज्ञ थे। यह कहा जा सकता है कि ज्योतिष तथा आयुर्वेद सहोदर भाई है।

प्राचीन शल्य चिकित्सक सुश्रुत ने तो सर्जरी करने से पहले श्रेष्ठ तिथि, करण, मुहुर्त और नक्षत्र को भी ध्यान में रखनें को कहा है।[41]

सुश्रुत ने एक अन्य अध्याय में रोगों को उत्पन्न करने वाले अनेक कारणों का उल्लेख करते हुए ग्रह नक्षत्रों के दुष्प्रभाव को भी रोगों का एक कारण माना है।[42]

आयुर्वेद को आठ अंगों में विभक्त किया गया है। इनमें भूत विद्या नामक चतुर्थ अंग में ग्रह नक्षत्रों से उत्पन्न होने वाले रोगों का विवरण हैं।[43]

औषधियों के निर्माण करने में भी विशिष्ट तिथियों आदि का ध्यान रखने का निर्देश चरक संहिता में उपलब्ध होता है।

आयुर्वेद में यह मान्यता रही है कि कुशल चिकित्सक को आयुर्वेद के साथ–साथ ज्योतिष का भी ज्ञान होना चाहिए।

41– सुश्रुत संहिता– प्रथम खण्ड, अध्याय–5, सूत्र–7 व्याख्याकार– डा0 अम्बिका दत्ता शास्त्री, संस्करण सम्वत्–202, प्रकाशक–चौखम्भा संस्कृत संस्थान, चौक वाराणसी।

42– तत्रैव– अध्याय–6, सूत्र–21

43– तत्रैव– अध्याय–3, सूत्र–44

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मानव मस्तिष्क शरीर का सर्वाधिक संवेदनशील भाग है। यह सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्रभावों को भी ग्रहण करता है। अतएव आज के आधुनिक परिप्रेक्ष्य में तत्सम्बन्धी अति प्राचीन ज्योतिषीय सिद्धान्तों का पुनरावलोकन, परीक्षण तथा विज्ञान सम्मत व्याख्या आज के युग की महती आवश्यकता है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट–1

भाग्य जानने की ललक

- हर अख़बार, हर पत्रिका, हर एफ-एम और टीवी चैनल वार्षिक, मासिक, साप्ताहिक और दैनिक राशिफल छापते/ प्रसारित करते हैं
- हर समाचार चैनल में राशिफल और ग्रहों से संबंधित विशेष कार्यक्रम। इंडिया टीवी में ग्रहों-नृक्षत्रों के प्रभाव और उनके उपचार पर भी कार्यक्रम
- टेलीशॉपिंग के माध्यम से ग्रहों-नृक्षत्रों के प्रभाव से निपटने के लिए नगों व पत्थरों की बढ़िया मार्केटिंग
- केवल भारत में ज्योतिष से संबंधित करीब एक करोड़ 20 लाख रजिस्टर्ड वेवसाइटें। जबकि पूरी दुनिया में पाँच करोड़ 18 लाख वेवसाइट्स।
- हर साइट पर विशेष प्रश्न पूछने के लिए 300 से 15 सौ रुपए का शुल्क
- लखनऊ में भी हच और श्री एस्ट्रॉलोजी सेंटर ऐसे केन्द्र, जहाँ ज्योतिष विज्ञान की वाकायदा शिक्षा ले चुके विशेषज्ञों की सलाह मिलती है
- लखनऊ में ज्योतिष और कुंडली देखकर कर्मकांड बताना जैसे स्वैच्छिक कामों ने व्यवसाय का रूप लिया।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट-2

In 1976, 186 scientists, including 19 Nobel prizewinners, signed a manifesto entitled "Objections to Astrology." Claiming that there is "no scientific foundation for its tenets", they asserted that astrology was mere superstition, and its practitioners "charlatans." Twenty years later, the zoologist Richard Dawkins repeated the accusation. For Dawkins astrology is an "aesthetic affront" whose "pre-Copernican dabblings demean and cheapen astronomy." Dawkins shares the historian Franz Cumont's belief that astrology is "the most persistent hallucination that ever haunted the human brain". Peter Marshall's impressive history is a well-argued and absorbing account of astrology's grip on the imagination, and an eloquent defence of its importance in our lives.

Marshall is aware of the shortcomings of astrology, something he shares with most serious practitioners. "As widely practised today," he writes, "astrology is based on an astronomically false view of the universe and follows arbitrary rules established 2,000 years ago." Given the phenomenon of the "precession of the equinoxes" (which accounts for the apparent backward motion of the zodiac against the backdrop of the fixed stars), the constellations are not in the same position as they were when the zodiac was established some 2,500 years ago. This means that the first point of Aries is now really in Pisces: the sun signs in our daily horoscopes do not reflect the heavens above.

Another glitch is the problem of twins: they may have the same chart yet widely different lives. Likewise, did all the victims of Nazism share similar horoscopes? This thought leads to perhaps the central objection to astrology: its apparent denial of free will.

Marshall devotes a chapter to these concerns, yet believes that as a "valuable technique of understanding human character and experience", astrology "has hardly ever been in better health". Since 1930, when the Daily Express published an astrological profile of Princess Margaret, millions of newspaper readers have daily succumbed to the "persistent hallucination".

They are in distinguished company. Plato, St Thomas Aquinas, Dante, Goethe and WB Yeats were all devotees, along with politicians as disparate as Charles de Gaulle and Ronald Reagan. Marshall's fascinating narrative extends beyond Europe to include China, India, and the Arabic world. Ninety-five per cent of marriages in India are guided by astrological help. And when astrology and its sister science astronomy went into decline in the dark ages, both disciplines were kept alive by the sages of the Middle East.

Equally interesting is Marshall's account of the changing ideas about the use of astrology. Originally devoted to predicting the rise and fall of empires, with the Greeks "mundane" astrology gradually shifted into our more familiar natal astrology, focused on the fate of the individual. By the time of Galen, court physician to the Roman emperor Marcus Aurelius, astrology was considered an essential part of medical knowledge; awareness of the influence of the stars was necessary for an accurate diagnosis. That human life was a part of the whole and therefore affected by cosmic conditions was, until fairly recently, a given.

Although most devotees seek some idea of themselves from their daily horoscopes, Marshall echoes the attitude of Renaissance astrologers like Marsilio Ficino, who sought to escape baleful celestial emanations through knowledge of them. Rejecting stellar determinism, Marshall advises that the "stars incline but do not compel".

Yet his account is full of instances when the predictive power of astrology was evident, as in the case of William Lilly, who was brought before Parliament for his accurate predictions of both the plague and the great fire of London. One wonders if an equally accurate prediction foresaw the 20th century renaissance of astrology at the hands of the aptly named Alan Leo, whose popular books revitalised mass interest in the subject in the early 20th century and are believed to have inspired its most well known musical expression, Gustav Holst's The Planets suite.

Gary Lachman's most recent book is The Dedalus Book of the Occult: A Dark Muse (Dedalus).

Gary Lachman
The Guardian, Saturday 31 January 2004

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय-प्रथम

मानसिक रोग तथा जातक शास्त्र के सिद्धान्त

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय प्रथम

मानसिक रोग तथा जातक शास्त्र के सिद्धान्त

ज्योतिर्विज्ञान तथा चिकित्सा विज्ञान का प्राचीन काल से ही घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। आयुर्वेद में स्वास्थ्य रक्षण हेतु जड़ी–बूटियों का संञ्चय, औषधि निर्माण तथा शल्य क्रिया आदि में कालकृत विशेषताओं को अत्यन्त उपयोगी माना गया है।[1] आयुर्वेद शास्त्र तो यहां तक कहता है कि काल की विशेषताएं अपने स्वभाव से ही दोषों का संञ्चय, प्रकोप एवं प्रतिकार कर देती हैं।[2] इसीलिए आयुर्वेद के आचार्य रोगी की जन्म कुण्डली के विविध योगों का अध्ययन कर रोग की प्रकृति का ज्ञान करना तथा तदनुसार उपचार करना उपयोगी मानते थे।

यद्यपि ज्योतिष के अनुसार ग्रह नक्षत्रों की स्थितियाँ मानव जीवन को सर्वाङ्गीण प्रभावित करती हैं तथापि इस शोध प्रबन्ध को मानसिक रोगों के अध्ययन तक ही सीमित रखा गया है। आयुर्वेद किसी व्यक्ति को तब तक स्वस्थ नहीं मानता जब तक उसमें दोष, अग्नि धातु एवं मल की क्रिया की समानता (प्राकृतावस्था) के साथ–साथ उस व्यक्ति के मन और आत्मा में प्रसन्नता न हो।[3] इस प्रकार स्वास्थ्य की सम्पूर्णता के लिए मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक तथा उपयोगी है।

आयुर्वेद में रोगों के दो अधिष्ठान हैं[4] –1. शरीर और 2–मन। इन दोनों अधिष्ठानों में होने वाले शारीरिक और मानसिक रोग एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।[5] कभी–कभी जब शरीर रोगी होता है, तो मन भी रोगी हो जाता है तथा मन के रोगी होने पर शरीर को भी रोगाक्रान्त होते देखा जाता है। इसी अभिप्राय से चरक ने

1- कालकृतास्तु प्रवातनिवातात पच्छायाज्योत्स्नातमः शीतोष्णवर्षाऽहोरात्रपक्षमासर्त्वयनादयः संवत्सर विशेषाः। — सुश्रुत संहिता प्रथम भाग अध्याय 1 सूत्र 42 पृष्ठ-7

2- ते एते स्वभावत एव दोषाणां संचयप्रकोपप्रशमप्रतीकारहेतवः प्रयोजनवन्तश्च।। — तत्रैव अध्याय-1 सूत्र 43, पृष्ठ-8

3- समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः।
प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्याभिधीयते।। — तत्रैव अध्याय-15 सूत्र 48, पृष्ठ-64

4- तेषां कायमनोभेदादधिष्ठानमपि द्विधा। — अष्टांग हृदय-(वाग्भट्ट विरचित) सूत्र-स्थानम्-आयुष्कामीय अध्याय-1, सूत्र-1, पृष्ठ-17

5- ते च विकाराः परस्परमनुवर्तमानाः-
कदाचिदनुबध्नन्ति कामादयो ज्वरादयश्च। — चरक संहिता प्रथम भाग विमानस्थानम् अध्याय-6 सूत्र-9, पृष्ठ-704,

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहा है कि– 'शरीर मन के अनुरूप होता है और मन शरीर के अनुरूप'।[6] अतएव शोध–प्रक्रिया के आरम्भ में मानसिक स्वास्थ्य के सम्यक् ज्ञान के लिए मन का विश्लेषणात्मक अध्ययन वांच्छनीय है।

प्राचीन भारतीय ज्ञान की सभी मुख्य विधायें लगभग भारतीय दर्शन पर ही आधारित हैं। भारतीय दर्शन में जीवन तथा जगत के लगभग सभी पक्षों पर अत्यन्त गहनतापूर्वक विचार किया गया है। इसीलिए दर्शन शास्त्र, आयुर्वेद तथा ज्योतिष परस्पर सम्बन्धित तथा एक दूसरे से प्रभावित प्रतीत होते हैं। अतएव मन पर विचार प्रक्रिया का आरम्भ भी दार्शनिक सिद्धान्तों की पृष्ठभूमि से ही शुरू करना अधिक उपयुक्त है।

योग दर्शन में मन का निरूपण:–

योग दर्शन में मन की परिभाषा देते हुए योग वासिष्ठ में कहा गया है कि– संकल्प करने का नाम मन है, मन संकल्प से भिन्न कुछ नहीं है– जैसे जल, द्रवत्व (पतलेपन) से है और वायु स्पन्दन से भिन्न कोई दूसरा पदार्थ नहीं है।[7]

महर्षि पतंञ्जलि ने मनसतत्व को चित्त के रूप में स्वीकार करते हुए उसको पांच वृत्तियां में विभक्त किया है।[8] 1– प्रमाण, 2– विपर्यय, 3– विकल्प, 4– निद्रा, 5– स्मृति।[9]

इन वृत्तियों की विवेचना अग्रलिखित है–

प्रमाण– प्रमा (यथार्थ ज्ञान के सम्बन्ध में) को प्रमाण कहते हैं।

प्रमाण वृत्ति भी तीन भागों में विभक्त है– प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम।[10]

6– शरीरमपि सत्त्वमनुविधीयते सत्त्वं च शरीरम्। चरक संहिता शारीरस्थानम् अध्याय-4 सूत्र-36, पृष्ठ-890

7– सङ्कल्पनं मनो विद्धि सङ्कल्पात्तन्न भिद्यते।
यथा द्रवत्वात्सलिलं यथा स्पन्दोऽनिलात्।। योग वासिष्ठ और उसके सिद्धान्त; डा0 भीखन लाल आत्रेय, अध्याय-9, श्लोक-3/4/43, पृष्ठ-309

8– वृत्तय: पंचतय्य: क्लिष्टाक्लिष्टा:।। पातञ्जल योग सूत्र- समाधिपाद सूत्र-5

9– प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतय:।। तत्रैव सूत्र-6

10– प्रत्यक्षानुमानागमा: प्रमाणानि।। तत्रैव सूत्र-7

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रत्यक्ष– श्रोत, त्वक्, चक्षु, जिह्वा और घ्राण, इन इन्द्रियों द्वारा क्रमशः शब्द, स्पर्श, रूप रस और गन्ध का निश्चयात्मक बोध होना प्रत्यक्ष कहलाता है।

अनुमान– किसी चिह्न को देखकर जो बात प्रकट नहीं है, उसको भी जान लेना अनुमान है।

आगम– वेदशास्त्र और आप्त पुरूषों के वचन को आगम कहते हैं। जो पदार्थ मनुष्य के इन्द्रियों से प्रत्यक्ष नहीं है एवं जहां अनुमान की भी पहुंच नहीं है। उसके स्वरूप का ज्ञान वेदशास्त्र एवं महापुरूषों के वचनों से होता है।

बिपर्यय– किसी वस्तु में किसी अन्य वस्तु के होने की प्रतीति होना विपर्यय कहलाता है। जैसे मरूस्थल में सूर्य की स्पन्दनमान किरणों को देखकर पानी का भ्रम होना।[11]

विकल्प– केवल शब्द के आधार पर बिना अस्तित्व वाले पदार्थ की कल्पना करने वाली वृत्ति को विकल्प वृत्ति कहते हैं।[12]

निद्रा– जिस समय मनुष्य को किसी भी विषय का ज्ञान नहीं रहता केवल मात्र ज्ञान के अभाव की ही प्रतीति रहती है, यह अवस्था जिस वृत्ति के आश्रित रहता है वह निद्रावृत्ति है।[13]

स्मृति– किसी अनुमान किये हुए विषय का पुनः प्रकट होना स्मृति है।[14]

पुनः महर्षि पतञ्जलि ने चित्त के क्लेशों के पांच कारण बताये हैं:– 1– अविद्या, 2– अस्मिता, 3– राग, 4– द्वेष, 5– अभिनिवेष।[15]

अविद्या– यथार्थ का उचित ज्ञान न होना अविद्या है।

11– विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम्।। पातञ्जल योग सूत्र-8
12– शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः।। तत्रैव सूत्र-9
13– अभावप्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा।। तत्रैव सूत्र-10
14– अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः।। तत्रैव सूत्र-11
15– अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः।। तत्रैव साधन पाद सूत्र-3

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अस्मिता– अंहङ्कार के अनुचित आधिक्य को अस्मिता कहते हैं।

राग– किसी वस्तु में अत्यधिक आसक्ति को राग कहते हैं।

द्वेष– दूसरों की अपेक्षा अपने का दुःख की स्थिति में देखना द्वेष है। अपने को दयनीय स्थिति में देखने से दूसरों के प्रति ईर्ष्या की भावना उत्पन्न होती है।

अभिनिवेश– सदैव मृत्यु के भय का आभास होना अभिनिवेश कहलाता है।

महर्षि पंतजलि ने मन की विश्लेषणात्मक परिभाषा देते हुए नौ प्रकार के मानसिक विकारों का उल्लेख किया है, वे हैं– 1– व्याधि, 2– स्त्यान, 3– संशय, 4– प्रमाद, 5– आलस्य, 6– अविरति, 7– भ्रान्तिदर्शन, 8– अलब्ध भूमिकत्व, 9– अनवस्थित्व[16]

व्याधि– शरीर इन्द्रिय समुदाय और चित्त में किसी प्रकार का रोग उत्पन्न हो जाना व्याधि है।

स्त्यान– अकर्मण्यता अर्थात कार्य में प्रवृत्ति न होने का स्वभाव स्त्यान है।

संशय– अपनी शक्ति में सन्देह हो जाना संशय है।

प्रमाद– करने योग्य, कर्मों की अवहेलना करना प्रमाद है।

आलस्य– चित्त और शरीर में भारीपन हो जाना आलस्य है।

अविरति– किसी कार्य में मन का न लगना अविरति है।

भ्रान्तिदर्शन– किसी वस्तु अथवा तथ्य को विपरीत समझना भ्रान्तिदर्शन है।

अलब्ध भूमिकत्व– प्रयत्न करने के बाद भी असफल होने के कारण उत्साहहीन होना अलब्ध भूमिकत्व है।

16– व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्तिदर्शनालब्ध भूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः।। पातञ्जल योग सूत्र-30

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनवस्थितत्व– किसी भी कार्य पर मन का एकाग्र न होना अनवस्थितत्व है।

भारतीय दार्शनिक दृष्टिकोण से मन की विश्लेषणात्मक व्याख्या के उपरान्त् पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों द्वारा की गयी मन के विश्लेषण की समीक्षा प्रस्तुत किया जा रहा है क्योंकि समस्त संसार में पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों द्वारा विकसित मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्तों को ही सर्वाधिक मान्यता प्राप्त है। ज्योतिष के वैज्ञानिक आधारशिलाओं के अन्वेषण हेतु भी यह वांच्छनीय है।

पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों द्वारा मन का विश्लेषणः–

पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मानव मन के तीन स्तर हैं:–

1– सचेतनावस्था (Conscious State)
2– अवचेतनावस्था (Sub Conscious State)
3–अचेनावस्था (Unconscious State)

सचेतनावस्था– मन की सचेतनावस्था वह है जो हमें प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देती है। हम जागते हैं, उठते हैं, बैठते हैं, बोलते हैं, खाते–पीते हैं। यही हमारी सचेतनावस्था अथवा जागृत अवस्था है।

अवचेतनावस्था (Sub Conscious State)– अवचेतन की अवस्था में चेतना शान्त हो जाती है, परन्तु पूर्णतः शान्त नहीं होती। आंखे खुली हुई नहीं रहती, फिर भी बिना खुले ही देख रही होती हैं। कान सुन नहीं रहे होते, फिर भी बिना शब्द के ही सुन रहे होते हैं, मनुष्य दौड़ता नहीं, फिर भी बिना दौड़े दौड़ता है। यह स्वप्न की भांति है।

पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक स्टाउट[17] ने इसे अवचेतन (Sub Conscious) नाम दिया था।

17– शर्मा, डा0 रामनाथ : सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा– पृष्ठ–106

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अचेनावस्था (Unconscious State)– जब हम स्वप्न में भी नहीं जाते तब अचेतन में पड़े रहते हैं, चेतना शान्त हो जाती है।

चेतना के ये स्तर एक दूसरे से नितान्त पृथक नहीं है। स्टाउड ने लिखा है कि "हमारे चेतन जीवन के आंशिक संघटक एक दूसरे से किसी ऐसी वस्तु से पृथक नहीं किये जाते जो चेतना के स्वभाव से अलग हो।[18]

पाश्चात्य मनोविज्ञान तथा मनोरोगः–

आधुनिक मनोवैज्ञानिकों में सिगमन्ड फ्रायड, ऐल्फ्रेड एल्डर तथा सी0जी0 जुंग आदि ने मनोरोगों के कारणों पर गहन शोध किया था तथा मनोविश्लेषण पद्धति (Psycho-Analysis) द्वारा उनके समाधान के सिद्धान्त को भी प्रतिपादित किया था।

फ्रायड के अनुसार समस्त मानसिक जीवन अचेतन की शक्ति से परिचालित होता हैं। अचेतन अतृप्त प्रेरकों (Unfulfilled Motives) का भण्डार है। उसमें बाल्यकाल की समस्त दमित अतृप्त यौन इच्छायें (Repressed unfulfilled infantile desires) रहती हैं। फ्रायड के अनुसार मनुष्य की दमित इच्छायें अचेतन में चली जाती हैं और वहां से अभिव्यक्ति के सुअवसर ढूढ़ा करती हैं। इनमें लगभग सभी इच्छायें कामुक (Sexual) होती हैं। कामेच्छायें ही मनुष्य के अनेक कार्यों का कारण हैं। इस काम शक्ति को फ्रायड ने लिविडो (Libido) का नाम दिया है। लिविडो (Libido) एक प्रेरक शक्ति है।[19]

इस प्रकार फ्रायड के अनुसार मानव के अचेतन मन, मानव के मूल प्रवृत्तियों, अतृप्त इच्छाओं और दमित अनुभूतियों का भण्डार है।

फ्रायड के अनुसार "जिस प्रकार समुद्र में तैरते हुए बर्फ के पहाड़ का केवल 10वां भाग पानी से ऊपर रहता है और दस में से नौ भाग पानी के अन्दर छिपा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य के मन का चेतन स्तर उसके मन का बहुत छोटा सा अंश है।"[20]

18– शर्मा डा0 रामनाथ : सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा, पृष्ठ–106
19– तत्रैव, अध्याय-व्यक्तित्व और उसका माप; पृष्ठ-438
20– तत्रैव, अध्याय-चेतना के स्तर और स्वप्न, पृष्ठ-109

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्त द्वारा मानसिक रोगों का निराकरणः—

मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्त के अनुसार व्यक्ति जो भी कार्य सचेतनावस्था में करता है उनमें अनेक अनुचित कार्य होते हैं, जो कुण्ठा (Complex) के रूप में अचेतन मन में सञ्चित होते रहते हैं। इन कुण्ठा (Complex) से अनेक प्रकार के मानसिक रोग उत्पन्न होते हैं। मनोविश्लेषक इन कुण्ठाओं को अचेतन मन से बाहर निकालकर मन को स्वस्थ करते हैं।

महर्षि पतञ्जलि का चित्त तथा फ्रायड के अचेतन मन में समानताः—

महर्षि पतञ्जलि का चित्त तथा फ्रायड का अचेतन मन कई अर्थों में एक समान है। जिस प्रकार पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों के अनुसार अचेतन मन में मानसिक कुण्ठा पड़ी रहती है, उसी प्रकार पतञ्जलि के अनुसार चित्त में वासना तथा संस्कार पड़े रहते हैं।

डा0 आई0पी0 सचदेव ने अपने शोधपूर्ण ग्रन्थ "योग एण्ड डेप्थ साइकोलॉजी (Yoga and Depth Psychology) में यह प्रश्न उठाया है कि क्या चित्त तथा अचेतन मन स्वरूपतः एक समान हैं? उन्होंने स्वयं उत्तर देते हुए कहा है कि इस प्रश्न का उत्तर हाँ भी है और नहीं भी। हाँ, इस अर्थ में कि पञ्जजलि के समान ही फ्रायड ने यह माना था कि चित्त में पिछले कर्मों से उत्पन्न वासना तथा संस्कार इकट्ठे होते रहते हैं। नहीं, इस अर्थ में कि पतञ्जलि के पिछले कर्मों का तात्पर्य फ्रायड से भिन्न है। फ्रायड के अनुसार वर्तमान जन्म के कर्म ही कुण्ठा (Complex) के रूप में संग्रहित होते हैं जबकि पतञ्जलि के अनुसार पिछले अनेक जन्मों के कर्म वासना तथा संस्कार के रूप में संग्रहित होते हैं।[21]

21- Can Chitta be identified with the unconscious of western psychology? The answer to this question is both 'yes' and 'no'. The answer is in affirmative in so far as Yoga Psychology agrees with the freudean view that unconscious is the depository of individual past experiences. But the answer is in negative in so far as Yoga theory readically differs as to the interpretation to past experience.....thus it might be said that the unconcious is in the Chitta and Chitta is more than the unconscious of western psychology and has a much larger containt.
- I.P. Sachdeva,

Yoga and Depth Psychology,
Page-17

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यहां यह उल्लेखनीय है कि आयुर्वेद तथा भारतीय ज्योतिष दोनों ही पूर्व जन्म से प्राप्त कुसंस्कारों को रोगों का कारण मानते हैं।

प्राचीन भारतीय दार्शनिकों तथा अनेक आधुनिक मनोवैज्ञानिकों ने भी मन तथा मनोरोगों के विश्लेषण के लिये मुख्यतः अन्तर्दर्शन विधि को ही अपनाया है। इस विधि में अपने स्वयं के अन्दर की क्रियाओं का निरीक्षण किया जाता है। ऐसे निरीक्षणों में यंत्रों की आवश्यकता नहीं पड़ती। वह जब चाहे, अपने मानसिक अवस्थाओं और क्रियाओं का अध्ययन कर सकता है। परन्तु अन्तर्दर्शन की अपनी सीमायें भी हैं। इसके आधार पर किसी क्रिया के सम्बन्ध में सामान्य तथा विज्ञान सम्मत नियम नहीं बनाये जा सकते।

अतएव आधुनिक मनोचिकित्सक इन विषयों में निरीक्षण तथा प्रयोग की विधियों को अधिक लाभदायक मानते हैं। इस हेतु उन्होंने मानसिक तथा शारीरिक क्रियाओं का संचालन करने की प्रक्रिया को समझने के लिए भौतिक मस्तिष्क तथा अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियों के अध्ययन को अधिक महत्व दिया है।

शारीरिक और मानसिक क्रियाओं के घनिष्ठ सम्बन्ध के कारण आधुनिक मनोविज्ञान में शारीरिक क्रियाओं का मनोवैज्ञानिक अध्ययन करने के लिये एक अलग शाखा ही बन गयी है जो शारीरिक मनोविज्ञान (Physiological Psychology) कहलाती है। इसमें ज्ञानेन्द्रियों, स्नायु मण्डल, मस्तिष्क आदि के अतिरिक्त अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियों (Endocrine Glands) का भी अध्ययन किया जाता है। आधुनिक शोधों से यह ज्ञात हुआ है कि अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियों का भी मानसिक व्यवहार से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

आधुनिक शारीरिक मनोचिकित्साः

आज ज्योतिष के दृष्टिकोण से भी आधुनिक शारीरिक मनोचिकित्सा, केन्द्रीय स्नायु संस्थान तथा मस्तिष्क के विभिन्न भागों तथा उनकी क्रिया–प्रक्रियाओं का ज्ञान वांच्छनीय है, क्योंकि महर्षि इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी, फेयरफील्ड, इवोवा, यू0एस0ए0 से सम्बन्धित "वैदिक ज्योतिष" के अनुसंधानकर्ताओं ने नौ ग्रहों, बारह राशियों तथा सत्ताइस नक्षत्रों से आने वाली रश्मियों का मानव मस्तिष्क तथा

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

केन्द्रीय स्नायु संस्थान के विभिन्न भागों के मध्य अन्तर्सम्बन्ध के रहस्यों को उजागर किया है[22] (इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण तथा अनुसंधानकर्ताओं द्वारा प्रकाशित चित्रावलियां अध्याय–दशम् में दर्शनीय हैं।)

महर्षि इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं ने ज्योतिष को विज्ञान तथा तकनीक (Science & Technology) की संज्ञा दी है।[23]

आधुनिक शारीरिक मनोचिकित्सा के अनुसार विभिन्न प्रकार की चेतनाओं का उद्गम मस्तिष्क, ज्ञान तन्तुओं, ज्ञानेन्द्रियों और मांसपेशियों आदि के परस्पर सम्बन्ध तथा क्रियाओ–प्रतिक्रियाओं के फलस्वरूप होता है। इन चिकित्सकों के अनुसार मन और शरीर का घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। बहुधा शारीरिक रोगों के साथ–साथ मानसिक व्याधियां भी लगी होती हैं। अतः व्याधियों को दूर करने के लिए आधुनिक चिकित्सक मनोवैज्ञानिकों की भी सहायता लेते हैं।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के अनुसार सभी शारीरिक तथा मानसिक क्रियायें मनुष्य के केन्द्रीय स्नायु संस्थान द्वारा संचालित होती हैं।

केन्द्रीय स्नायु संस्थान के दो भाग होते हैं– 1– सुषुम्ना, और 2– मस्तिष्क।

1– सुषुम्ना– यह मनुष्य की रीढ़ की हड्डी के अन्दर स्थित होता है, इसका ऊपरी भाग सफेद रंग के पदार्थ (White matter) से तथा अन्दर का भाग भूरे रंग के पदार्थ (Grey matter) से बना होता है।

सुषुम्ना में दो प्रकार की नाड़ियां होती हैं– 1– सांवेदनिक (Sensory) और 2– क्रियावाहक (Motor)

सांवेदनिक नाड़ी संवेदना को संग्राहक (ज्ञानेन्द्रियों) से स्नायु केन्द्र तक

22– परिशिष्ट नं0–4 दर्शनीय है।

23– Jyotish is the science and technology that is able to calculate and predict the type of influence, created by our past actions which will return to us at a particular time and place.
(www.maharishiinternationaluniversity+vedicastrology) इण्टरनेट द्वारा प्राप्त उद्धरण।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पहुचाती हैं और क्रियावाहक नाड़ियां स्नायु केन्द्र से मांसपेशियों तक पहुंचाती हैं।

सुषुम्ना प्रतिवर्ती क्रियाओं (Reflex Action) का संचालन करती हैं। सांवेदनिक नाड़ी संवेदना को मस्तिष्क तक पहुंचाती हैं। मस्तिष्क से आदेश प्राप्त कर कार्यवाहक नाड़ियां (Motor Nerves) स्नायुयों तक ले जाती हैं और इस प्रकार क्रिया प्रक्रिया होती है।

यह क्रियायें इतनी शीघ्र होती हैं कि इनमें नहीं के बराबर समय लगता है। संवेदनाओं का आना और संदेशों का जाना सुषुम्ना के भूरे रंग के पदार्थ में होता है।[24]

2— मस्तिष्क (Brain)— मस्तिष्क के तीन भाग होते हैं:—

1—वृहद् मस्तिष्क (Cerebrum), 2—लघु मस्तिष्क (Cerebellum) और 3— मध्य मस्तिष्क (Medulla oblongata)

वृहद् मस्तिष्क चार खण्डों में बंटा हुआ है। यह खण्ड निम्नलिखित हैं:—

1— अग्रखण्ड (Frontal lobe):— यह लेटरल सल्कस के दरार से सेन्ट्रल सल्कस की दरार तक फैला हुआ है।

2— पार्श्वकपाल (Parietal Lobe):— यह खण्ड सेन्ट्रल सल्कस की दरार से सर के पृष्ठ भाग (Hind part) तक फैला हुआ रहता है।

3— पश्च कपाल खण्ड (Occipital lobe):— यह सर के बिल्कुल पीछे के भाग में है।

4— शंख खण्ड (Temporal lobe):— यह मस्तिष्क के नीचे का तना है।

मस्तिष्क के चारो खण्ड एक दूसरे से सम्बन्धित हैं। इनको संवेदनावाहक सूत्र (SensoryProjection Fibres) एक दूसरे से मिलाते हैं।[25] (वृहद् मस्तिष्क के

24- शर्मा, डा0 रामनाथ - सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा- अध्याय- अनुक्रिया यन्त्र, पृष्ठ-109
25- तत्रैव पृष्ठ-87

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विभिन्न खण्डों और दरारों तथा संवेदना अधिष्ठानों (sense area) को परिशिष्ट नं0–5 में दिखलाया गया है।)

वृहद् मस्तिष्क के ये विभिन्न खण्ड भिन्न–भिन्न प्रकार की संवेदनाओं से सम्बन्धित हैं, जो निम्नलिखित हैं:–

1– चिन्तन– अग्रखण्ड के विशेष कार्य, चिन्तन से सम्बन्धित है। जटिल विचार के कामों में यह अग्रखण्ड ही अधिक कार्य करता है।

2– चेष्टा अधिष्ठान– मध्य भाग में सेन्ट्रल सल्कस के एक ओर चेष्टा अधिष्ठान (Motor Area) या क्रिया करने का क्षेत्र है। यह माध्यमिक दरार (Central sulcus) से कुछ आगे के खण्ड में स्थित है।

3– इसे चेष्टा अधिष्ठान कहने का कारण निम्नलिखित है–

इस भाग को क्षीण विद्युत धाराओं से उत्तेजित करने पर शरीर के विभिन्न भागों में गति उत्पन्न होती है, इसके एकदम ऊपर वाले भाग में उत्तेजना पहुंचाने पर पैरों में गति होती है। इस भाग से कुछ नीचे हटकर उत्तेजना पहुंचाने से धड़ में गति होती है। इसमें नीचे के भाग में उत्तेजना पहुंचाने से भुजाओं में गति उत्पन्न होती है। इससे भी नीचे के भाग में उत्तेजना पहुंचने पर सिर, चेहरा और मुख में गति उत्पन्न होती है।[26]

त्वक् पेशी सम्वेदना अधिष्ठान– पार्श्व कपाल खण्ड में माध्यमिक दरार के ठीक पीछे त्वक् पेशी संवेदनाधिष्ठान (Somaesthetic Area) अर्थात् वह क्षेत्र है जहां त्वचा और पेशियों में संवेदनायें प्राप्त होती हैं। इसकी स्थिति का पता इस प्रकार चलता है कि इस पट्टी में चोट पहुंचाने से त्वचा अथवा मांसपेशियों की संवेदना नष्ट हो जाती है।

श्रवण अधिष्ठान– शंख खण्ड के ऊपरी सिरे में श्रवण अधिष्ठान (Auditory Area) अर्थात् वह क्षेत्र है जहां सुनने की संवेदनायें प्राप्त होती हैं। श्रवणाधिष्ठान का

26– शर्मा डा0 रामनाथ : सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा, पृष्ठ–88

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पता इस बात से चलता है कि इस छोटे से क्षेत्र में आघात पहुंचने पर व्यक्ति बहरा हो जाता है।

दृष्टि अधिष्ठान– मस्तिष्क के पृष्ठ भाग में पार्श्व कपाल खण्ड में दृष्टि अधिष्ठान (Visual Area) अर्थात वह क्षेत्र है, जहां देखने की संवेदनायें प्राप्त होती हैं। लेटरल सल्कस के निकट स्वाद और घृणा के क्षेत्र हैं।

साहचर्य क्षेत्र (Associative Area) साहचर्य क्षेत्र लाखों साहचर्य सूत्रों से बनते हैं इस साहचर्य सूत्रों पर चोट आ जाने से मस्तिष्क के संवेदना के क्षेत्र को किसी न किसी प्रकार की हानि पहुंचती है। उदाहरणार्थ प्रान्तस्थ (Memory Area) में साहचर्य सूत्रों के नष्ट होने से सभी सीखा हुआ ज्ञान विस्मृत हो जाता है।[27]

कार्यकारी प्रान्तस्था (Cortex Area) के समीप के क्षेत्र के नष्ट हो जाने से लिखी हुई भाषा का समझना असम्भव हो जाताा है।

इसके अग्र भागों के क्षेत्र को अधिक चोट पहुंचने से हाल में सीखी हुई या देखी हुई बात याद नहीं रहती यद्यपि बचपन की बाते याद आ जाती है।

मानसिक स्थितियों को प्रभावित करने वाले कारकों में मस्तिष्क के अतिरिक्त शरीर की अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियों की भूमिका भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह नलिकाविहीन ग्रन्थियां हैं जो बिना नलिका के ही सीधे रक्त में अपना स्त्राव भेजती है। इनके स्त्राव हार्मोन्स (Hormones) कहलाते हैं। यह ग्रन्थियां निम्नलिखित हैं–[28]

1– पैंक्रियाज (Pancreas)– इसकी मात्रा में परिवर्तन से रक्त में शर्करा तत्व की मात्रा में परिवर्तन होता है। रक्त में शर्करा तत्व की कमी होने से मानसिक शक्तियां क्षीण होती हैं। भावावस्था (mood) में परिवर्तन हो जाता है। व्यक्ति का स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है और भय की भावना बढ़ जाती है।[29]

27– शर्मा डा0 रामनाथ : सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा, पृष्ठ-90
28– तत्रैव, अध्याय-व्यक्तित्व और उसका माप, पृष्ठ-420
29– तत्रैव पृष्ठ-420

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– थायरायड ग्रन्थि– इस ग्रन्थि के स्राव के कम होने से मस्तिष्क की पेशियों की क्रिया मन्द पड़ जाती है। स्मृति मन्द हो जाती है। जन्म से ही इस ग्रन्थि के न होने पर बालक की बुद्धि का विकास नहीं हो पाता, बौने, कुरूप तथा मूढ़ बुद्धि बालक इसी ग्रन्थि के अभाव के परिणाम हैं।

इस ग्रन्थि के अधिक क्रियाशील होने पर व्यक्ति तनाव और चिड़चिड़ापन का शिकार हो जाता है।[30]

3– एड्रेनल गन्थि– इस ग्रन्थि की अधिकता से पुरूष या स्त्री में पुरूषोचित गुणों की अधिकता होती है।

इसके नितान्त अभाव में यौन क्रिया में अरूचि हो जाती है। ऐसे व्यक्तियों में चिड़चिड़ापन और असहयोग दिखाई पड़ता है।

4– जनन ग्रन्थियां (Gonades)– इसके स्राव से पुरूषों में पुरूषोचित यौन लक्षण तथा स्त्रियों में स्त्री सुलभ लक्षण उत्पन्न होते हैं। इस स्राव की अधिकता से कामुकता में वृद्धि होती है तथा इसकी कमी से यौन सम्बन्धी आकर्षण कम हो जाता है।[31]

5– पिट्यूटरी ग्रन्थि– इसकी कमी से शारीरिक विकास पर भारी प्रभाव पड़ता है। विकास काल में इसकी कमी होने से व्यक्ति बौना हो जाता है। विकास काल में इसकी वृद्धि होने पर व्यक्ति की अस्थियां तथा पेशियां बड़ी तेजी से बढ़ती हैं।

सभी ग्रन्थियों के स्राव एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।

शारीरिक रसायन (Bio-Chemistry)– मस्तिष्क रचना तथा अन्तस्रावी ग्रन्थियों के अतिरिक्त मानसिक स्थिति के जैवकीय कारणों में शारीरिक रसायन का उल्लेख भी आवश्यक है।

(शारीरिक रसायन तथा ज्योतिष के अन्तर्सम्बन्धों पर विचार करते हुए ओशो रजनीश ने वैज्ञानिक जियाँजारजी गिीआरडी द्वारा लिखित पुस्तक "कास्मिक कैमिस्ट्री" (Cosmic Chemistry) का उल्लेख किया है, जिसमें उक्त वैज्ञानिक ने यह सिद्ध किया है कि सम्पूर्ण ब्रम्हाण्ड एक जीवन्त इकाई (Organic Unit) है तथा ब्रम्हाण्ड की कोई भी घटना हमारे शारीरिक रसायन को प्रभावित करती है।[31B] मैरीलैन्ड विश्वविद्यालय (University of Maryland, USA) के आधुनिक वैज्ञानिक जे0 रालोफ (J. Raloff) ने भी शारीरिक रसायन तथा ब्रम्हाण्ड के मध्य विद्यमान अन्तर्सम्बन्धों पर गहन शोध करने के उपरान्त उक्त सिद्धान्त का ही प्रतिपादन किया है।[31C] यह नवीनतम शोध ज्योतिष के वैज्ञानिक आधारशिलाओं के अन्वेषण हेतु अति महत्वपूर्ण है।)

30– शर्मा डा0 रामनाथ : सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा, पृष्ठ–420

31– तत्रैव पृष्ठ–421

31B– आशो रजनीश– मै कहता आंखन देखी– ज्योतिष : अद्वैत का विज्ञान पृष्ठ–197

31C– www.scienceofrontiers.com (विस्तार के लिए परिशिष्ट–5 दर्शनीय)

CC-0. Maharshi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शरीर के रसायनिक तत्वों से व्यक्ति का स्वभाव निर्धारित होता है। चिड़चिड़े व्यक्ति में पित्त (Bile) की अधिकता होती है। शान्त व्यक्ति में कफ की अधिकता और उदास रहने वाले व्यक्ति में तिल्ली तथा स्नावयिक द्रव्य (Nervous pluid) की अधिकता मानी जाती है।[32]

इस प्रकार आधुनिक चिकित्सक मस्तिष्क तथा केन्द्रीय स्नायु संस्थान तथा विभिन्न ग्रन्थियों के स्राव की प्रतिकूलता एवं शारीरिक रसायन में असाम्य की स्थिति से विभिन्न रोगों की उत्पत्ति मानकर उनकी चिकित्सा करते हैं।

आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में मानसिक रोग–

आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में मानसिक रोगों को दो वर्गों में विभक्त किया गया है– 1– आर्गेनिक मानसिक विकृति, 2– नानआर्गेनिक मानसिक विकृति।

आर्गेनिक मानसिक विकृति को पुनः आठ भागों में विभक्त किया गया है:–

1– डेलिरियम (Delirium)
2– डेमेन्शिया (Dementia)
3– अम्नेस्टिक डिस्आर्डर (Amnestic Disorder)
4– आर्गेनिक हैलुशिनेशन्स (Organic Hallucination)
5– आर्गेनिक डिल्यूशनल डिसआर्डर (Organic delusional disorder)
6– आर्गेनिक एंजाइटी डिसआर्डर (Organic Anxiety disorder)
7– आर्गेनिक मूड डिसआर्डर (Organic mood disorder)
8– आर्गेनिक परसनालिटी डिसआर्डर (Organic Personality Disorder)

<u>नानआर्गेनिक मानसिक विकृतिः–</u>

नान आर्गेनिक मानसिक विकृति का निम्न विभाग किया गया है:–

1– साइकोटिक डिसआर्डर (Psychotic Disorder)

32– शर्मा डा0 रामनाथ : सामान्य मनोविज्ञान की रूपरेखा, पृष्ठ–422

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– सीजोफ्रेनिया (Schizophrenia)

3– मूड डिसआर्डर (Mood Disorder)

4– अदर साइकिक डिसआर्डर (Other Psychic Disorder)

उपरोक्त विभागों के अतिरिक्त अनेक उपविभाग भी बनाये गये हैं तथा इनके अलग–अलग नाम दिये गये हैं।

आयुर्वेद ग्रन्थों के अनुसार मानस रोगों का वर्गीकरण

आयुर्वेद ग्रन्थों के अनुसार मानस रोगों को निम्नलिखित वर्गों में विभक्त किया गया है[33]:–

क– उन्माद

ख– अपस्मार

ग– अतत्वभिनिवेश

घ– मनोविक्षिप्ति (Psychosis) मूर्च्छा

ङ– विषाद–अवसाद (Depression)

च– अव्यवस्थितचित्तता–अन्तराबन्ध (Schizophrenia)

छ– भ्रम (Illusion)

ज– विभ्रम (Halucination) या अवस्तुबोधन

झ– संविभ्रम स्थिर व्यामोह (Paranoia)

ञ– व्यामोह–मिथ्या विश्वास – संघर्ष (Delusion)

ट– मनःसंघर्ष – मनोनाड़ीदौर्बलय– मनःश्रान्ति (Neuresthenia)

ठ– मनोग्रन्थि तथा वृद्धावस्थानन्य मनोविकार (Obsession Compulsive Neurosis)

मनोरोगों का ज्योतिषीय निदानः–

ज्योतिष के अनुसार सभी ग्रहों नक्षत्रों तथा राशियों एवं भावों की अलग–अलग अपनी प्रकृति होती है। उनकी प्रकृति के अनुसार उनका प्रभाव भी जातकों पर

33– चरक संहिता - निदानस्थानम, अध्याय-7 तथा सुश्रुत संहिता उत्तरतंत्र, अध्याय 60-62

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तदनुसार पड़ता है। भारत के अतिरिक्त अन्य प्राचीन संस्कृतियों में भी तत्सम्बन्धी सिद्धान्तों की खोज हुई तथा अनेक ग्रन्थ भी लिखे गये।

प्राचीन संस्कृतियों में मिश्र देश का नाम उल्लेखनीय है जहां 200 ई0पू0 में क्रांडियस टालेमी ने टेट्रा विबलास (Tetrabiblos) नामक ज्योतिष ग्रन्थ की रचना की जिसमें अन्य ज्योतिषीय सिद्धान्तों के साथ–साथ विभिन्न रोगों से भी सम्बन्धित ज्योतिषीय सिद्धान्तों का विषद उल्लेख है। इस प्राचीन ग्रन्थ का श्री एफ0ई0 राबिन्स (F.E. Robins) द्वारा किया गया अंग्रेजी अनुवाद हार्वड युनिवर्सिटी प्रेस (U.S.A.) से प्रकाशित हुआ है।[34]

इस प्राचीन ग्रन्थ ने यूरोप तथा अन्य देशों में ज्योतिष को अत्यधिक लोकप्रिय बना दिया तथा अनेक परवर्ती चिकित्सकों ने अपने चिकित्सा कार्य में ज्योतिष का उपयोग किया है।

आज तो अनेक देशों में ज्योतिष को चिकित्सा की एक विधा के रूप में अपनाया जा रहा है। चिकित्सा ज्योतिष (Medical Astrology) पर अनेक ग्रन्थ अमेरिका तथा यूरोप के देशों में प्रकाशित हो रहे हैं।[35] जो इसकी उत्तरोत्तर बढ़ती हुई लोकप्रियता का द्योतक है।

प्राचीन भारत में ज्योतिष शास्त्र के आचार्यों ने ग्रहों, राशियों तथा नक्षत्रों की गतियों तथा मनुष्य के स्वास्थ्य एवं उनमें होने वाले विकारों पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर उनमें अन्तर्निहित सम्बन्धों की खोज की तथा तत्सम्बन्धी ज्योतिषीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया।

भारतीय ज्योतिष को तीन स्कन्धों में विभक्त किया गया है:– 1– होरा, 2– सिद्धान्त, 3– संहिता।

34– www.book.tetrabiblos.ferobins.com
35– www.book.medicalastrology.com

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

होरा स्कन्ध– होरा शब्द ऊपर से देखने पर विदेशी शब्द आवर (Hour) अर्थात समय का रूपान्तरण प्रतीत होता है। यदि इस शब्द की व्युत्पत्ति भारतीय शब्दों में ढूढ़ा जाये तो कहा जा सकता है कि "अहोरात्र" शब्द के आदि वर्ण 'अ' तथा अन्तिम वरण 'त्र' का लोप कर देने से होरा शब्द बनता है।[36] इसी का दूसरा नाम जातक शास्त्र भी है।[37]

सिद्धान्त स्कन्ध– सिद्धान्त स्कन्ध को गणित स्कन्ध भी कहा जाता है। इसमें त्रुटि से लेकर कल्पान्त तक की गणना की गयी है। इनमें ग्रह नक्षत्रों की गतियां तथा उनके मार्गत्व तथा बक्रत्व आदि भेदों का निरूपण किया गया है। इसमें न केवल ग्रह गणित का ही अपितु अंकगणित, बीजगणित तथा अनुपातीय रेखागणित आदि का भी विवेचन किया गया है।[38]

संहिता स्कन्ध– संहिता स्कन्ध का विषय क्षेत्र इतना विस्तृत है कि जीवन से सम्बन्धित सभी लौकिक विषय इसके अन्तर्गत आ जाते हैं।[39] फलित ज्योतिष की कुछ शाखायें जैसे– प्रश्न शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, शकुन शास्त्र एवं वास्तु शास्त्र आदि सभी शास्त्रों का समावेश संहिता में किया गया है।

होरा तथा संहिता स्कन्ध ही मुख्य रूप से फलित ज्योतिष में समाहित होते हैं। ग्रहों तथा नक्षत्रों के गतियों के आधार पर उनके प्रभावों का प्रतिपादन करने वाली जितनी भी पद्धतियां आज तक विकसित एवं प्रचलित हुई हैं, वे सभी फलित ज्योतिष की हीं शाखायें हैं इनमें प्रमुख है– 1– जातक, 2– ताजिक, 3– प्रश्न, 4– सामुद्रिक, 5– शकुन, 6– मुहुर्त

उपर्युक्त सभी फलित शास्त्रों में जातक ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथा उपयोगी है। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य कल्याण वर्मा ने प्राचीन ग्रन्थ

36– आद्यन्तवर्णलोपाद्धोरा सिद्ध्यत्यहोरात्रात्। सारावली 2/2, पृष्ठ-3

37– जातकमिति प्रसिद्धं यल्लोके तदिह कीर्त्यते होरा। तत्रैव 2/4, पृष्ठ-3

38– त्रुट्यादिप्रलयान्तकालकलना मानप्रभेदः क्रमा-
च्चारश्च द्युसदां द्विधा च गणितं प्रश्नास्तथा सोत्तराः।
भूधिष्ण्यग्रहसंस्थितेश्च कथन यन्त्रादि यत्रोच्यते,
सिद्धान्तः स उदाहृतोऽत्र गणितस्कन्धप्रबन्धे बुधैः।। सिद्धांत-शिरोमणि गणिताध्याय। 1/6

39– ज्योतिःशास्त्रमनन्तभेदविततं स्कन्धत्रयाधिष्ठित्,
तत्काश्यॉपनयस्य नाम मुनिभिः संकीर्त्यते संहिता। वृहत्संहिता 2/2

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सरावली में कहा है कि "होरा (जातक) दैवज्ञ की वह दिव्य दृष्टि है जिससे वह विधाता के द्वारा मनुष्य के ललाट पर लिखी भाग्य पंक्ति को आसानी से पढ़ लेता है तथा हृदयंगम कर लेता है"।[40]

जातक शास्त्र में रोग विचार के उपकरण–

जातक शास्त्र में ग्रहों के योग को ही सङ्क्षेप में योग कहा जाता है। योग की परिभाषा देते हुए कहा गया है कि ग्रहों की इष्ट अथवा अनिष्ट स्थानों में स्थित होने के कारण जो परिणाम व्यक्ति को भुगतने पड़ते हैं, इसे ही योग कहते हैं।[41]

योगों के तीन सहायक तत्व हैं– 1– दृष्टि, 2– युति, 3– स्थिति

1– <u>दृष्टिः–</u>

सभी ग्रह स्थान विशेष से ग्रह अथवा भाव को देखते हैं, जिन्हें उनकी दृष्टि कहा जाता है।

2– <u>युतिः–</u>

किसी ग्रह का किसी अन्य ग्रह के साथ किसी राशि या भाव में बैठना युति कहलाता है।

3– <u>स्थितिः–</u>

किसी ग्रह, भाव या राशि से इष्ट या अनिष्ट स्थानों में ग्रह आदि के बैठने को स्थिति कहते हैं।

जातक शास्त्र में सूर्य चन्द्र, मंगल, बुध आदि सभी ग्रहों को मनुष्य के शरीर के अङ्ग धातु एवं दोष का प्रतिनिधि माना जाता है।

जातक शास्त्र का यह सर्वमान्य सिद्धान्त है कि जब कोई ग्रह अनिष्ट स्थान में स्थित होने के कारण अनिष्ट प्रभाव का द्योतक बन जाता है तो वह शरीर के जिस अंग, धातु या दोष का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें विकार या रोग की सूचना

40 विधात्रा लिखिता याऽसौ ललाटेऽग्म्यालिका।
दैवज्ञस्तां पठेदव्यक्तं होरानिर्मलचक्षुषा।। सारावली 2/1, पृष्ठ 2

41 ग्रहाणां स्थितिभेदेन पुरुषान् योजयन्ति हि।
फलैः कर्मसमुद्भवैरिति योगाः प्रकीर्तिताः।। प्रश्नमार्ग 9/49 पृष्ठ 141

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देता है। इसी प्रकार जब कोई ग्रह इष्ट स्थान में स्थित होने के कारण इष्ट प्रभावयुक्त हो जाता है तो वह शरीर के जिस अङ्ग, धातु एवं दोष का प्रतिनिधित्व करता है उसमें समता, पुष्टि या आरोग्य की सूचना देता है।

इस सिद्धान्त के आधार पर ही जातक शास्त्र में सभी प्रकार के रोगों का विचार ग्रह–योगों के द्वारा किया जाता है।

भारतीय ज्योतिष के अनुसार नौ ग्रह, 12 राशियों तथा 27 नक्षत्र एवं 12 भाव, मनुष्य के शरीर के विविध अङ्ग धातु एवं दोषों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अतएव ग्रह, राशि, नक्षत्र तथा भावों द्वारा बने योग शरीर के विविध अंग धातु या दोष में विकार या रोग की सूचना देते हैं। (परिशिष्ट नं0–6 दर्शनीय है)

योगों के तीन प्रमुख तत्त्व होते हैं– 1–ग्रह, 2–राशि, 3–भाव।

ग्रह, राशि तथा भाव के आधार पर बनने वाले योग सात प्रकार के माने गये हैं जो निम्नलिखित हैं[42]:–

1– <u>स्थान (राशि) से बनने वाले योग–</u>

द्वादश राशियों, उनके भेद (चर, स्थिर, आदि तथा राशियों के वर्ग (लग्न, द्रेष्काण आदि) को ग्रहों का स्थान कहते हैं। इनके द्वारा बनने वाले योगों को स्थान (राशि) से बनने वाला योग कहा जाता है।)

2– <u>भाव से बनने वाले योग–</u>

कुण्डली में लग्न से प्रारम्भ कर 12 भाव होते हैं, जिनके नाम हैं:– 1–तनु, 2–धन 3–सहज, 4–सुख, 5–पुत्र, 6–रोग, 7–जाया, 8–मृत्यु, 9–धर्म, 10–कर्म, 11–आय, 12–व्यय। इनके द्वारा बनने वाले योगों को भाव से बनने वाले योग कहते हैं।

42- स्थानतो भावत: खेटै: स्थानभावनभश्चरै।
स्थानभावसमायोगाद्भावखेचरयोगत:। प्रश्न मार्ग 9/49
योगा: स्यु: षड्विधा: स्थानखेचराभ्यां तु सप्तम:।
उच्चमूलत्रिकोणादिगतानां स्थानमुच्यते।।50।। प्रश्न मार्ग 9/50, पृष्ठ 142

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

3– **ग्रहों से बनने वाले योग–**

ज्योतिष शास्त्र में शुभ–अशुभ फल के सूचक कुल नव ग्रह माने गये हैं:– 1–सूर्य, 2–चन्द्र, 3–मङ्गल, 4–बुध, 5–गुरू, 6–शुक्र, 7–शनि, 8–राहु, 9–केतु। इन ग्रहों की परस्पर युति से बनने वाले योगों को ग्रहों से बनने वाला योग कहा जाता है।

4– **स्थान, भाव तथा ग्रहों से बनने वाले योग:–**

अनेक योग ऐसे मिलते हैं जो स्थान, भाव एवं ग्रह– इन तीनों के आधार पर बनते हैं। इन योगों में स्थान (राशि), भाव एवं ग्रह–इन तीनों का समान रूप से महत्त्व होता है।

5– **स्थान एवं भाव से बनने वाले योग:–**

अनेक योग स्थान एवं भाव के प्रभाववश बनते हैं। ऐसे योगों में स्थान तथा भाव का समान रूप से महत्त्व होता है।

उपर्युक्त योगों के भी अनेक सहायक तत्व होते हैं जो योगों के प्रभाव में वृद्धि या ह्रास करते हैं।

उपर्युक्त योगों को सम्यक् प्रकारेण समझने के लिए उनके आधारभूत तथ्यों तथा नियमों पर प्रकाश डाला जायेगा।

1– **ग्रहों की प्रकृति:–**

सभी ग्रहों की उनकी प्रकृति के अनुसार सतोगुण, रजोगुण तथा तमोगुण से युक्त माना गया है।

सतोगुण प्रधान ग्रह– जिन ग्रहों में सतोगुण अधिक होता है, उनमें से अमृतमयी तथा शुभ फलदायक रश्मियां निकलती हैं।

रजोगुण प्रधान ग्रह– जिन ग्रहों में रजोगुण अधिक होता है, उनमें उभय

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गुण अर्थात् शुभ तथा अशुभ दोनों प्रभाव होते हैं।

तमोगुण प्रधान ग्रह– जिन ग्रहों में तमोगुण अधिक होता है, उनकी किरणें हानिकारक होती हैं तथा अशुभ फल देते हैं।

वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् के अनुसार गुरू, सूर्य, चन्द्रमा, सत्त्वगुणी, बुध और शुक्र रजोगुणी तथा शनि तथा मङ्गल तमोगुणी ग्रह हैं।[43]

2– शुभ तथा पाप ग्रहः–

कुछ ग्रहों को शुभ फलदायक तथा कुछ को अशुभ फलदायक अर्थात् पाप ग्रह माना गया है।[44]

शुभ ग्रह– बृहस्पति, शुक्र, बुध, वर्धमान चन्द्रमा शुभ ग्रह माने गये हैं।

पाप ग्रह– सूर्य, शनि, मङ्गल, क्षीण चन्द्रमा और राहु तथा केतु पाप ग्रह माने गये हैं।

शुभ ग्रह जन्म कुण्डली में शुभ फल प्रदाता होते हैं और पाप ग्रह अशुभ फल देने वाले होते हैं।

3– ग्रहों का उच्चत्व तथा नीचत्व होना–

ग्रहों का उच्च तथा नीच वर्गों में विभक्त किया गया है, उच्च ग्रह जातक को शुभ फल देते हैं तथा नीच ग्रह अशुभ फल देते हैं। उच्च ग्रह निम्न तालिका में दिखाये गये है।[45]

43- जीवसूर्येन्दवः सत्वं बुधशुक्रौ रजस्तथा।
सूर्यपुत्रधरापुत्रौ तमः प्रकृतिकौ द्विज।।23।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् अध्याय-3, श्लोक-23, पृष्ठ-48

44- अथ खेटा रविश्चन्द्रो मंगलश्च बुधस्तथा।
गुरूः शुक्रः शनी राहुः केतुश्चैते यथाक्रमम्।।11।।
तत्रार्क-शनि-भूपुत्राः क्षीणेन्दु-राहु केतवः।
क्रूराः शेषग्रहा सौम्याः, क्रूरः क्षीणो बुधः।।12।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् अध्याय 3, श्लोक 11 तथा 12, पृष्ठ 24

45 मेषो वृषो मृगः कन्या कर्को मीनस्तथा तुला।
सूर्यादीनां क्रमादेते कथिता उच्चराशयः।। 49।।
भागादशत्रयोऽष्टाविंश रितथ्योऽक्षांशमिता नखाः।।
उच्चात् [illegible]

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYV), Karaundi, Jabalpur, MP. Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उच्च ग्रह

क्रमसङ्ख्या	ग्रह	राशि	अंश
1.	सूर्य	मेष	10 अंशो तक
2.	चन्द्र	वृष	3 अंशो तक
3.	मंगल	मकर	28 अंशो तक
4.	बुध	कन्या	15 अंशो तक
5.	बृहस्पति	कर्क	5 अंशो तक
6.	शुक्र	मीन	27 अंशो तक
7.	शनि	तुला	20 अंशो तक

नीच ग्रह

क्रमसंख्या	ग्रह	राशि	अंश
1.	सूर्य	तुला	10 अंशो तक
2.	चन्द्र	वश्चिक	3 अंशो तक
3.	मंगल	कर्क	28 अंशो तक
4.	बुध	मीन	15 अंशो तक
5.	बृहस्पति	मकर्र	5 अंशो तक
6.	शुक्र	कन्या	27 अंशो तक
7.	शनि	मेष	20 अंशो तक

उच्च–नीच ग्रहों के बोध से कुण्डली का फलादेश स्पष्ट और प्रमाण–पूर्वक किया जा सकता है। यदि किसी जातक की कुण्डली में सूर्य मेष राशि में 10 अंशों तक का हो तो उच्च का कहलायेगा। दश अंशों से अधिक अंशों का होने पर वह सूर्य साधारण श्रेणी में ही गिना जायेगा। इसी प्रकार तुला राशि में भी 10 अंशों तक ही सूर्य नीच का रहता है, इससे अधिक अंशों का सूर्य निर्मल सूर्य माना जायेगा।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

4– ग्रहों का मैत्री विचार–

ग्रहों में परस्पर पांच प्रकार की मित्रता होती है। 1– अधिमित्र, 2– मित्र, 3– सम, 4– शत्रु 5– अधिशत्रु।[46]

कुण्डली में यदि कोई ग्रह अपने मित्र के घर में स्थित हो तो शुभ फल एवं शत्रु क्षेत्र में पहुंचकर अशुभ फल देता है। जातक पारिजात में इसे स्पष्ट करने के लिए निम्नलिखित तालिका दी गयी है।

पंचधा मैत्री चक्र

ग्रह / मित्र / शत्रु / सम	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
अतिमित्र	बृ.	0	चं. बृ.	शु.	सू. मं.	बु.	0
मित्र	0	मं. शु. श.	श.	बृ. के.	0	0	0
सम	चं. मं. शु.	सू. बु.	सू.	सू.	चं. बु.	चं. श.	चं. मं.बु. शु.
शत्रु	बु.	बृ.	शु.	मं. श.	श.	मं. बृ.	बृ.
अतिशत्रु	श.	0	बु.	चं.	शु.	सू.	सू.

(जातक पारिजातः–ग्रह नामरूपगुणभेदाध्यायः से उद्धृत)

46- तत्काले च निसर्गे च मित्रं स्यादधिमित्रकम्।
मित्रं मित्रसमत्वेतु शत्रुः शत्रुसमत्वके।।60।।
समो मित्ररिपुत्वे तृभय[illegible] रिपौ।
एवं विविच्य दैवज्ञो [illegible] फलं वदेत्।। वृहत्पाराशरहोराशा[illegible] अध्याय 3, श्लोक 60 तथा 61 पृष्ठ 35

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ऊपर जो मैत्री--चक्र दिया गया है वह ग्रहों की पञ्चधा मैत्री का ही है, इसके अतिरिक्त ग्रहों में तात्कालिक मैत्री भी होती है।

तात्कालिक मैत्री

जो ग्रह जिस स्थान पर होता है उससे 2,3,4,10,11 और 12वें भाव में स्थित ग्रह के साथ तात्कालिक मित्रता रखता है तथा 1,5,6,7,8 और 9वें भाव में स्थित ग्रह के साथ तात्कालिक शत्रुता रखता है।[47] जातक पारिजात में इसे स्पष्ट करने हेतु निम्नलिखित तालिका दी गयी है:-

तात्कालिक मैत्री-चक्र

ग्रह	तात्कालिक मित्र	तात्कालिक शत्रु
सूर्य	शुक्र, बृह. रा. के.	चन्द्र, मं., श., बु.
चन्द्रमा	मं., श., शु. रा.	सू., बु., शु., रा.
मंगल	चं., श., बृ., के.	सू., बु., शु., रा.
बुध	बृ., शु., रा., के.	सू., चं., मं., श.
बृहस्पति	सू., बु., मं., के.	चं., शु., श., रा.
शुक्र	सू., बु., चं., रा.	मं., बृ., श., के.
शनि	चं., मं., रा., के	सू., बु., बृ., शु.
राहु	सू., बु., शु., चं., श.	मं., बु., के.
केतु	सू., बु., बृ., मं., श.	चं., शु., रा.

(जातक पारिजातः-ग्रह नामरूपगुणभेदाध्यायः से उद्घृत)

---

47 दशायबन्धुसहज स्वान्त्यस्थास्ते परस्परम्।
तत्काले सुहृदोऽन्यत्र मंस्थिताः रिपवो मताः।।59।। बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् श्लोक 3/59. पृष्ठ-35

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ग्रहों का भाव कारकत्वः–

प्रत्येक भाव का विशेष कारक ग्रह होता है। यदि उस भाव में वह कारक ग्रह बैठा हो या उसकी दृष्टि हो तो वह भाव अत्यन्त ही उच्च और श्रेष्ठ फल देने में सहायक होता है। निम्नलिखित तालिका में प्रत्येक भाव का कारक ग्रह स्पष्ट किया गया है।[48]

क्र0सं0	ग्रह	सम्बन्धित कारक भाव
1.	सूर्य	पहला तथा नवां भाव
2.	चन्द्रमा	चौथा भाव
3.	मङ्गल	तीसरा छठा भाव
4.	बुध	चौथा, दसवां भाव
5.	गुरू	दूसरा, पांचवा, नवां, दसवां तथा ग्यारहवां भाव
6.	शुक्र	सातवां भाव
7.	शनि	छठा, आठवां, दसवां तथा बारहवां भाव

6– ग्रहों का विशिष्ट प्रभावों का कारकत्व होनाः–

प्रत्येक ग्रह कुछ विशिष्ट प्रभावों तथा प्रवृत्तियों के कारक होते हैं जो निम्नलिखित तालिका में स्पष्ट किया गया है।[49]

48- ग्रहों के भावकारकत्व
द्युमणिरमरमन्त्री भूसुतः सोमसौम्यौ
गुरूरिनतनयारौ भार्गवो भानुपुत्रः।
दिनकरदिविजेज्यौ जीवभानुज्ञमन्दाः
सुरगुरूरिनसूनुः कारकाः स्युर्विलग्नात्।।49।। जातक परिजात 2/51, पृष्ठ-68

49- गहों का कारकत्वः-
शुक्रः शुक्रं च नेत्रं च चन्द्रमाः मनसस्तथा।
आत्मा वै दिनकृत्तत्र जीवो जीवितसौख्दः।।16।।
क्रोधः पराक्रमः भौमो बुधो बालत्वधीमतः।
शनिर्दुःखप्रदो ज्ञेयः प्रपदः पार्श्वकस्तथा ।। 17।।
गहुरैश्वर्यकं विदिध योगेक्षणवशान्मुने।
संक्षेपेणैतदुदितमन्यद् बुद्ध्यनुसारतः । 18।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् अध्याय 12, श्लोक-16, 17 तथा 18, पृष्ठ 127

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1.	सूर्य	आत्मा
2.	चन्द्रमा	मन
3.	मङ्गल	क्रोध तथा पराक्रम
4.	बुध	चञ्चलता तथा बुद्धि
5.	गुरू	जीवनी शक्ति
6.	शुक्र	वीर्य
7.	शनि	दुःखदायक
8.	राहु	ऐश्वर्यदायक
9.	केतु	हानिकारक

7. ग्रहों का स्वामित्वः–

बारह राशियों के नव स्वामी हैं। नीचे राशियां और उनके स्वामी स्पष्ट किए गये हैं।[50]

क्र0सं0	राशियां	सम्बन्धित राशियों के स्वामी
1.	मेष	मंङ्गल
2.	वृष	शुक्र
3.	मिथुन	बुध
4.	कर्क	चन्द्र
5.	सिंह	सूर्य
6.	कन्या	बुध
7.	तुला	शुक्र
8.	वृश्चिक	मंङ्गल

50- मेषादि द्वादश राशियों के स्वामी
धराजशुक्रज्ञशशीनसौम्यार्किगुरूजीवार्कजमन्दजीवाः
क्रमेण मेषादिषु राशिनाथास्तदंशनाथाश्चेति-
वदन्ति सन्तः।।25।। जातक परिजात [illegible] पृष्ठ 11

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

9.	धनु	बृहस्पति
10.	मकर	शनि
11.	कुम्भ	शनि
12.	मीन	बृहस्पति

8– ग्रहों की दृष्टि–

प्रत्येक ग्रह अपने से सातवें भाव को पूर्ण दृष्टि से, तीसरे और दसवें भाव की एक चरण दृष्टि से, पांचवें और नवें भाव को दो चरण दृष्टि से तथा चौथे–आठवें भाव की तीन चरणों की दृष्टि से देखता है।[51] परन्तु मंगल चौथे–आठवें भाव को, गुरू पांचवें–नवें भाव को तथा शनि तीसरे–दसवें भाव को भी पूर्ण दृष्टि से देखता है।[52]

ग्रहों की दृष्टि

क्रम संख्या	ग्रह दृष्टि	एक चरण दृष्टि	दो चरण दृष्टि	तीन चरण दृष्टि	सम्पूर्ण दृष्टि
1.	सूर्य	3,10	9,5	8,4	7
2.	चन्द्र	3,10	9,5	8,4	7
3.	मंगल	3,10	9,5	X	4,7,8
4.	बुध	3,10	9,5	8,4	7
5.	बृहस्पति	3,10	X	8,4	5, 7, 9
6.	शुक्र	X	9,5	9,5	7
7.	शनि	X	9,5	8,4	3,7,10
8.	राहु	3,6	2,10	8,4	5,7,9
9.	केतु	3,6	2,10	8,4	5,7,9

51- पादेक्षणं भवति सोदरमानराश्यो-
रर्धं त्रिकोणयुगलेऽखिलखेचराणाम्।
पादोनदृष्टिनिचयश्चतुरस्रयुग्मे
सम्पूर्णदृग्लमनङ्गगृहे वदन्ति॥30॥ जातक परिजात 7/30, पृष्ठ 56

52 शनिरतिबलशाली पाददृग्वीर्ययोगे
सुरकुलपतिमन्त्री कोणदृष्टौ शुभः स्यात्।
त्रितयचरणदृष्ट्या भूकुमारः समर्थः
सकलगगनवासाः सप्तम दृग्बलाढ्याः ॥31॥ जातक परिजात 7/31, पृष्ठ 56

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

9– ग्रहों के बल का अनुमानः–

ग्रहों के बल छः प्रकार के माने गये हैं– 1– स्थान बल, 2– दिग बल, 3– काल बल, 4– चेष्टा बल, 5– दृग्बल बल एवं 6– नैसर्गिक बल

1– स्थान बल–

जो ग्रह अपनी राशि, मित्रग्रह की राशि, उच्च राशि या मूलत्रिकोण राशि में ही वह स्थानबली कहलाता है। अपने नवांश, द्रेष्काण या पारिजातादि वैशेषिकबर्ग में स्थित ग्रह स्थानबली कहा जाता है। अष्टक वर्ग में जिस राशि पर 4 से अधिक रेखाएं हों, वहां स्थित ग्रह भी स्थानबली माना जाता है। इस प्रकार देखा जाता हैं कि कतिपय राशि या स्थानों पर ग्रह के स्थित हो जाने पर उसे बल मिलता है। इस प्रकार के बल को स्थान बल कहते हैं।[53]

2– दिग्बल–

दिशा में स्थितिवश प्राप्त होने वाले बल को दिग्बल कहते हैं। कुण्डली में लग्न पूर्व को,दशम दक्षिण को, सप्तम पश्चिम को तथा चतुर्थ भाव उत्तर को सूचित करता है। तथा बुध, गुरू पूर्व में, सूर्य मङ्गल दक्षिण में, शनि पश्चिम में और चन्द्रमा एवं शुक्र उत्तर में बली होते हैं। इस प्रकार लग्न में बुध एवं गुरू दशम में सूर्य एवं मङ्गल, सप्तम में शनि, तथा चतुर्थ में चन्द्रमा एवं शुक्र शुक्र दिग्बल के कारण बलवान् हो जाते हैं।[54]

3– कालबल–

समयानुसार प्राप्त होने वाला बल कालबल कहलाता है। यथा–

53– स्वोच्चत्रिकोणस्वसुहृदद्वगाणराश्यंशवैशेषिकवर्गवन्तः।
आरोहवीर्याधिकबिन्दुकास्ते खेचारिणः-
स्थानबलाधिकाः स्युः ।।33।। जातक पारिजात 2/33, पृष्ठ-59

54– विलग्रपातालवधून भोगा बुधामरेज्यौ भृगुसूनुचन्द्रौ।
मन्दो धरासूनुदिवाकरौ चेत्क्रमेण ते दिग्बलशालिनः स्युः ।।35।। जातक पारिजात 2/35, पृष्ठ 59

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चन्द्रमा, मङ्गल एवं शनि रात्रि में सूर्य, गुरू एवं शुक्र दिन में तथा बुध दिन रात दोनों में बली होता है। सभी ग्रह अपनी–अपनी काल होरा में, अपंने वर्ष में (जिसमें वे वर्षेश हों), अपने मास में तथा अपने दिन में बली होते हैं तथा शुभ ग्रह शुक्ल पक्ष एवं पाप ग्रह कृष्ण पक्ष में बली होते हैं।[55]

4– चेष्टाबल–

सूर्य एवं चन्द्रमा उत्तरायण (मकर से मिथुन तक 6 राशियों) मं बलवान होते हैं। मंङ्गल, बुध, गुरू, शुक्र एवं शनि– ये यदि ग्रह युद्ध में विजयी हों, वक्रगति हो या चन्द्रमा के साथ हों तो चेष्टाबली कहलाते हैं।[56]

5– दृक्बल–

दृष्टि के प्रभावबश प्राप्त होने वाले बल को दृक्बल कहते हैं। जिन ग्रहों पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो वे दृक्बली होते हैं और जिन पर पाप ग्रहों की दृष्टि हो वे निर्बल कहलाते हैं।

6– नैसर्गिक–

ग्रहों के स्वाभाविक बल को नैसर्गिक बल कहते हैं। इस दृष्टि से सूर्य सर्वाधिक बली तथा शनि सबसे निर्बल होता है। शनि से मङ्गल, मङ्गल से बुध, बुध से गुरू, गुरू से शुक्र, शुक्र, से चन्द्रमा एवं चन्द्रमा से सूर्य निसर्गतः बलवान् होता है।[57]

7– ग्रहों की अवस्था–

ग्रहों के फल देने की क्षमता का मूल्याङ्कन करने के लिए उनकी 5 अवस्थायें मानी गयी हैं– 1– बाल्यावस्था, 2– कुमारावस्था, 3– युवावस्था, 4– वृद्धावस्था, 5–

55- निशीन्दुमन्दावनिजाः परेऽहनि स्वकीयहोरासममासवासराः।
सितादिपक्षद्वयगाः शुभाशुभा बुधः सदा-
कालजवीर्यशालिनः।।36।। जातक पारिजात 2/36, पृष्ठ-60

56- जैत्रा वक्रसमागमोपगसितज्ञारामरेज्यांसिता:,
दिव्याशायनगेन्दुतिग्मकिरणौ चेष्टाबलांशाधिकाः।
भौम्यक्षेपयुता महीसुतमुखाश्चेष्टाबलाढ्याः क्रमात्
नैसर्गस्य बलाधिकाः-
शनिकुजज्ञाचार्यशुक्रेन्दिनाः ।।37।। जातक पारिजात 2/37, पृष्ठ-60

57 तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मृतावस्था। विषम राशियों में 1 से 6 अंश तक स्थित ग्रह की बाल्यावस्था, 7 से 12 अंश तक स्थित ग्रह की कुमारावस्था, 13 से 18 अंश तक स्थित ग्रह की युवावस्था, 19 से 24 अंश तक स्थित ग्रह की वृद्धावस्था तथा 25 से 30 अंश तक स्थित ग्रह की मृतावस्था होती है। समराशियों में इसके विपरीत 1 से 6 तक स्थित ग्रह की मृतावस्था, 6 से 12 अंश तक स्थित ग्रह की वृद्धावस्था, 13 से 18 अंश तक स्थित ग्रह की युवावस्था, 19 से 24 अंश तक स्थिति ग्रह की कुमारावस्था तथा 25 से 30 अंश तक स्थित ग्रह की बाल्यावस्था होती है।[58]

11– राशियों के भेदः–

जातक शास्त्र में राशियों को भी उनकी प्रकृति के अनुसार अनेक भेदों में विभक्त किया गया है।[59] जैसे–

1– ह्रस्व तथा दीर्घ

2– स्त्री तथा पुरूष

3– दिशा

4– क्रूर तथा सौम्य

5– चर, स्थिर तथा द्विस्वभाव

6– पृष्ठोदय तथा शीर्षोदय

7– चतुष्पादादि भेद

8– वर्ण भेद

9– दिवा तथा रात्रि बली

58– बालः कुमारोऽथ युवा च वृद्धो मृतश्च राशावयुजि क्रमेण।
त्रिंशल्लवैर्व्यत्ययतः समे स्युरेकैकशोऽशाः पुनरेव कार्याः ।।84।। जातक पारिजात 2/84, पृष्ठ-81

59– ह्रस्वा गोऽजघटाः समा मृगनृयुक्चापान्त्यकर्कटिकाः
दीर्घा वृश्चिककन्यकाहरितुला मेषादिपुंयोषितौ।
प्रागादिक्रियगोनृयुक्कटक भान्येतानि कोणान्विता-
न्याहुः क्रूरशुभौ चरस्थिरतरद्वन्द्वानि तानि क्रमात् ।।13।।
वींर्योपेता निशि वृषनृयुक्कर्किचापाजनक्राः
हित्वा युग्मं भवनमपरे पृष्ठपूर्वादयश्च।
शेषाः शीर्षोदयदिनबलाः श्रेष्ठता राशयस्ते
मीनाकारद्वयमुभयतः काललग्नं समेति ।।14।। जातक पारिजात 1/13 तथा 1/14, पृष्ठ-5

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रत्येक राशियों के उपर्युक्त सभी भेदों को स्पष्ट करने के लिए जातक पारिजात में निम्नलिखित तालिका दी गयी है[60]:-

राशियाँ	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
ह्रस्व/दीर्घादि भेद	ह्रस्व	ह्रस्व	सम	सम	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	सम	सम	ह्रस्व	सम
स्त्री /पुरूश	पुरूष	स्त्री	पुरूष	स्त्री	पुरूष	स्त्री	पुरूष	स्त्री	पुरूष	स्त्री	पुरूष	स्त्री
दिशा	पूर्व	दक्षिण	पष्चिम	उत्तर	पूर्व	दक्षिण	पष्चिम	उत्तर	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
क्रूर /सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य
चर /स्थिर/द्विस्वभाव	चर	स्थिर	द्विस्व	चर	स्थिर	द्विस्व	चर	स्थिर	द्विस्व.	चर	स्थिर	द्विस्व.
पृष्ठोदय/शीर्षोदय	पृष्ठो.	पृष्ठो.	शीर्षो	पृष्ठो.	शीर्षो	शीर्षो	शीर्षो	शीर्षो	पृष्ठो.	पृष्ठो.	शीर्षो	उभयो
चतुष्पदादि भेद	चतु	चतु	द्विपद	जल	चतु	द्विपद	द्विपद	की. /ज.	द्वि /च.	च. /ज.	द्विपद	जल
वर्णभेद	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र
दिवा /रात्रिबली	रात्रि	रात्रि	रात्रि	रात्रि	दिवा	दिवा	दिवा	दिवा	रात्रि	रात्रि	दिवा	संध्या

12- राशियों की दृष्टि:-

महर्षि पाराशर ने ग्रहनिष्ठ दृष्टियों की तरह राशिनिष्ठ दृष्टियों का भी विवरण दिया है। उन्होंने राशियों की दृष्टियों को ज्ञात करने के लिये एक दृष्टि चक्र बनाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला है जिससे दृष्टिभेद सर्वथा स्पष्ट हो जाता है।[61]

पूर्व में मेष, वृष, दक्षिण में कर्क, सिंह, पश्चिम में तुला वृश्चिक, उत्तर में मकर कुम्भ लिखें।

अग्निकोण में मिथुन नैऋत्य कोण में कन्या, वायव्य में धनु तथा ईशान में मीन राशि की स्थापना करने से दृष्टि चक्र बनता है।

इस चक्र को चौकोर या वृत्ताकार लिखा जाता है।

60- जातक पारिजात- राशिशीलाध्याय- पृष्ठ-7

61- दृष्टिचक्रोद्धार:-
चक्रन्यासमहं वक्ष्ये यथावद् ब्रह्मणोदितम्।
यस्यविज्ञान मात्रेण दृष्टिभेद: प्रकाश्यते ।।3।।
पूर्व मेषवृषौ लेख्यौ कर्कसिंहौ च दक्षिणे।
तुलाली वारूणे विप्र! मृगकुम्भौ तथोत्तरे ।।4।।
अग्निकोणे तु मिथुनं नैऋत्यां कन्यकां द्विज।
वायव्यां धनुषं लेख्यमीशाने मीनमालिखेत् ।।5।।
चतुरस्रं च विन्यासं ज्ञायते द्विजसत्तम।
वृत्ताकारं विशेषेण ब्रह्मणां वोदितं पुरा ।।6।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 9/3, 4, 5, 6,

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दृष्टि चक्र[62]



सीधी रेखा पर पड़ने वाली राशियाँ 'अभिमुख' कहलाती हैं। यह प्रत्यक्ष है। इस चक्र के अनुसार निर्णय करने पर निष्कर्ष निकलता है कि–

मेष वृश्चिक, कर्क कुम्भ, तुला वृष, मकर सिंह एक सीध में या सम्मुख पड़ रही है। अतः ये जोड़े अपने–अपने जोड़े की दूसरी राशियों को देखते हैं। यह अभिमुख दृष्टि है। पार्श्व दृष्टि के सिद्धान्त से आजू–बाजू की रेखाओं पर मेष की दृष्टि सिंह तथा कुम्भ पर कर्क की वृश्चिक तथा वृष पर इत्यादि प्रकार से निश्चित होती है। इसी बात को सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि सभी चर राशियाँ, अपने से दूसरी स्थिर को छोड़कर शेष सब स्थिर राशियों को देखती हैं।

उपर्युक्त कथन को पुनः स्पष्ट करते हुए महर्षि पाराशर ने कहा है कि अपनी पास की राशि को छोड़कर चर राशि तीन स्थिरों को, स्थिर राशि समीपस्थ चर रहित तीन चरों को व द्विस्वभाव स्वयं को छोड़कर शेष तीन द्विस्वभावों को देखती हैं।[63]

62– वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् पृष्ठ-108

63– यथा चरः स्थिरानेवं स्थिरः पश्यति वै चरान्।
द्विस्वभावों विनात्मानं द्विस्वभावानम् प्रपश्यति।।
समीपस्थं परित्यज्य राशीस्त्रीन् ननु पश्चति ।।7।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 9/7, पृष्ठ-109

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

13– ग्रहों का रोग कारकत्व–

ग्रहों का स्वभाव सदैव रोगकारक नहीं होता। ग्रहों की प्रकृति त्रिगुणात्मक है तथा सम्पूर्ण प्रकृति एवं मानव शरीर भी त्रिगुणात्मक है। अतएव इनमें एक लयबद्धता (Harmoney) विद्यमान रहता है। ग्रह कुछ विशेष स्थितियों में ही मनुष्य के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य में विकार उत्पन्न करते हैं।

रोगों के सम्बन्ध में ग्रहों की निम्नलिखित स्थितियों के आधार पर विचार किया जाता है।[64]

1– छठे भाव में स्थित ग्रह

2– अष्टम भाव में स्थित ग्रह

3– बारहवें भाव में स्थित ग्रह

4– छठे भाव का स्वामी

5– छठे भाव के स्वामी के साथ स्थित ग्रह

सभी ग्रह उपर्युक्त स्थितियों में युति, दृष्टि, इष्ट या अनिष्ट भाव तथा राशि में स्थिति के अनुसार रोगोत्पत्ति के कारण बनते हैं जो अग्रलिखित है–

1– सूर्य रोग कारक की स्थिति में–

जब सूर्य रोग कारक की स्थिति में होता है तो वह मन्दाग्नि, अतिसार, हृदय रोग, नेत्र रोग, चर्मरोग, पित्त रोग, बात प्रकोप आदि शारीरिक रोग तथा चित्त व्याकुलता तथा अपस्मार आदि मानसिक रोगों का कारण बनता है।[65]

64- रोगस्य चिन्तामपि रोगभावस्थितैर्ग्रहैर्वा व्यायमृत्युसंस्यैः।
रोगेश्वरेणापि तदन्वितैर्वा द्वित्रयादिसम्बादवशाद्वदन्तु ।।1।।फल दीपिका अध्याय रोग निर्णय श्लोक-14/1, पृष्ठ-265

65- पित्तोष्णज्वरतापदेहतपनापस्मारहृत्क्रोडज-
व्याधीन्वक्ति रदिर्दृ गार्त्यरिभयं त्वग्दोषमस्थित्रुतिम्।
काष्ठाग्न्यस्त्रविषार्तिदारतनयव्यापच्चतुष्पाद्भयं
चोरक्ष्मापतिधर्मदेवफणभृद्भूतेशभूतं भयम् ।।2।। तत्रैव 14/2, पृष्ठ-263

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– चन्द्रमा रोग कारक स्थिति में–

जब चन्द्रमा रोग कारक स्थिति में होता है तो वह रक्त, विकार, कफ रोग, पीलिया, जलोदर आदि शारीरिक रोग तथा निद्रारोग, आलस्य तथा अनेक प्रकार के मानसिक रोगों को उत्पन्न करता है।[66]

3– मङ्गल रोग कारक स्थिति में–

जब मङ्गल रोगकारक स्थिति में होता है तो वह मित्र प्रकोप, विषपीड़ा, नेत्ररोग चर्मरोग, अङ्ग या हड्डी का टूटना आदि शारीरिक रोग तथा अपस्मार आदि मानसिक रोग उत्पन्न करता है।[67]

4– बुध रोग कारक स्थिति में–

जब बुध रोग कारक स्थिति में होता है तो वह कर्ण रोग आन्त्र रोग, उदर विकार, सङ्ग्रहणी आदि शारीरिक रोग तथा भ्रान्ति, जड़ता तथा मूर्च्छा आदि मानसिक रोग होते हैं।[68]

5– गुरू रोग कारक स्थिति में–

जब गुरू रोग कारक स्थिति में होता है तो आन्त्र स्वर, कर्ण रोग, कफज आदि शारीरिक तथा मोह जन्य, शोकजन्य, मूर्च्छा आदि मानसिक रोग होते हैं।[69]

66– निद्रालस्यकफातिसारपिटकाः शीतज्वरं चन्द्रमाः
श्रङ्गयन्जाहतिमग्निमाग्द्यमरूचिं योषिव्द्यथाकामिलाः।
चेतःशान्तिनसृग्विकारमुदकाद्भीर्ति च बालग्रहाद्
दुर्गाकिन्नरधर्मदेवफणभृद्यक्ष्याश्रव भीतिं वदेत् ।।3।। फलदीपिका 14/3, पृष्ठ-265

67– तृष्णासृक्कोपपित्तज्वरमनलविषास्त्रार्तिकुष्ठाक्षिरोगान्।
गुल्मापस्मारमज्जाविहतिपरूषतापमिकादेहभङ्गान्।
भूपारिस्तेनपीडां सहजसुतसुहृद्वैरियुद्धं विधत्ते
रक्षोगन्धर्वघोरग्रहभयमवनीसूनुरूर्ध्वाङ्गरोगम् ।।4।। तत्रैव 14/4, पृष्ठ-266

68– भ्रान्तिं दुर्वचनं दृगामयगलघ्राणोत्थरोगं ज्वरं
पित्तश्लेष्मसमीरजं विषमपि त्वग्दोषपाण्ड्वामयान्।
दुःस्वप्नं च विचर्चिकाग्निपतने पारूष्यबन्धश्रमान्।
गन्धर्वक्षितिहर्म्यवाहिभिरपि ज्ञो वक्ति पीडां ग्रहैः ।।5।।तत्रैव 14/5, पृष्ठ-266

69– गुल्मान्त्रज्वरशोकमोहकफजान् श्रोत्रर्तिमोहामयान्
देवस्थाननिधिप्रपीडनमहीदेवेशशापोंदभ्वम् ।।6।। तत्रैव 14/6
रोगं किन्नरयक्षदेवफणभृद्विद्याधराद्युद्भवं
जीवः सूचयति स्वय बुधगुरूत्कुष्टापचारोद्भवम् ।।6।।, पृष्ठ-266

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Kerawndi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

6— शुक्र रोग कारक स्थिति में—

शुक्र रोगकारक स्थिति में हो तो मोतियाबिन्द, मूत्र रोग, वीर्य विकार, सन्धि रोग, क्षय रोग, स्त्रीजन्य रोग तथा नपुंसकता आदि शारीरिक रोग तथा कामोन्माद आदि मानसिक रोग पैदा होते हैं।[70]

7— शनि रोगकारक स्थिति में—

यदि शनि रोग कारक स्थिति में हो तो पेट रोग, उदरशूल, सन्धि रोग, कफजन्य रोग स्नायुरोग आदि शारीरिक तथा भ्रान्ति आदि मानसिक रोग हो जाते हैं।[71]

8— राहु रोग कारक स्थिति में—

यदि राहु रोग कारक स्थिति में हो तो हृदय रोग, विष कीटाणुओं के रोग, पैर में चोर गण्डमाला आदि शारीरिक रोग तथा अरूचि, अपस्मार तथा प्रभार आदि मानसिक रोग उत्पन्न होते हैं।[72]

9— केतु रोग कारक स्थिति में—

यदि केतु रोग कारक स्थिति में हो तो श्वेत कुष्ट, गर्भस्राव, चर्मरोग, विष व्याधि आदि शारीरिक रोग तथा चिन्ता—ग्रस्तता आदि मानसिक रोग होते हैं।[73]

70— पाण्डुश्लेष्ममरूत्प्रकोपनयनव्यापत्प्रमेहामयान्
गुह्यस्यामयमूत्रकृच्छमदनव्यापत्तिशुक्लस्त्रुतिम्।
वारस्त्रीकृतदेहकान्तिविहतिं शोषामयं योगिनी-
यक्षीमातृगणाद्भ्यं प्रियसुहृद्भङ्ग सितः सूचयेत् ।।7।। फलदीपिका 14/7, पृष्ठ-266

71— वातश्लेष्मविकारपादविहतिं चापत्तितन्द्राश्रमान्।
भ्रान्ति कुक्षिरूगन्तरूष्णभृतकध्वंसं च पार्श्वाहतिम्
भार्यापुत्रविपत्तिमङ्गविहतिं हृत्तापमर्कात्मजो
वृक्षाश्मक्षतिमाह कश्मलगणैः पीडां पिशाचादिभिः ।।8।। तत्रैव 14/8

72— स्वर्भानुर्हृदि तापकुष्ठविमतिव्याधिं विषं कृत्रिमं
पादाति च पिशाचपन्नगभयं भार्यातनूजापदम्।
ब्रह्मक्षत्रविरोधशत्रुजभयं केतुस्तु संसूचयेत
प्रेतोत्थं च भयं विषं च गुलिको देहार्तिमाशौचजम् ।।9।। तत्रैव 14/9, पृष्ठ-266

73— तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

14– रोग विचार के परिप्रेक्ष्य में राशियों की भूमिका:–

राशियों का स्वरूप शुभाशुभत्व, बल एवं अन्य सञ्ज्ञाएं ज्योतिष शास्त्र के सामान्य ग्रन्थों में विस्तारपूर्वक बतलायी गयी हैं। यहां हम उनका विचार न करके केवल रोग विचार के लिए उपयोगी बातों पर ही प्रकाश डालेंगे।

इस अङ्ग विभाजन का यदि विस्तारपूर्वक अवलोकन किया जाय, तो यह कहा जा सकता है कि मेष आदि 12 राशियां मनुष्य के शरीर के निम्नलिखित अंङ्गों का प्रतिनिधित्व करती हैं[74]:–

राशियां	सम्बन्धित अङ्ग
मेष	शरीर एवं सिर के बाल, मस्तिष्क
वृष	होठ, दांत, मुंह, गाल, आंख, कान, नाक जिह्वा एवं गला
मिथुन	कन्धा, ग्रीवा, भुजा, कोहनी, मणिबन्ध, हथेली, वक्ष एवं स्तन
कर्क	फेफड़ा, श्वासनली एवं हृदय
सिंह	नाभि, पेट, आंते, जिगर, तिल्ली
कन्या	कमर, नितम्ब
तुला	बस्ति, मूत्राशय एवं गर्भाशय का ऊंपरी भाग
वृश्चिक	गर्भाशय, जनेन्द्रिय एवं गुदा
धनु	ऊरू, दोंनों जंघाओं।
मकर	जानु एवं घुटना।
कुम्भ	जंघा, पिंडली।
मीन	टखना, पैर, पादतल एवं पैर की उंगलियाँ।

74- कालात्मकस्य च शिरोमुखदेशवक्षो-
हृत्कुक्षिभागकटिवस्तिरहस्यदेशाः।
ऊरू च जानुयुगलं परतस्तु जङ्घे
पादद्वयं क्रियमुखावयवाः क्रमेण ।।8।। जातक पारिजात 1/8, पृष्ठ-3

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मेषादि राशियाँ एवं उनके रोग–

मेष आदि द्वादश राशियाँ स्वभावतः जिन–जिन रोगों को उत्पन्न करती हैं वे रोग इस प्रकार हैं[75]:–

राशियां	रोग
मेष	नेत्ररोग, मुखरोग, मेदरोग, सिरदर्द, शारीरिक रोग, मानसिक तनाव, उन्माद एवं अनिद्रा।
वृष	गले एवं श्वासननली के रोग, आंख, नाक एवं गले के रोग।
मिथुन	रक्तविकार, श्वास, फुफ्फुस रोग एवं मज्जारोग।
कर्क	हृदयरोग एवं रक्त विकार।
सिंह	उदरविकार, मेदवृद्धि एवं वायुविकार।
कन्या	जिगर, तिल्ली, अमाशय के विकार, अपचन, मन्दाग्नि एवं कमर में दर्द।
तुला	मूत्राशय क रोग, मधुमेह, प्रदर, मूत्रकृच्छ एवं बहुमूत्र।
वृश्चिक	गुप्तरोग, अर्श, भगंदर, उपदंश, शुक्र एवं संसर्ग–जन्य रोग।
धनु	यकृत् दोष,ऋतु विकार, अस्थिभङ्ग, मज्जारोग एवं रक्त दोष।
मकर	वातरोग, शीतरोग, चर्मरोग एवं रक्तचाप।

75– पैत्त्यज्वरोष्णैर्जठराग्निनाजे
वृषे त्रिदोषैर्दहनाच्च शस्त्रात्।
युग्मे तु कालश्वसनोष्णशूलै–
रून्मादवातारूचिभिः कुलीरे ।।17।।
मृगज्वरस्फोटजशत्रु जं हरौ
स्त्रियां स्त्रियागुह्यरूजा प्रपातनात्।
तुलाधरे धीज्वरसंनिपातजं
प्लीहालिपाण्डुग्रहणीरूजालिनि ।।18।।
वृक्षाम्बुकाष्टायुधजं हयाङ्ग
मृगे तु शूलारूचिधीभ्रमाद्यैः।
कुम्भे तु कासज्वरयक्ष्मरोगै
र्जले विपद्वा जलरोगतोऽन्त्ये ।।19।।

फलदीपिका अध्याय-रोग निर्णय श्लोक-17, 18, 19, पृष्ठ-274

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुम्भ	जलोदर, मानसिक रोग, ऐठन एवं गर्मी।
मीन	असहिष्णुता (एलर्जी), चर्मरोग, रक्त विकार, आमवात, आंव, ग्रन्थि, गठिया।

16– रोग विचार के प्रसङ्ग में भावों की भूमिका–

कुण्डली में लग्न से प्रारम्भ कर 12 भाव माने गये हैं, इनके नाग है– 1– तनु, 2– धन,, 3– सहज, 4– सुख, 5– सुत, 6– रोग, 7– जाया, 8– मृत्यु, 9– भाग्य, 10– कर्म, 11– लाभ एवं 12– व्यय। इन द्वादश भावों द्वारा मानवजीवन से सम्बन्धित प्रायः सभी विषयों के बारे में जाना जा सकता है। भावों के स्वरूप, संज्ञा, शुभाशुभत्व एवं अन्य बातों का विस्तार से विवेचन ज्योतिष शास्त्र के प्रायः सभी ग्रन्थों में किया गया है। यहाँ रोग विचार के लिए उपयुक्त पक्ष का विचार किया जायेगा।

डा0 शुकदेव चतुर्वेदी ने विभिन्न जातक ग्रन्थों के आधार पर सभी भावों तथा विभिन्न रोगों के सम्बन्धों पर प्रकाश डाला है जो निम्नलिखित है।[76]

प्रथम भाव–

इस भाव से सिर दर्द, मानसिक रोग, नजला एवं दिमागी कमजोरी का विचार किया जाता है। यह भाव व्यक्ति के स्वास्थ्य का प्रतिनिधि भाव है। व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का इस भाव से मूल्याङ्कन होता है।

द्वितीय भाव–

इस भाव से मृत्यु का विचार होता है। यह भाव नेत्र रोग, कर्ण रोग, मुख रोग, नासा रोग, दांतों के रोग तथा गले का खराबी का प्रतिनिधित्व करता है।

तृतीय भाव–

इस भाव से कण्ठ एवं गले की खराबी, गण्डमाला, श्वास, खांसी, दमा, फेफड़े

76– शुकदेव चतुर्वेदी- ज्योतिष शास्त्र में रोग विचार पृष्ठ 22 तथा 23

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के रोग एवं हाथ में होने वाले विकारों लूलापन आदि का विचार किया जाता है।

चतुर्थ भाव–

इस भाव से छाती, हृदय एवं पसलियों में होने वाले रोगों का विचार किया जाता है। पागलपन एवं अन्य मानसिक विकारों के विचार में भी इस भाव का उपयोग होता है।

पंञ्चम भाव–

इस भाव से मन्दाग्नि, अरूचि, पित्तरोग, जिगर, तिल्ली एवं गुर्दे के रोगों का विचार किया जाता है। यह भाव पेट के सभी रोगों का प्रतिनिधित्व करता है।

षष्ठ भाव–

इस भाव से कमर का दर्द, एपेन्डिक्स, आंतों की बीमारी, हार्निया एवं अश्मरी का विचार किया जाता हैं।

सप्तम भाव–

इस भाव से प्रमेह, मुधमेह, प्रदर, उपदंश, पथरी, गर्भाशय के रोग तथा बस्ति में होने वाले रोगों का विचार किया जाता है।

अष्टम भाव–

इस भाव से गुप्त रोग, वीर्य–विकार, अर्श, भगंदर; उपदंश, संसर्गजन्य रोग, वृषण रोग एवं मूत्रकृच्छ का विचार किया जाता है।

नवम भाव–

इस भाव से स्त्रियों के मासिक धर्म सम्बन्धी रोग, यकृत दोष, रक्त विकार, वायु विकार, कूल्हे का दर्द एवं मज्जा रोगों का विचार होता है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दशम भाव–

इस भाव से गठिया, कम्पवात, चर्म रोग, घुटने का दर्द एवं अन्य वायु रोगों का विचार किया जाता है।

एकादश भाव–

इस भाव से पैर में चोट, पैर की हड्डी टूटना, पिंडलियों में दर्द, शीत विकार एवं रक्त विकार का विचार किया जाता है।

द्वादश भाव–

इस भाव से असहिष्णुता (अलर्जी), कमजोरी, नेत्र–विकार, पोलियो एवं शरीर में रोगों के प्रतिरोध की क्षमता की कमी का विचार किया जाता है।

17– द्रेष्काण के आधार पर अङ्गों के प्रतिनिधि भाव–

मनुष्य के शरीर के किस अङ्ग में घाव, चोट या गांठ होगी? इसका विचार करने के लिए प्राचीन आचार्यों ने द्रेष्काण के आधार पर शरीर के तीन भागों की कल्पना कर लग्न आदि भावों को शरीर के विभिन्न अंगों का प्रतिनिधि माना है[77]। यथा–

यदि लग्न में प्रथम द्रेष्काण हो तो लग्न आदि भाव शिर से लेकर मुख तक के विभिन्न अङ्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां लग्न शिर का द्वितीय एवं द्वादश भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें नेत्र का, तृतीय एवं एकादश भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें कान का, चतुर्थ एवं दशम भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें नथुने का, पञ्चम एवं नवम भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें गाल का, षष्ठ एवं अष्टम भाव क्रमशः ठोडी के दाहिने एवं बायें भाव का तथा सप्तम भाव मुख का प्रतिनिधित्व करता है।

77– द्रेष्काण के अनुसार अङ्ग-ज्ञान
कन्दृक्श्रोत्रनसाकपोलहनवो वक्त्रञ्च होरादय-
स्ते कण्ठांसकबाहुपार्श्वहृदयक्रोडानि नाभिस्ततः।
बस्तिः शिश्नगुदे ततश्च वृषणावूरू ततो जानुनी
जङ्घाङ्घ्रीत्युभयत्र वाममुदितैर्द्रेष्काणभागैस्त्रिधा ।।77।। जातक पारिजात 3/77, पृष्ठ-137

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उपर्युक्त तथ्यों को निम्नलिखित तालिका में स्पष्ट किया गया है।[78]

लग्नस्थ द्रेष्काण के अनुसार शरीर के विभिन्न अंगों का द्वादश भावों में न्यास क्रम

लग्नराशि 0°–30°	लग्न	द्वि.भाव	तृ.भाव	चं.भाव	पं.भाव	ष.भाव स. भाव	
प्रथम द्रेष्काण 0°–10°	शिर	द.नेत्र	द.कान	द.नासा-रन्ध्र	द. कपोल	ठुड्डी मुख	
द्वितीय द्रेष्काण 10°–20°	कण्ड	स्कन्ध	भुजा	पार्श्व	हृदय	उदर नाभि	
तृतीय द्रेष्काण 20°–30°	बस्ति	लिङ्ग, गुदा	अण्ड-कोश	जङ्घा	घुटना	पिण्डली पैर	
लग्नराशि 0°–30°	लग्न	द्वादश भाव	एकादश भाव	दशम भाव	नवम भाव	अष्टम सप्तम भाव भाव	
प्रथम द्रेष्काण 0°–10°	शिर	वा.नेत्र	वा.कान	वा.नासा-रन्ध्र	वा. कपोल	वा.ठुड्डी मुख	
द्वितीय द्रेष्काण 10°–20°	कण्ठ	स्कन्ध	भुजा	पार्श्व	हृदय	उदर नाभि	
तृतीय द्रेष्काण 20°–30°	बस्ति	लिंङ्ग, गुदा	अण्ड-कोश	जङ्घा	घुटना	पिण्डली पैर	

उपर्युक्त तालिका में यह भी प्रदर्शित किया गया है कि यदि लग्न में द्वितीय द्रेष्काण हो तो लग्नादिभाव कण्ठ से लेकर नाभि तक के विभिन्न अङ्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यथा– लग्न कण्ठ का, द्वितीय एवं द्वादश भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें कन्धे का, तृतीय एवं एकादश भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें हाथ का, चतुर्थ एवं दशम भाव क्रमशः दाहिनी एवं बायीं बगल का, पञ्चम एवं नवम भाव क्रमशः हृदय (वक्ष) के दाहिने एवं बाये भाग का, षष्टम एवं अष्टम भाव क्रमशः पेट के दाहिने एवं बायें भाग का तथा सप्तम नाभि का प्रतिनिधित्व करता है।

यदि लग्न में तृतीय द्रेष्काण हो तो लग्न आदि भाव बस्ति से लेकर पैर तक के विभिन्न अंगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, यथा लग्न बस्ति का, द्वितीय एवं द्वादश

78– जातक पारिजात पृष्ठ 139

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भाव क्रमशः लिंग एवं गुदा का, तृतीय एवं एकादश भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें वृषण का, चतुर्थ एवं दशम भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें ऊरू का, पञ्चम एवं नवम भाव क्रमशः दाहिने एवं बायें घुटने का, षष्ठ एवं अष्टम भाव क्रमशः दाहिनी एवं बायीं जंघा का तथा सप्तम भाव पैर का प्रतिनिधित्व करता है–

18– **मारक भावः–**

कुण्डली में अष्टम तथा अष्टम से अष्टम–अर्थात् तृतीय ये दोनों भाव आयु के भाव माने गये हैं। अर्थात् अष्टम तथा तृतीय भाव से आयु का विचार किया जाता है तथा जिस प्रकार कुण्डली में बारहवाँ भाव 'व्यय' कहा जाता है, उसी प्रकार अष्टम एवं तृतीय भावों से बारहवें भाव–अर्थात् सप्तम एवं द्वितीय भाव आयु के व्यय के सूचक होते हैं। आयु का व्यय मृत्यु ही है। इसलिए सप्तम एवं द्वितीय भाव– ये दोनों भाव मृत्यु के सूचक होते हैं। यही कारण है कि इन भावों से मृत्यु या जीवन में मिलने वाले मृत्यु तुल्य कष्टों का विचार किया जाता है। इन दोनों भावों को मारक भाव कहते हैं।[79]

भाव विचार की सामान्य विधिः–

द्वादश भावों जो जो भाव शुभग्रहों से युक्त या दृष्ट होंगे उनका शुभ फल व पापयुक्त या दृष्ट का अशुभ फल होगा। जिस भाव में अति शत्रु की राशि गत, नीच या मित्रगहों से रहित अर्थात् शत्रुयुक्त ग्रह होंगे, उस भाव की भी हानि होगी। इसके विपरीत शुभ दृष्ट युक्त भाव द्रष्टा या स्थित ग्रह के बलानुसार फल देंगे।[80]

79– अष्टमं मारक स्थानमष्टमादष्टमं च यत्।
तयोरपिव्ययस्थानं मारकस्थानमुच्यते।
तत्राप्याद्यव्ययस्थानादुत्तरं बलवत्तरम् ।।2।।
तयोरीशौ तत्रगताः पापिनस्तेन संगताः।
पापिनस्ते च सर्वे हि ज्ञेयाः मारकसंज्ञका ।।3।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 40/2 तथा 3, पृष्ठ-320

80– भाव विचार की सामान्य विधिः-
लग्नादिव्ययपर्यन्तं भावाः संज्ञानुरूपतः।
फलदाः शुभसंदृष्टा युक्ता वा शोभनप्रदाः ।।13।।
पापदृष्टयुता भावः कल्याणेत्तरदायकाः।
नितरां शत्रुनीचस्थैर्न मित्रोपगतैश्च तैः।।
सौम्येदृष्टयुताभावा ग्रहवीर्यात्फलाप्रदाः ।।14।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 5/13 तथा 14, पृष्ठ-57

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

वस्तुतः जातक शास्त्र के सिद्धान्त इतने अधिक विस्तृत हैं कि उन्हें प्रस्तुत अध्याय में समाहित करना अत्यन्त कठिन है। अतएव सङ्क्षेप में मात्र उन्हीं आधारभूत नियमों का उल्लेख किया गया है जो हमारी शोध प्रक्रिया के लिए अति उपादेय हैं।

भावों की कुछ महत्वपूर्ण संज्ञाएं–

इस शोध–प्रबन्ध के अग्रिम–अध्यायों में योगों का विचार करते समय जिन ग्रह योगों का वर्णन किया गया है, उनमें भावों की केन्द्र, त्रिकोण, त्रिक आदि संज्ञाओं का यथा–स्थान स्वाभाविक रूप से उपयोग हुआ है। अतः योग एवं उनके योगों का विचार करने से पहले भावों की उन महत्वपूर्ण संज्ञाओं पर संक्षेप में प्रकाश डाला जा रहा है, जिनका आगे उपयोग किया जायेगा।

केन्द्र–

कुण्डली में लग्न, चतुर्थ, सप्तम एवं दशम भाव की केन्द्र कहा जाता है।[81]

त्रिकोण–

कुण्डली के पञ्चम एवं नवम भाव को त्रिकोण कहते हैं।[82]

पणफर–

कुण्डली के द्वितीय, पञ्चम, अष्टम एवं एकादश भाव को पणफर कहते हैं।[83]

आपोक्लिम–

कुण्डली के तृतीय, षष्ठ, नवम एवं द्वादश भाव को आपोक्लिम कहते हैं।[84]

81- भावों की केन्द्रादि संज्ञाएँ
मेषूरणोदयकलत्ररसातलानि
स्युः केन्द्रकण्टकचतुष्टयसंज्ञितानि। जातक पारिजात 1/53, पृष्ठ-33

82- लग्नात्त्रिकोणभवनं नवपञ्चमं च
स्यात्त्रित्रिकोणमुदयान्नवमं वदन्ति ।।53।। तत्रैव

83- तनुसुखमदनाज्ञा राशयः केन्द्रसंज्ञाः
पणफरभवनानि स्वायपुत्राष्टमानि।
वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 1/54

84- व्ययरिपुगुरूश्चिक्यानि चापोक्लिमानि
प्रभवति चतुरस्त्रं मृत्युबधुद्वयं च ।।54।। तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

त्रिषडाय–

कुण्डली के तृतीय, षष्ठ एवं एकादश भाव को त्रिषडाय कहते हैं।[85]

त्रिक–

कुण्डली के षष्ठ, अष्टम एवं द्वादश भाव को त्रिक कहते हैं।

द्विद्वांदश–

कुण्डली के द्वितीय तथा द्वादश– इन दोनों भावों को द्विद्वादंश कहते हैं।

उपचय–

कुण्डली में तृतीय, षष्ठ, दशम एवं एकादश भाव को उपचय कहते हैं।[86]

पीडर्क्ष–

कुण्डली के लग्न, द्वितीय, चतुर्थ, पंचम, सप्तम, अष्टम, नवम एवं द्वादश भाव को पीडर्क्ष कहते हैं।[87]

जातक शास्त्रों में सभी द्वादश भावों के लिए भिन्न–भिन्न पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग किया गया है जो निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित है।

भाव	संज्ञा	पर्याय
प्रथम	लग्न	1–उद्गम, 2–आद्य, 3– तनु, 4– काय, 5– कलेवर 6–अंग, 7–होरा, 8–वपुष्, 9–मूर्ति, 10–विलग्न, 11–कल्प
द्वितीय	धन	1–वित्त, 2–द्रविण, 3–कोष, 4–कुटुम्ब, 5–भुक्ति, 6–स्व, 7–अर्थ, 8–वसु, 9–वाक्, 11–नयन, 12–आनन[88]

85- त्रिषडायेशों (3.6.11) का नियम :-
त्रिषडायाधिपाः सर्वे ग्रहाः पापफलप्रदाः ।।4।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् -32/4, पृष्ठ-245

86- दुश्चिक्यायारिमानान्युपचयभवनान्याहुराचार्यमुख्याः
शेषाः पीडर्क्षसंज्ञा नवधनजलधीकामरन्ध्रान्त्यहोराः।जातक परिजात 1/55, पृष्ठ-33

87- तत्रैव

88- लग्नोद्गमाद्यतनुकायकलेवराङ्ग-
होरावपुःप्रथममूर्त्तिविलग्नकल्पाः।
वित्तं धनं द्रविणकोशकुटुम्बभुक्ति-
स्वार्थ द्वितीय वसुवाङ्नयनाननानि। जातकभूषणम् अधयाय-1 श्लोक 24.

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तृतीय	सहज	1–भाई, 2–सहोदर, 3–पराक्रम, 4–कर्ण, 5–धैर्य, 6–दुश्चिक्य, 7–शूरता, 8–बल, 9–विक्रम, 10–भुजा
चतुर्थ	सुख	1–सौख्य, 2–हिबुक, 3–मित्र, 4–रसातल, 5–अम्बा, 6–जल, 7–बान्धव, 8–गृह, 9–निकेत, 10–तुरीय, 11–तूर्य[89]
पंचम	सुत	1–संतान, 2–संतति, 3–पुत्र, 4–आत्मज, 5–नन्दन, 6–प्रबन्ध, 7–तनय, 8–मति, 9–मंत्र, 10–विद्या
षष्ठ	शत्रु	1–वैरी, 2–विपक्ष, 3–रिपु, 4–शात्रव, 5–षष्ठ, 6–द्वेष्य, 7–सपत्न, 8–पर, 9–राग, 10–क्षत, 11–मान्द्य, 12–रूक्[90]
सप्तम	जाय	1–काम, 2–कलत्र, 3–मदन, 4–अस्मय, 5–अस्त, 6–जामित्र, 7–मनवत, 8–मद, 9–द्यून, 10–दारा, 11–मार
अष्टम	मृत्यु	1–मृति, 2–प्रलय, 3–याम्य, 4–निमीलन, 5–आयु, 6–रन्ध्र, 7–क्षय, 8–वध, 9–आह्व, 10–नैधन[91]
नवम्	भाग्य	1–विधि, 2–नियति, 3–पुण्य, 4–तन, 5–शुभ, 6–अध यवन्, 7–अंक, 8–त्रित्रिकोण, 9–करूणा, 10–गुरू, 11–तीर्थ, 12–धर्म
दशम्	कर्म	1–आस्पद, 2–जनक, 3–राज्य, 4–पद, 5–अम्बर, 6–आज्ञा, 7–मेषूरण, 8–ऋतु, 9–ख, 10–मान, 11–नभ, 12–वणिज्या[92]

89– भ्राता सहोदरपराक्रमकर्णधैर्य्य- दुश्चिक्यशौर्य्यबलविक्रमदोःसहोत्थाः।
सौख्यं सुखं हिबुकमित्ररसातलाम्बा-ऽम्भोबान्धवालयनिकेततुरीयतुर्य्याः।जातकभूषणम्- अधयाय-1 श्लोक-25, पृष्ठ-32

90– सन्तानसन्ततिसुतात्मजनन्दनात्म- पुत्रप्रबन्धतनया मतिमंत्रविद्याः।
वैरी विपक्षरिपुशात्रवशत्रुषष्ठ द्वेष्याः सपत्नपररूक्क्षतमान्द्यरोगाः।।तत्रैव- श्लोक-26, पृष्ठ-32

91– कामः कलत्रमदनास्तमयास्तजाया- जामित्रमन्मथमदद्युनदारमाराः।
मुत्युर्मृतिः प्रलययाभ्यनिमीलनायू- रन्ध्राष्टमक्षयवधाहवनैधनानि।। तत्रैव- श्लोक-27, पृष्ठ-33

92– भाग्यं विधिर्नियतिपुण्यतपःशुभाध्वा- ङ्कत्रित्रिकोणकरुणागुरूतीर्थधर्म्माः।
कर्मास्पदं जनकराज्यपदाम्बराज्ञा- मेषूरणऋतुखमाननभोवणिज्याः।।तत्रैव- श्लोक-28, पृष्ठ-33

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

एकादश	आय	1–लभन, 2–लब्धि, 3–भव, 4–लाभ, 5–उपान्त्य, आगम, 6–समवाप्ति, 7–अवाप्ति, 8–आप्ति
द्वादश	व्यय	1–प्रान्त्य, 2–अवसान, 3–चरम, 4–व्यय, 5–रिफ, 6–बाधा, 7–अपाय, 8–व्यथा, 9–व्यथन, 10–पीड़न, 11–मन्त्रिन, 12–अक्[93]

जातक ग्रन्थों में सभी ग्रहों के लिये भी भिन्न–भिन्न पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग किया गया है, जो निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित हैं।

ग्रह का नाम	पर्याय
सूर्य	1–इन, 2–भानु, 3–अर्क, 4–भग, 5–अरूण, 6–अर्यमा, 7–मार्त्तण्ड, 8–भास्वत्, 9–रवि, 10–सूर, 11–भास्कर,
चन्द्र	1–शशी, 2–ग्लौ, 3–विधु, 4–इन्दु, 5–चन्द्रमा, 6–सोम, 7–अब्ज, 8–शीतांशु, 9–भप, 10–छपाकर[94]
मंगल	1–वक्र, 2–अस्त्र, 3–महीज, 4–मंगल, 5–अंगारक, 6–असृक्, 7–कुज, लोहितांशु
बुध	1–सौम्य, 2–ऐन्दव, 3–ज्ञ, 4–बुध, 5–चान्द्रि, 6–बोधन, 7–विद् 8–रौहिणेय, 9–इन्दुज, 10–हेम्न 11–कोविद[95]
बृहस्पति	1–इज्य, 2–अमरमंत्री, 3–वाक्पति, 4–सुरेज्य, 5–जीव, 6–आंगिरस, 7–अर्चित
शुक्र	1–सित, 2–उशना, 3–अच्छ, 4–असुरवन्द्य, 5–भार्गव, 6–भ, 7–काव्य, 8–आस्फुजित्, 9–भृगु, 10–कवि[96]

93– एकादशोलभनलब्धिभवायलाभो-
पान्त्यागमानि समवाप्तिरवाप्तिराप्तिः।
प्रान्त्यावसान चरमव्ययरिः फबाधा-
ऽपायव्यथाव्यथनपीडनमंत्रिणोऽकम्। जातकभूषणम्- अध्याय-1, श्लोक-29, पृष्ठ-34

94– सूर्य्येनभान्वर्कभगारूणार्य्यम- मार्त्तण्डभास्वद्रविसूरभास्कराः
चन्द्र शशीग्लौर्विधुरिन्दुचन्द्रम- स्सोमाब्जशीतांशुभपक्षपाकराः।।जातकभूषणम्- अध्याय-2,श्लोक-3, पृष्ठ-37

95– भौमारवक्रास्रमहीजमङ्गला अङ्गारकासृक्कुजलोहितांशवः।
सौम्यैन्दवज्ञा बुधचान्द्रिबोधना विद्रौहिणेयेन्दुजहेम्नकोविदाः।।तत्रैव- श्लोक-4, पृष्ठ-37

96– बृहस्पतीज्यामरमन्त्रिवाक्पति सुरेज्यजीवाङ्गिरसार्च्चिता गुरुः।

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शनि	1–मन्द, 2–मृदु, 3–कृष्ण, 4–शनैश्चर, 5–छायाज, 6–कोण, 7–असित, 8–सौरि, 9–सूर्यज
राहु	1–स्वर्भानु, 2–सिंहीज, 3–तम, 4–असुर, 5–अहि, 6–अगु, 7–उरग
केतु	1–अनिल, 2–ध्वज, 3–शिखिन्[97]

जातक ग्रन्थों में सभी द्वादश राशियों के लिए भी भिन्न–भिन्न पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग किया गया है, जो निम्नलिखित है–[98]

मेष	1–अज, 2–विश्व, 3–क्रिय, 4–तुम्बुर
वृष	1–उक्ष, 2–गौ, 3–ताबरू, 4–गोकुल
मिथुन	1–द्वन्द्व, 2–नृयुग्म, 3–जुतुम, 4–यम, 5–युग, 5–तृतीय
कर्क	1–कुलीर, 2–कर्काटक, 3–कर्कट
सिंह	1–कण्ठीरव, 2–मृगेन्द्र, 3–लेय
कन्या	1–पाथोन, 2–रमणी, 3–तरूणी
तुला	1–तौली, 2–वाणिक्, 3–जूक, 4–घट
वृश्चिक	1–अलि, 2–अष्टम, 3–कौर्पि, 4–कीट
धनु	1–धन्वी, 2–चाप, 3–शरासन
मकर	1–मृग, 2–मृगास्य, 3–मकर, 4–नक्र
कुम्भ	1–घट, 2–तोय
मीन	1–अन्त्य, 2–मत्स्य, 3–पृथुरोमा।

97– मन्दो मृदुः कृष्णशनी शनैश्चर- च्छायाजकोणासितसौरिसूर्य्यजाः।
स्वर्भाणुसिंहीजतमोऽसुराह्यगु राहूरगाः केत्वनिलध्वजाः शिखी।।जातकभूषणम्- अधयाय-2, श्लोक-6, पृष्ठ-38

98– मेषाजविश्वक्रियतुम्बुराद्या वृषोक्षगोताबुरूगोकुलानि।
द्वन्द्वं नृयुग्मं जुतुमं यमं च युगं तृतीयं मिथुनं वदन्ति।।
कुलीरकर्काटककर्कटाख्याः कण्ठीरवः सिंहमृगेन्द्रलेयाः।
पाथ्रोनकन्यारमणीतरूण्यस्तौली वणिक्जूकतुलाघटाश्च।।
अल्यष्टमं वृश्चिककौर्पिकीटाः धन्वी धनुश्चापशरासनानि।
मृगो मृगास्यो मकरश्च नक्रः कुम्भो घटस्तोयधराभिधानः।।
मीनान्त्यमत्स्यपृथुरोमझषा वदन्ति।। (जातक पारिजात अध्याय 1

CC-0. Maharshi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Kalaundi, Jabalpur, MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जातक ग्रन्थों में उल्लिखित श्लोकों तथा सूत्रों में उपर्युक्त पर्यायों का भरपूर प्रयोग किया गया है। अतएव इन श्लोकों तथा सूत्रों में अन्तर्निहित तथ्यों को भली–भांति समझने के लिए इनका सम्यक् ज्ञान अति आवश्यक है।

यद्यपि यहां जिन ज्योतिषीय सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है, वे सर्वत्र प्राप्त होते हैं, तथापि इन्हें अत्यन्त संक्षेप में यहां प्रस्तुत किया गया है। रोग विचार के सन्दर्भ में सामान्य ज्योतिषीय बातों का निदर्शन अवश्य किया जाना चाहिए। एतदर्थ यह विषय केवल ज्योतिष के चञ्चु प्रवेश हेतु आवश्यक जानकर उपनिबद्ध किया गया है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट-3

NASA Images Discover Ancient Bridge (Adam's Bridge) between India and Sri Lanka

(Courtesy : NASA Digital Image Collection)

Space images taken by NASA reveal a mysterious ancient bridge in the Palk Strait between India and Sri Lanka. The recently discovered bridge currently named as Adam´s Bridge is made of chain of shoals, c.18 mi (30 km) long.

The bridge´s unique curvature and composition by age reveals that it is man made. The legends as well as Archeological studies reveal that the first signs of human inhabitants in Sri Lanka date back to the a primitive age, about 1,750,000 years ago and the bridge´s age is also almost equivalent.

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट-3

This information is a crucial aspect for an insight into the mysterious legend called Ramayana, which was supposed to have taken place in tredha yuga (more than 1,700,000 years ago).

In this epic, there is a mentioning about a bridge, which was built between Rameshwaram (India) and Srilankan coast under the supervision of a dynamic and invincible figure called Rama who is supposed to be the incarnation of the supreme.

This information may not be of much importance to the archeologists who are interested in exploring the origins of man, but it is sure to open the spiritual gates of the people of the world to have come to know an ancient history linked to the Indian mythology.



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट-4

COSMIC COUNTERPARTS OF HUMAN PHYSIOLOGY

Professor Tony Nader, M.D., Ph.D., has discovered the precise one-to-one relationship between the fundamental structures and functions of human physiology (individual life) and the fundamental structures of Natural Law (cosmic life). The fundamental structures of Natural Law connect individual intelligence with cosmic intelligence—the basic structures of the human nervous system with their 'cosmic counterparts'



① • Surya or Sun ① • Thalamus	④ • Budha or Mercury ④ • Subthalamus	⑦ • Shani or Saturn ⑦ • Putamen
② • Chandra or Moon ② • Hypothalamus	⑤ • Guru or Jupiter ⑤ • Globus Pallidus	⑧ • Rahu or Ascending Lunar Node ⑧ • Nucleus Caudatus, head
③ • Mangala or Mars ③ • Amygdala	⑥ • Shukra or Venus ⑥ • Substancia Nigra	⑨ • Ketu or Descending Lunar Node ⑨ • Nucleus Caudatus, tail

This illustration from Professor Nader's book, Human Physiology, Expression of Veda and the Vedic Literature, presents a coronal section of the brain with its internal structures, and their one-to-one relationship with the nine 'cosmic counterparts,' the nine Grahas (planets).

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट-4ए



मानव मस्तिष्क के विभिन्न भाग



चित्र 1– बृहद् मस्तिष्क के खण्ड, दरारें तथा अधिष्ठान

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट-5



Science Frontiers
ONLINE

No. 48: Nov-Dec 1986

Issue Contents

The Cosmic Chemistry Of Life

C. Ponnamperuma, at the University of Maryland, speculates that the genetic code employed by earth life may, in fact, reflect a universal chemistry. His lab data "suggest that the formation and linking of life's building blocks -- amino acids and nucleotides -- may have been all but inevitable, given the starting chemistry of earth's 'primordial soup.'" Going even further Ponnamperuma believes that "if there is life elsewhere in the universe, chemically speaking it would be very similar to what we have on earth."

(Raloff, J.; "Is There a Cosmic Chemistry of Life?" *Science News*, 130:182, 1986.)

Other pages

- Home Page
- Science Frontiers Online
  - All Issues
  - This Issue
- Sourcebook Project
- Sourcebook Subjects

From Science Frontiers #48, NOV-DEC 1986. © 1986-2000 William R. Corliss

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

।। काल पुरुष नक्षत्र पुरुष चक्र ।।



स्वाती---दाँत, शतभिषा–हँसी

काल पुरुष का अंग विभाग–

कालाङ्गानि वराङ्गमानन मुरो द्वत्क्रोडवासो भृतो,
बस्तिर्व्यजनमूरुजानुयुगलं जङ्घे ततोऽङ्घ्रिद्वयम् ।
मेषाश्विप्रथमा नवर्क्ष चरणाश्चक्रस्थिता राशयो
राशिक्षेत्रगहर्क्षभानि भवनं चैकार्थसम्प्रत्यये ।। 4 ।। बृहज्जातकम् १/५

(शार्दूलविक्रीडित)

नक्षत्रमानवतनुप्रतिमे विभागे,
लक्ष्मादिशेत् तुहिनरश्मिदिनेशयुक्ते ।। 17 ।। तत्रैव - १६/१७

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय-द्वितीय
जातक शास्त्र में मनोरोग विमर्श

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय द्वितीय

जातक शास्त्र में मनोरोग विमर्श

यद्यपि ज्योतिष शास्त्र, चिकित्सा शास्त्र नहीं है तथापि इसमें विभिन्न रोगों तथा उनको उत्पन्न करने वाले अनेक ग्रहीय स्थितियों का विवरण प्राप्त होता है।

जिस प्रकार आयुर्वेद में शारीरिक रोगों तथा मानसिक रोगों का भेद बतलाया गया है उसी प्रकार का विवरण जातक ग्रन्थों में भी प्राप्त होता है।

चरक संहिता में शारीरिक तथा मानसिक रोगों का भेद बतलाते हुए कहा गया है कि– 1– वात, 2– पित्त, 3–कफ– ये तीनों शरीर सम्बन्धी दोष हैं और मानस दोष हैं– 1– रज तथा 2– तम्।[1]

जातक शास्त्र में भी शारीरिक तथा मानसिक रोगों का भेद बतलाते हुए कहा गया है कि– "वात, पित्त और कफ के विकार से उत्पन्न अथवा इनमें किन्हीं दो के संसर्ग से उत्पन्न तथा सन्निपात आदि दोषों से उत्पन्न रोगों को शारीरिक रोग कहा जाता है।[2]

मानसिक रोगों के सम्बन्ध में कहा गया है कि क्रोध, हर्ष और शोक आदि आवेगों से उत्पन्न रोग मानसिक रोग कहे जाते हैं।[3]

इन रोगों को उत्पन्न करने वाले ज्योतिषीय कारणों का विवरण देते हुए पूर्व अध्याय में यह स्पष्ट किया गया है कि सभी ग्रह, नक्षत्र, राशियां तथा भाव शरीर

1- वायुः पित्तं कफश्चोक्तः शरीरो दोष संग्रहः।
मानसः पुनरूद्दिष्टो रजश्च तमएव च।। (चरक संहिता- सूत्र स्थान 1/57 पृष्ठ 28

2- शारीरिक रोगः-
वातपित्तकफोद्भूताः पृथक्संसर्गजास्तथा।
सन्निपातभवांश्चैते शारीराः कीर्तिता गदाः।। 12/20 प्रश्नमार्ग पृष्ठ 177

3- क्रोधसाध्वसशोकादिवेगजातास्तुमानसाः।
ज्ञेया रन्ध्रमनोनाथमिथोयोगेक्षणादिभिः।। 12/22 प्रश्नमार्ग पृष्ठ 177

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के भिन्न–भिन्न अङ्गों के प्रतिनिधि हैं तथा अपनी रोग कारक स्थितियों में तत्सम्बन्धी अङ्गों को रोगग्रस्त करते हैं।

ज्योतिष शास्त्र का यह भी सिद्धान्त है कि प्रत्येक ग्रह की अलग–अलग मानसिक स्थितियां भी होती हैं। "जातक पारिजात" में उल्लिखित सिद्धान्त के अनुसार ग्रहों की मानसिक स्थितियां 10 प्रकार की होती है। 1– दीप्त, 2– प्रमुदित, 3– स्वस्थ, 4– शान्त, 5– शक्त, 6– प्रपीडित, 7– दीन, 8– खल, 9–विकल, 10–भीत।[4]

भिन्न–भिन्न ग्रह कब किन मानसिक स्थितियों में होंगे इनका भी उपर्युक्त ग्रन्थ में उल्लेख है, जो निम्नलिखित है:–[5]

1– अपनी उच्च राशि में मूलत्रिकोण में स्थित ग्रह प्रदीप्त होते हैं।

2– स्वगृह अर्थात् अपनी राशि में स्थित ग्रह स्वस्थ होते हैं।

3– मित्र राशि में प्रमुदित होते हैं।

4– शुभग्रहों के वर्ग में शान्त होते हैं।

5– स्फुटरश्मिजाल से युक्त ग्रह शक्त होते हैं।

6– युद्ध में पराजित ग्रह अतिपीड़ित होते हैं।

7– शत्रु राशि में और शत्रु नवमांश में अतिदीन होते हैं।

8– पापग्रह के वर्ग में खल होते हैं।

9– अपनी नीचराशि में अतिभीत होते हैं।

4- दीप्तः प्रमुदितः स्वस्थः शान्तः शक्तः प्रपीडितः।
दीनः खलस्तु विकलो भीतोऽवस्था दश क्रमात्।। 2/16 जातक पारिजात पृष्ठ 48

5- स्वोच्चत्रिकोणोपगतः प्रदीप्तः स्वस्थः स्वगेहे मुदितः सुहृद्भे।
शान्तस्तु सौम्यग्रहवर्गयातः शक्तोऽतिशुद्धः स्फुटरश्मिजालैः।।
महाभिभूतस्त्वतिपीडितः स्यादरातिराश्यंशगतोऽतिदीनः।
खलस्तु पापग्रहवर्गयोगान्नीचेऽतिभीतो विकलोऽस्तयातः।। 2/17 तथा 2/18 जातक पारिजात पृष्ठ 48

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

10– अस्त ग्रह विकल होते हैं।

"जातक पारिजात" में उल्लिखित ग्रहों की दश मानसिक स्थितियों के समान ही जातक ग्रन्थ "सारावली" में भी ग्रहों की नौ मानसिक स्थितियों का विवरण है। इनके नाम भी वही हैं, जैसे दीप्त तथा स्वस्थ आदि।[6]

"सारावली" के अनुसार ग्रहों की सभी स्थितियों का फल निम्नलिखित है:–

1– **दीप्त ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह अपनी दीप्त स्थिति में हो तो जातक प्रताप एवं यश से युक्त होता है तथा वह हर प्रकार के सुख का अनुभव करता है।[7]

2– **स्वस्थ ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह स्वस्थ अवस्था में हो तो जातक पूर्ण स्वस्थ होता है तथा आनन्दित रहता है।[8]

3– **मुदित ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह मुदित अवस्था में हो तो जातक प्रसन्नचित्त होकर विलास करता है तथा समस्त सुखों का भोगकर्ता होता है।[9]

4– **शान्त अवस्थागत ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह शान्त स्थिति में हो तो चित्त में अधिक शान्ति होती है तथा जातक

6- दीप्तः स्वस्थो मुदितः शान्तः शक्तो निपीडितो भीतः।
विकलः खलश्च कथितो नवप्रकारो ग्रहों हरिणा।। सारावली 5/2 पृष्ठ 26

7- दीप्ते विचरति पुरूषः प्रतापविषमाग्निदग्धरिपुवर्गः।
लक्ष्म्यालिङ्गितदेहो गजमदसंसिक्तभूपृष्ठः।। सारावली 5/5 पृष्ठ 26

8- स्वस्थ करोति जन्मनि रत्नानि सुखानि कनकपरिवारान्।
नृपतेर्दण्डपतित्वं गृहधान्यकुटुम्बपरिवृद्धिम्।। तत्रैव 5/6 पृष्ठ 26

9- मुदिते विलसति मुदितो विलासिनीकनकरत्नपरिपूर्णः।
विजितसकलारिपक्षः [illegible] नरो भवति।। तत्रैव 5/7 पृष्ठ 27

CC-0. Maharshi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुखी एवं पसेपकारी होता है।[10]

5– **शक्त अवस्थागत ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह शक्त अवस्था में हो तो जातक आनन्दित होता है। उसकी कीर्ति सदा विस्तृत होती है और संसार में ख्याति प्राप्त करता है।[11]

6– **पीड़ित अवस्थागत ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह पीड़ित अवस्था में हो तो जातक नाना प्रकार के दुःखों तथा पीड़ाओं से घिरा रहता है। वह सन्तप्त होकर देश देशान्तर में विचररण करता है।[12]

7– **भीत अवस्थागत ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह भीत अवस्था में हो तो जातक निर्बल या पराजित होकर परम दीनता का अनुभव करता है।[13]

8– **विकल अवस्थागत ग्रह का फलः–**

यदि ग्रह विकल अवस्था में हो तो जातक शत्रु से भयभीत होकर अपने स्थान से पृथक् होता है और क्लेश का अनुभव करता है, उसका चित्त मलीन रहता है।[14]

9– **खल अवस्थागत ग्रह का फलः–**

यदि खल अवस्था में ग्रह हो तो जातक परिवार के दुःख से दुःखी तथा

10- शान्ते प्रशान्तचित्तः सुखधनभागी महीपतेः सचिवः।
विद्वान्तपरोपकारी धर्मपरो जायते पुरूषः।। सारावली 5/8 पृष्ठ 27

11- स्त्रीवस्त्रमाल्यागन्धैर्विलसति पुरूषः सदा विततकीर्तिः।
दयितः सर्वजनस्य च शक्ताख्ये भवति विख्यातः।। तत्रैव 5/9 पृष्ठ 27

12- दुःखैर्व्याधिभिररिभिः प्रपीडयते पीडिताख्ये तु।
देशाद्देशं विचरति बन्धुवियोगाभिसंतप्तः।। तत्रैव 5/10 पृष्ठ 27

13- बहुसाधनोऽपि राजा प्रध्वस्तबलः प्रपीडितो रिपुणा।
नाशमुपयाति विजितो भीते दैन्यं परं प्राप्तः।। तत्रैव 5/11 पृष्ठ 27

14- स्वस्थानपरिभ्रष्टः क्लिष्टो मलिनः प्रयाति परदेशम्।
विध्वस्तबलो विकले रिपुबलसंचकितचित्तश्च।। तत्रैव 5/12 पृष्ठ 27

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYV), Kanchanbagh,Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कलुषित मन वाला तथा अन्तःकरण के शोक के भार को दूर नहीं कर पाता।[15]

"जातक पारिजात" तथा "सारावली" आदि ग्रन्थों में उल्लिखित दीप्तादि मानसिक स्थितियों के अतिरिक्त "बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" में ग्रहों की मानसिक स्थितियों को तीन अन्य वर्गों में विभक्त किया गया है:– 1– जाग्रतादि अवस्थायें, 2– लज्जितादि अवस्थायें और 3– शयनादि अवस्थायें।

1– **जाग्रतादि अवस्थायें:–**

जाग्रतादि अवस्थाओं को तीन प्रकार का बतलाया गया है:– 1– जाग्रत, 2–स्वप्न, 3– सुषुप्ति।[16]

जाग्रत अवस्था में पूर्ण फल, स्वप्न अवस्था में मध्यम फल तथा सुषुप्ति अवस्था में शून्य फल होता है।[17]

2– **लज्जितादि अवस्थायें:–**

इस वर्ग में छः अवस्थायें हैं:– 1– लज्जित, 2– गर्वित, 3– क्षुधित, 4– तृषित, 5– मुदित, 6– क्षोभित

1– **लज्जित अवस्था–** जो ग्रह अपने पुत्र ग्रह (जैसे सूर्य शनि के घर में तथा चन्द्र बुध के घर में) की राशि में स्थित है या जो ग्रह राहु, केतु से युक्त हो अथवा जो ग्रह सूर्य, मङ्गल, शनि से युक्त हो वे लज्जित ग्रह होते हैं।[18]

15– स्त्रीभरण दुःखतप्तः समस्तधननाशकलुषितमनस्कः।
न जहाति शोकभारं कथमपि खलसंज्ञिते पुरूषः।। सारावली 5/13 पृष्ठ 28

16– विज्ञाय प्रथमं पुंसां जाग्रतस्वप्नसुषुप्तिकाः।
विशेषेण परीक्षा स्याज्जाग्रतः कार्यसाधकः।। वृहतपाराशरहोराशास्त्रम् 42/6 पृष्ठ 363

17– स्वप्नावस्था मध्यफला विज्ञेया मुनिसतम।
निष्फला चरमावस्था फलमेवं हि कल्पितम्।। वृहतपाराशरहोराशास्त्रम् 42/7 पृष्ठ 363

18– पुत्रगेहगतः खेटो राहु केतुयुतोऽथवा।
रविमन्दकुजैर्युक्तो लज्जितो ग्रह उच्चयते।। तत्रैव 42/23 पृष्ठ 366

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

फल– लज्जितावस्थागत ग्रह से नास्तिकता, बुद्धि की हानि, वृथा भ्रमण, कलहकारी बातों में रूचि तथा अच्छे कामों में मन नहीं लगता है।[19]

2– **गर्वितावस्था**– स्वोच्चगत, मूल त्रिकोणगत, ये दोनों ग्रह गर्वित होते हैं।[20]

फल– गर्वित ग्रह की दशा में नये मकान का सुख, उपवन, उद्यान का सुख, कला प्रेम तथा कला योग्यता तथा सम्पर्क आदि में वृद्धि होती है।[21]

3– **क्षुधितावस्था**– शत्रुक्षेत्री, अशुभयुक्त, अशुभ दृष्ट तथा शनि से युक्त ग्रह क्षुधित होते हैं।[22]

फल– क्षुधितावस्था में ग्रह से शोक, मोह, परिवार का कष्ट, मानसिक विक्षोभ, कमजोरी, कलह, शत्रुओं से वैर भाव तथा विषाद के कारण बुद्धि विपर्यय होता है।[23]

4– **तृषितावस्था**– जल राशि (कर्क, मीन) में स्थित ग्रह यदि शत्रु दृष्ट भी हों तथा शुभ ग्रह से दृष्ट न हो तो तृषितावस्था होती है।[24]

फल– तृषितावस्था में अपनी स्त्री को रोग, दुष्टतापूर्ण कार्यों में लिप्त होना,

---

19– दिशति लज्जितभाववशाद्रतिं विगतराममतिं विमतिक्षयम्।
सुतगदागमनं गमनं वृथा कलिकथाभिरूचिं न रूचिं शुभे।। वृहतपाराशरहोराशास्त्रम् 42/37 पृष्ठ 368

20– तुङ्गस्थानगतो वापि त्रिकोणेऽपि भवेत्पुनः।
गर्वितः सोऽपि गदितो निर्विशंक द्विजोत्तम।। तत्रैव 42/24 पृष्ठ 366

21– नृपालयारामसुखं नृपत्वं कलापटुत्वं विदधाति पुंसाम्।
सदार्थलाभं व्यवहारवृद्धिं फलं विशेषादिह गर्वितस्य।। तत्रैव 42/35 पृष्ठ 368

22– शत्रुगेही शत्रुयुक्तो रिपुदृष्टो भवेद्यदा।
क्षुधितः स च विज्ञेयः शनियुक्तो यथा तथा। तत्रैव 42/25 पृष्ठ 366

23– क्षुधितखगवशाद्वै शोकमोहादिपातः।
परिजनपरितापादाधिभीत्या कृशत्वम्।।
कलिरपि रिपुलोकैरर्थबाधा नराणा-
मखिलबलनिरोधो बुद्धिरोधो विषादात्।। तत्रैव 42/39 पृष्ठ 368

24– जलराशि स्थितः खेटः शत्रुणा चावलोकितः
शुभग्रहाः न पश्यन्ति तृषितः स उदाहृतः।। तत्रैव 42/26 पृष्ठ 366

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अपने लोगों में बदनामी, धन हानि, मान हानि तथा कमजोरी आदि होती है।[25]

5– **मुदितावस्थाः–** मित्र क्षेत्री, मित्र ग्रह से युक्त, मित्र से दृष्ट, गुरू से युक्त ग्रह मुदित होते हैं।[26]

फल– मुदितावस्थागत ग्रह से आवास का सुख, स्वच्छ उत्तम वस्त्र, आभूषण, अपने लोगों में महत्व, शत्रुओं का नाश तथा बुद्धि में वृद्धि होती है।[27]

6– **क्षोभितावस्था–** सूर्य से युक्त होकर केवल अपने शत्रु ग्रह से या कई पाप ग्रहों से दृष्ट हो तो क्षोभितावस्था होती है।[26]

फल– क्षेभित ग्रह की दशा में शोक, कुबुद्धि, दरिद्रता, धन नाश तथा पैरों में कष्ट आदि होते हैं।[29]

3– **शयनादि अवस्थायेंः–**

शयनादि अवस्थाओं को बारह प्रकार का बतलाया गया हैः– 1– शयन, 2– उपवेशन, 3– नेत्रपाणि, 4– प्रकाशन, 5– गमन, 6– आगमन, 7– सभावास, 8– आगम, 9– भोजन, 10– नृत्यलिप्सा, 11– कौतुक, 12– निद्रा।[30]

25- तृषितखगभवे स्वांगनासंगमध्ये,
भवति गदविकारो दुष्टकार्याधिकारः।
निजजनपरिवादादर्थहानिः कृशत्वं
खलकृतपरितापो मानहानिः सदैव।। वृहतपाराशरहोराशास्त्रम् 42/40 पृष्ठ 369

26- भित्रगेही मित्रयुक्तो मित्रेण च विलोकितः।
गुरूणा सहितो यश्च मुदितः पश्यन्ति सर्वथा।। तत्रैव 42/27 पृष्ठ 366

27- भवति मुदित योगे वासशाला विशाला,
विमलवसनभूषा भूमियोषासु सौख्यम्।
स्वजनजनविलासो भूमिपागारवासो,
रिपुनिवहविनाशो बुद्धिविद्याप्रकाशः।। तत्रैव 42/36 पृष्ठ 368

28- रविणा सहितो यश्व पापाः पश्यन्ति सर्वथा।
क्षोभितं तं विजानीयाच्छत्रुणा यदि वीक्षितः।। तत्रैव 42/28 पृष्ठ 367

29- सङ्क्षोभितस्यापि फलं विशेषाद् दरिद्रजातं कुमतिं च कष्टम्।
करोति वित्तक्षयमंघ्रिबाधां धनाप्तिबाधामवनीशकोपात्।। तत्रैव 42/38 पृष्ठ 368

30- शयनं चोपवेशं च नेत्रपाणिः प्रकाशनम्।
गमनागमनं चाथ सभायां वसतिस्तथा।।
आगमं भोजनं चैव नृत्यलिप्सां च कौतुकम्।

CC0 Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सूर्य आदि सभी ग्रह अपने प्रकृति के अनुसार सभी बारह अवस्थाओं में भिन्न–भिन्न फल देते हैं, जिनका विवरण जातक ग्रन्थों में प्राप्त होता है।[31]

प्रस्तुत सिद्धान्तों के परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार की ग्रहीय स्थितियां विभिन्न प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक रोगों को उत्पन्न करती हैं। इस प्रकार की ग्रहीय स्थितियां (योग) निम्नलिखित हैं:–

1– त्रिक स्थान (षष्ठम्, अष्टम् तथा द्वादशभाव) से सम्बन्ध।

2– लग्न (प्रथम भाव) में स्थित ग्रह तथा लग्नेश।

3– अवरोहीपन

4– क्रूर षड्यंश में स्थिति

5– पाप ग्रहों से प्रभावित होना।

6– राशि या भाव के स्वामी की अनिष्ट स्थान में स्थिति।

7– भाव, राशि एवं उनके स्वामियों की निर्बलता।

7– भाव से चतुर्थ, अष्टम एवं द्वादश भाव में या त्रिकोण स्थान में पाप ग्रहों का स्थित होना।

8– शुभ ग्रहों का प्रभाव न होना।

अब उपर्युक्त रोग कारक स्थितियों का विश्लेषणात्मक विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

31- विस्तार के लिए देखिये ''वृहतपाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय-42 श्लोक-43 से 268 तक

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– **त्रिक स्थानः–**

षष्ठम, अष्टम तथा द्वादश भावों को त्रिक स्थान कहते हैं। जातक ग्रन्थ फलदीपिका के अनुसार रोग के सम्बन्ध में निर्णय करने के लिए निम्नलिखित तथ्यों पर विचार किया जाता है।[32]

क– षष्ठम भाव में स्थित ग्रह

ख– अष्टम भाव में स्थित ग्रह

ग– द्वादश भाव में स्थित ग्रह

घ– षष्ठम भाव का स्वामी

ङ– षष्ठम भाव के स्वामी से युति करने वाला ग्रह

इस प्रकार इन ग्रहों के विचार से दो या तीन प्रकार से जब एक ही रोग निर्दिष्ट प्रतीत हो तो वह रोग उत्पन्न होगा, इसे निश्चित किया जा सकता है।

त्रिक स्थानों के सम्यक ज्ञान के लिए अब तीनों भावों (षष्ठम, अष्टम तथा द्वादश) का पृथक्–पृथक् विवरण प्रस्तुत किया जा रहा हैः–

क– **षष्ठम भाव–**

षष्ठम भाव रोग का भाव है। जातक पारिजात के अनुसार रोग, शत्रु और क्षत (चोट) आदि का विचार षष्ठम भाव से किया जाता है।[33]

32- रोगस्य चिन्तामपि रोगभावस्थितैर्ग्रहैर्वा व्ययमृत्युसंस्थैः।
रोगेश्वरेणापि तदन्वितैर्वा द्वित्र्यादिसम्वादवशाद्वदन्तु।। फलदीपिका- रोग निर्णय, 14/1, पृष्ठ 265

33- रोगारिव्यसनक्षतानि वसुधापुत्रारितश्चिन्तये
दुक्तं रोगकरं तदेव रिपुगे जीवे जितारिर्भवेत्। जातक पारिजात 13/71 पृष्ठ 566

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

षष्ठम भाव में स्थित ग्रहः–

षष्ठम भाव में स्थित सूर्य आदि ग्रह जिस रोग के कारक होते हैं, उन रोगों से जातक पीड़ित होता है।[34]

इसके अतिरिक्त छठे भाव में स्थित ग्रह जिस राशि या भाव का स्वामी हो या कारक हो तो वह राशि या भाव काल पुरूष के जिस अङ्ग में पड़ती हो अथवा जिस अङ्ग का कारक हो उस अंग में रोगोत्पत्ति करता है।[35]

षष्ठेश की स्थिति के अनुसारः–

षष्ठेश यदि लग्न में हो तो जातक के शरीर में, पंचम भाव में स्थित हो तो पिता और पुत्र के शरीर में, यदि चतुर्थ भाव में स्थित हो तो माता के शरीर में, तृतीय भाव में हो तो छोटे भाई के शरीर में, एकादश भाव में स्थित हो तो बड़े भाई के शरीर में, और यदि पाप ग्रह से युक्त षष्ठेश अष्टम भाव में हो तो जातक के पृष्ठ भाग में व्रण आदि होते हैं।[36]

यदि षष्ठेश से युत ग्रह सूर्य हो तो सिर में, चन्द्रमा हो तो मुख में, यदि भौम हो तो कण्ठ या ग्रीवा में, यदि बुध हो तो नाभि से अधोभाग (वस्तिप्रदेश) में, यदि बृहस्पति हो तो रोग मुक्ति, शुक्र हो तो नेत्र में और शनि हो तो वायु जन्य व्रण से कष्ट होता है। राहु और केतु यदि षष्ठेश से युक्त हों तो उदर विकार देते हैं। स्वराशि में बुध यदि लग्नेश से षष्ठ भाव में संयुक्त हो तो जातक के गुह्य प्रदेश में व्रण आदि होते हैं।[37]

34- षष्ठस्थानगतेषु भास्करमुखव्योमाटनेषु क्रमात्।
तत्तत्कारकखेटवर्गरिपुणा सम्पीडितः सन्ततम्।। जातक पारिजात 13/74 पृष्ठ 567

35- डा0 शुकदेव चतुर्वेदी- ज्योतिष शास्त्र में रोग विचार पृष्ठ-9

36- पापे लग्नगते सपत्नपयुते देहव्रणं देहिनां
पुत्रस्थे पितृपुत्रयोः सुखगते मातुः कलत्रे स्त्रियाः।
धर्मस्थे सति मातुलस्य सहजे तस्यानुजस्य व्रणं
लाभस्थे तु तदग्रजस्य निधने जातो गुदार्तो भवेत्।। जातक पारिजात 13/77 पृष्ठ 568

37- भानुर्मूर्ध्नि शशी मुखेऽवनिसुतः कण्ठे तु नाभेरध
श्चान्द्रिः सूरिरनामयं प्रकुरूते नेत्रामयं भार्गवः।
मन्दो वातमहिश्च केतुरुदरव्याधिं बुधक्षेत्रगो
लग्नेशः शशिजेन वीक्षितयुतो गुह्यव्रणं यच्छति।। तत्रैव 13/78 पृष्ठ 568

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

षष्ठम भाव की समीक्षाः—

यह सामान्य सिद्धान्त है कि ग्रह जब पाप प्रभाव से युक्त हों तभी रोग उत्पन्न कर सकते हैं, शुभ प्रभाव में होने पर नहीं, किन्तु षष्ठम भाव के सम्बन्ध में यह सिद्धान्त कार्यशील नहीं होता।

कुछ आचार्यों का कथन है कि यद्यपि षष्ठम भाव रोग भाव है तथापि इस भाव में स्थित ग्रह यदि पाप प्रभाव युक्त हों तो रोग उत्पन्न नहीं होने देते किन्तु यदि इस भाव में स्थित ग्रह शुभ प्रभाव से युक्त हों तो रोग वृद्धि में सहज सहायक होते हैं।

"जातक पारिजात" में भाव से फल ज्ञान के प्रकार का विश्लेषण करते हुए कहा है कि "जो भाव शुभ ग्रह या अपने स्वामी से दृष्टि युत हों, वह अपने प्राकृतिक फल की वृद्धि करता है, किन्तु वही भाव पाप प्रभाववश प्राकृतिक फल की हानि करता है।[18]

वस्तुतः छठा भाव रोग भाव है और इसका प्राकृतिक फल रोगोत्पत्ति अथवा रोग वृद्धि है। अतः शुभ ग्रह इस प्राकृतिक फल को वृद्धि कर रोगोत्पत्ति में सहायक बन जाते है।

इस प्रकार छठे भाव में नीच राशि एवं शत्रु राशिगत ग्रह रोग विनाशक हो जाते हैं, जबकि उच्च राशि मित्र राशिगत ग्रह रोगकर्ता होते हैं। षष्ठ भावस्थ राहु तथा केतु का फल दृष्टव्य है। "जातक पारिजात" के अनुसार छठे भाव में यदि राहु स्थित हो तो जातक शत्रुंजयी, दीर्घायु, कुलीन,

---

38- तन्वादिभावेषु शुभोदयेषु तदभावनाथोपगतेक्षितेषु।
तदुक्तभावस्य समृद्धिरूक्ता न पापखेटेक्षितसंयुतेषु।। जातक पारिजात 11/2 पृष्ठ 496

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परम सुखी होता है। यदि छठे भाव में केतु स्थित हो तो जातक स्वजनों का प्रेमी, उदार, विख्यात, विद्वान तथा यशस्वी होता है।[39]

यहां यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि यद्यपि राहु तथा केतु पाप ग्रह हैं तथापि छठे भाव में स्थित होने के कारण शुभ फल दाता हो गये हैं।

आधुनिक ज्योतिषाचार्य डा0 शुकदेव चतुर्वेदी ने षष्ठम भाव में पाप ग्रहों के प्रभाव के स्पष्ट निर्धारण हेतु एक प्रायोगिक अनुशीलन प्रस्तुत किया है। डा0 चतुर्वेदी ने अनेक ऐसे व्यक्तियों की जन्म-कुण्डलियों की समीक्षा की है, जिनमें षष्ठम भाव में पाप ग्रह स्थित थे। अपना स्पष्ट मत व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा है कि "हमने अनेक व्यक्तियों की जन्म-कुण्डलियों में प्रत्यक्षतः देखा है- छठे भाव में कर्म राशिगत मङ्गल होने पर वे स्वस्थ, साहसी एवं स्वाभिमानी होते हैं।[40] वस्तुतः इस सिद्धान्त की पृष्ठभूमि में भी ज्योतिष का यह सर्वमान्य सिद्धान्त भी अन्तर्निहित है कि नीच और शत्रुगत ग्रह भाव के नैसर्गिक फल का विनाश करता है, किन्तु मूल त्रिकोण, उच्च एवं मित्र राशिगत ग्रह उसकी वृद्धि करता है।[41]

ख- <u>अष्टम भाव एवं द्वादश भावः-</u>

अष्टम भाव, मृत्यु या नाश भाव होने के कारण देह सुख का ह्रास करता है। द्वादश भाव भी व्यय भाव होने के कारण स्वास्थ्य एवं शरीर के क्रमिक ह्रास का सूचक है।

इन्हीं कारणों से अष्टम तथा द्वादश भाव रोग के कारक माने गये हैं।

इन दोनों भावों में स्थित ग्रह अपनी राशि, भाव एवं कारकत्व के

39- राहौ रिपुस्थानगते जितारिश्चरायुरत्यन्तसुखी कुलीनः।
बन्धुप्रियोदारगुणप्रसिद्धविद्यायशस्वी रिपुगे च केतौ।। जातक पारिजात 8/78 पृष्ठ 411

40- डा0 शुकदेव चतुर्वेदी- ज्योतिष शास्त्र में रोग विचार पृष्ठ-40

41- नीचस्थो रिपुराशिस्थः खेटो भावविनाशकः।
मूलस्वतुङ्गमित्रस्थो भावबृद्धिकरो भवेत्।। 11/3 जातक पारिजात पृष्ठ 496

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनुसार तत्प्रकार से अशुभ फ़लदायक होकर रोग उत्पन्न करते हैं।

"जातक पारिजात" के अनुसार क्रूर ग्रह से लग्नेश, आठवें एवं बारहवें स्थान में हो तो शारीरिक सुख की हानि होती है।[42]

लगभग सभी जातक ग्रन्थों में इस विलक्षणता को ध्यान में रखकर इस सिद्धान्त को प्रतिपादित किया है कि छठे तथा आठवें एवं बारहवें भाव में स्थित सभी ग्रह नेष्ट होते हैं। अर्थात् जिस भाव का स्वामी त्रिक स्थानों में हो या जिस राशि या भाव में त्रिकेश हो तो उस राशि या भाव का फल नष्ट हो जाता है।[43]

"सारावली" में भी इसी सिद्धान्त को प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि– "आठवें या द्वादश भाव में स्थित होने के कारण तथा सूर्य के नेत्रकारक होने के कारण नेत्र पीड़ा उत्पन्न करता है।[44]

2– <u>लग्न भाव :–</u>

लग्न से जातक के शारीरिक गठन वर्ण, आकृति, लक्षण, यश, गुण, स्थान, सुख प्रवास, तेजस्विता तथा दौर्बल्य आदि का विचार किया जाता है।[45]

लग्न भाव में शुभ ग्रह यदि शुभ ग्रह से दृष्ट हों तो जातक बाल्यावस्था से

42– सक्रूरो देहपो देहसौख्यहाऽन्त्यारिरन्ध्रगः।
सारीशे देहपे दुःस्थे लग्नस्थे वाऽथ रोगवान्।। जातक पारिजात 11/33 पृष्ठ 504

43– यदभावनाथो रिपुरिष्फरन्ध्रे दुःस्थानपो यदभावनस्थितस्तु।
तदभावनाशं कथयन्ति तज्ज्ञाः शुभेक्षितश्चेत् फलमन्यथा स्यात्।। जातक पारिजात 11/4 पृष्ठ 497

44– विकलनयनोऽष्टमस्थे धनसुखहीनोऽल्पजीवितः पुरूषः।
भवति सहस्त्रमयूखे स्वभिमतजनविरहसन्तप्तः।।
विकलशरीरः काणः पतितो वन्ध्यापतिः पितुरमित्रः।
द्वादशसंस्थे सूर्ये बलरहितो जायते क्षुदः।। सारावली त्रिंश अध्याय श्लोक 9 तथा 13 पृष्ठ–214 तथा 215

45– शरीरवर्णाकृतिलक्षणानि यशोगुणस्थानसुखासुखानि।
प्रवासतेजोबलदुर्बलानि फलानि लग्नस्थ्य वदन्ति सन्तः।। जातक पारिजात 11/13 पृष्ठ 498

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ही सुख में जीता है। यदि लग्नस्थ ग्रह पाप ग्रह हो तथा पाप ग्रह से दृष्ट हो तो जन्म से ही आजीवन कष्ट में रहता है।[46]

लग्नस्थ ग्रहों का रोगकारकत्वः–

लग्नस्थ सूर्य का फल :–

यदि लग्न में सूर्य स्थित हो तो जातक निर्मम, रणोत्सुक तथा नेत्ररोगी होता है।[47]

लग्नस्थ चन्द्रमा का फलः–

यदि लग्न में क्षीण चन्द्रमा स्थित हो तो जातक अपंग, बधिर तथा अल्पायु होता है।[48]

लग्नस्थ मङ्गल का फलः–

यदि लग्न में मङ्गल स्थित हो तो जातक क्रूर, साहसी, चञ्चल बुद्धि का तथा रोगी होता है।[49]

लग्नस्थ शनि का फलः–

यदि लग्न में शनि स्थित हो तो जातक के नासिका रोगी होने की सम्भावना रहती है।[50]

46- लग्ने शुभे शोभनदृष्टियुक्ते बाल्यात् सुखं तन्नाहि पापयोगात्।
दुःखी भवेत्पापबहुत्वयोगे लग्ने तु बाल्यान्मरणान्तमाहुः।। जातक पारिजात 11/38 पृष्ठ 498

47- मार्तण्डो यदि लग्नगोऽल्पतनयो जातः सुखी निर्घृणः
स्वल्पाशी विकलेक्षणो रणतलश्लाघी सुशीलो नटः। तत्रैव 8/56 पृष्ठ-401

48- क्षीणे शशिन्युदयगे बधिरोऽङ्गहीनः।
प्रेष्यश्च पापसहिते तु गतायुरेव। तत्रैव 8/57 पृष्ठ-402

49- क्रूरः साहसिकोऽटनोऽतिचपलो रोगी कुजे लग्नगे
विद्यावित्ततपःस्वधर्मनिरतो लग्नस्थिते बोधने। तत्रैव 8/58 पृष्ठ-402

50- दुर्नासिको वृद्धकलत्ररोगी मन्दे विलग्नोपगतेऽङ्गहीनः।
महीपतुल्यः सुगुणाभिरामो जातः स्वतुङ्गोपगते चिरायुः।। तत्रैव 8/59 पृष्ठ-403

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लग्नस्थ राहु तथा केतु का फलः–

यदि राहु लग्नस्थ हो तो जातक रोगी होता है। यदि केतु लग्नस्थ हो तो भी जातक के रोगी होने की सम्भावना रहती है।[51]

जन्म लग्न का फलः–

जन्म के समय पूर्व क्षितिज में उदित हो रही राशि को जन्म लग्न भी कहते हैं। इन जन्म कालिक उदयशील राशियों का रोगों से सम्बन्धित फल निम्नलिखित है:–

मेष–वृष लग्न का फलः–

मेष राशि के लग्न में उत्पन्न हुआ जातक दुर्बल शरीरधारी, क्रोधी तथा दुर्बल जंघाओं वाला होता है। वृष राशि के लग्न में उत्पन्न जातक कामासक्त होता है।[52]

मिथुन–कर्क लग्न का फलः–

मिथुन राशि के लग्न में उत्पन्न हुआ जातक रोगी तथा कर्क राशि के लग्न में उत्पन्न जातक कायर बुद्धि का होता है।[53]

सिंह–कन्या राशि का फलः–

सिंह राशि के लग्न में उत्पन्न व्यक्ति हिंसक प्रवृत्ति का तथा कामातुर होता

51- क्रूरो दयाधर्मविहीनशीलो राहौ विलग्नोपगते तु रोगी।
केतौ विलग्ने सरूजोऽतिलुब्धः सौयेक्षिते राजसमानभोगी।। जातक पारिजात 8/60 पृष्ठ-403

52- बन्धुद्वेषकरोऽटनः कृशतनुः क्रोधी विवादप्रियो
मानी दुर्बलजानुरस्थिरधनः शूरश्च मेषोदये।
गोमान् देवगुरूद्विजार्च्चनरतः स्वल्पात्मजः शान्तधी
विद्यावादरतोऽटनश्च सुभगो गोलग्नजः कामुकः।। जातक पारिजात 9/105 पृष्ठ 453

53- भोगी बन्धुरतो दयालुरधिकः श्रीमान् गुणी तत्त्वविद्
योगात्मा सुजनप्रियोऽतिसुभगो रोगी च युग्मोदये। तत्रैव 9/106 पृष्ठ-454

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है। किन्तु कन्या लग्न का जातक सात्विक होता है।[54]

तुला लग्न फलः–

तुला लग्न के जातक की दंत पंक्ति विरल होती है। वह शान्तिचित्त, विषादचित्त तथा अत्यन्त भीरू होता है।[55]

वृश्चिक–धनु–मकर लग्न फलः–

वृश्चिक लग्न में उत्पन्न जातक मूर्ख, क्रूर, अत्यन्त चपल, अभिमानी तथा विवादप्रिय होता है। किन्तु मिथुन लग्न का जातक बुद्धिमान तथा यशस्वी होता है।

मकर राशि के लग्न में उत्पन्न हुआ जातक दुष्ट तथा दीन होता है।[56]

कुम्भ–मीन लग्न फलः–

कुम्भ लग्न में उत्पन्न व्यक्ति कुटिल अन्तर्मन वाला तथा कृपण होता है, किन्तु मीन लग्न में उत्पन्न जातक विद्वान होता है।[57]

लग्नेश का रोगकारकत्वः–

"बृहतपाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार लग्नेश निम्नलिखित दशाओं में रोगकारक होता है:–

54- जातः सिंहविलग्नकेऽल्पतनयः सन्तुष्टधीर्हिंसकः
शूरो राजवशीकरो जितरिपुः कामी विदेशं गतः।
कन्यालग्नभवः क्रियासुनिपुणः श्रीमान् सुधीः पण्डितः।।
मेधावी वनितावितासरसिको बन्धुप्रियः सात्विकः — जातक पारिजात 9/107 पृष्ठ-454

55- ललितवदननेत्रो राजपूज्यश्च विद्वान्
मदनरतिविलोलः स्त्रीधनक्षेत्रशाली।
विरलदशनमुख्यः शान्तबुद्धिर्विषादी
चलमतिरतिभीरूर्जायते तौलिलग्ने।। — जातक पारिजात 9/108 पृष्ठ-454

56- मूर्खः क्रूरविलोचनोऽतिचपलो मानी चिरायुर्धनी
विद्वान् वृश्चिकलग्नजश्च सुजनद्वेषी विवादप्रियः।
प्राज्ञश्चापविलग्नजः कुलवरः श्रीमान् यशोवित्तवान्
ना कोकेरसमुदभवश्च रमणीलोलः शठो दीनवाक्। — जातक पारिजात 9/109 पृष्ठ-454

57- अन्तःशठः परवधूरतिकेलिलोलः
कार्पण्यशीलधनवान् घटलग्नजातः।
मीनोदयेऽल्परतिरिष्टजनानुकूल — जातक पारिजात 9/110 पृष्ठ-455

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– यदि लग्नेश पापयुक्त अर्थात् छठे, आठवें या बारहवें भाव में गया हो तो शरीर का सुख कम कर देता है।[58]

2– यदि लग्नेश अस्तङ्गत, नीचगत अथवा शत्रुक्षेत्री हो तो शरीर रोगी होता है।[59]

"जातक पारिजात" के अनुसार लग्नेश का रोगकारकत्व निम्नलिखित है:–

1– निर्बल लग्नेश यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित हो तो जातक रोगी होता है।[60]

2– लग्नेश जिस राशि में स्थित हो उस राशि का स्वामी यदि अष्टमस्थ हो तो जातक दुर्बल होता है।[61]

3– यदि लग्नेश द्वादश भाव में स्थित हो, सूर्य राशि छठी राशि के स्वामी से संयुक्त हो तो जातक अनेक रोगों से पीड़ित तथा दुर्बल शरीर का होता है।[62]

4– यदि लग्नेश शुष्क राशि (मेष, तुला, धनु, सिंह) का होकर अष्टम भाव में स्थित हो तो जातक रोगी एवं दुर्बल होता है।[63]

जातक ग्रन्था "सारावली" में कहा गया है कि यदि जातक का लग्न या लग्न स्वामी पापग्रह से युत अथवा दृष्ट हो तो पीड़ा उत्पन्न करता है।[64]

58- तनुपः पापसंयुक्तस्त्रिकगो देहसौख्यहृत्।
केन्द्रकोणगतश्चासौ सदा देहसुखं दिशेत्।। बृहतपाराशरहोराशास्त्रम् 13/1 पृष्ठ-128

59- लग्नपोऽस्तंगतो नीचे शत्रुभे रोगकृद् भवेत्।
शुभाः केन्द्रत्रिकोणस्थाः देहें सौख्यप्रदाः स्मृताः। तत्रैव 13/2 पृष्ठ-128

60- बलैर्विहीने यदि लग्ननाथे केन्द्रत्रिकोणे सति रोगभाक् स्यात्।
लग्नेश्वराधिष्ठितराशिनाथे दुःस्थानगे दुर्बलदेहवान् स्यात्।। जातक पारिजात 11/32 पृष्ठ 504

61- देहेशस्थितराशीशे नाशगे दुर्बलो भवेत्।
भावेशाक्रान्तराशीशैर्दुः स्थैर्भावाश्च दुर्बलाः।। तत्रैव 11/35 पृष्ठ-504

62- लग्नेशे यदि रिष्फगे दिनकरस्थारातिनाथान्विते
जायावान् बहुरोगवान् कृशतनुः संरक्तगौरद्युतिः। तत्रैव 11/37 पृष्ठ-505

63- लग्नाधिपे नाशगते तु शुष्कराशौ तनोः कष्टमतीव कृच्छ्रम्।
लग्नांशपस्थांशपराशिनाथः शुष्कग्रहः स्यात्तनुशुष्कमाहुः।। तत्रैव 11/30 पृष्ठ-503

64- लग्नं लग्नाधिपो यस्य पापयुक्तेक्षितो भवेत्।
पीडां करोति जातस्य शुभयुग्दृष्टिताऽल्पिकाम्।। सारावली 10/14 पृष्ठ 63

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लग्न भाव की समीक्षाः—

प्रथम भाव अथवा लग्न कुण्डली का सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाव है। लग्न ही समस्त भावों का ध्रुव केन्द्र है और लग्न राशि का स्वामी लग्नेश ही कुण्डली का अधिपति माना जाता है।

लग्न के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक ज्योतिषाचार्य डा0 सुखदेव चतुर्वेदी ने अनेक जातक ग्रन्थों के आधार पर लग्न भाव की निम्नलिखित विशेषताओं का उल्लेख किया है:—[65]

1— जब कोई ग्रह लग्न में स्थित हो जाता है तो वह अपनी अस्थि तथा धातुओं का विशेष या पूर्णरूपेण प्रतिनिधित्व करता है उदाहरणार्थ यदि शुक्र लग्नेतर स्थान में पाप प्रभाव से युत हो तो वीर्य रोग होना सम्भव तो है किन्तु कुछ निश्चित नहीं है, केवल सम्भावना रहती है, परन्तु वही शुक्र जब लग्न में स्थित हो तथा पाप प्रभाव से युक्त हो तो निश्चित रूप से वीर्य विकार उत्पन्न करेगा।

2— जब कोई ग्रह लग्न में स्थित हो या लग्नेश हो तो वह शरीर के उन तत्वों का विशेष प्रतिनिधित्व करता है जो शरीर में अधिक व्यापक हैं। उदाहरणार्थ यद्यपि सूर्य आंख, हृदय एवं हड्डी इन सबका प्रतिनिधि है तथापि जब यह लग्न में स्थित होगा या लग्नेश होगा तो यह हड्डी का विशेष प्रतिनिधित्व करेगा क्योंकि शरीर में हड्डी, आंख या हृदय की अपेक्षा अधिक व्यापक है।

65- डा0 शुकदेव चतुर्वेदी- ज्योतिषशास्त्र में रोगविचार पृष्ठ-30

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

3- **अवरोहीपनः-**

जो ग्रह अपने परमोच्च से आगे तथा परमनीच से पहिले अर्थात् परमोच्च एवं परमनीच के बीच की 6 राशियों में कहीं भी स्थित हो वह अवरोही कहलाता है। अवरोही ग्रह की दशा को अवरोहिणी कहते हैं तथा प्रत्येक ग्रह की अवरोहिणी दशा के समय रोगोत्पत्ति होती है। अतः अवरोही ग्रह रोग कारक माना जाता है।[66]

4- **क्रूरषष्ट्यंश में स्थितिः-**

प्रत्येक राशि में 60 षष्ट्यंश होते हैं तथा एक राशि में 30 अंश होते हैं। अतः आधे अंश का एक षष्ट्यंश होता है। इन 60 षष्ट्यंश के स्वामियों के नामों में कुछ नाम शुभ है तथा कुछ अशुभ हैं। उक्त 60 षष्ट्यंशों के स्वामियों में से जिनके नाम शुभ हैं, उन्हें शुभ षष्ट्यंश तथा जिनके नाम क्रूर हैं, उन्हें क्रर षष्ट्यंश कहते हैं। इस क्रर षष्ट्यंश में स्थित ग्रह की दशा में रोग होते हैं। अतः क्रूर षष्ट्यंश में स्थित ग्रह रोगकारक कहलाता है।[67]

5- **पाप ग्रहों से प्रभावित होनाः-**

भाव या राशि प्रायः दो कारणों से पाप ग्रहों से प्रभावित होती हैं।

1- **पाप ग्रहों के मध्य में स्थितिः-**

जो भाव या राशि दो पाप ग्रहों के मध्य में हो वह भाव या राशि पाप प्रभावयुक्त होने के कारण जिस अङ्ग का प्रतिनिधित्व करता है उसमें विकार उत्पन्न कर देता है।[68]

6- भ्रष्टस्यतुङ्गादवरोहिसंज्ञा मध्या भवेत् सा सृहृदुच्चभांशे।
आरोहिणी निम्नपरिच्युतस्य नीचारिभांशेष्वधमा भवेत् सा ।। बृहज्जातकम् 8/6, पृष्ठ-196

7- क्रूरादिषष्टयंशरवेर्दशायां स्थानच्युतिं वा नृपचौरभीतिम्।।

8- कोपाधिकं तत्र शिरोरूजं च पित्रादिनाशं त्वथ वा तदीयम्।। सर्वार्थ चिन्तामणि 13/43 पृष्ठ-209
भावाधीशे च भावे सति बलरहिते च ग्रहे कारकाख्ये
पापान्तरस्थे च पापैररिभिरपि समेतेक्षिते नान्यखेटैः। प्रश्नमार्ग 14/30 (की प्रथम दो पंक्तियां)
पृष्ठ-212

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– पापकर्तरी योग का होनाः–

यदि भाव या राशि से बारहवें स्थान में स्थित पाप ग्रह मार्गी तथा दूसरे स्थान में स्थित पाप ग्रह वक्री हों तो वह योग पापकर्तरी कहलाता है।[69]

इस पाप कर्तरी योग में अनुलोम एवं विलोम गति से चलने वाले पाप ग्रहों की कैंची उस राशि या भाव से सम्बन्धित अंग के स्वास्थ्य के टुकड़े–टुकड़े कर देती है।

3– पाप ग्रहों से युति तथा पाप ग्रहों की दृष्टिः–

जो राशि या भाव पाप ग्रहों से दृष्ट या युत होता है उसके फल का ह्रास होता है।[70]

6– <u>राशि या भाव के स्वामी की अनिष्ट स्थान में स्थितिः–</u>

राशि या भाव के स्वामी दो प्रकार के होते हैंः– 1–शुभ ग्रह तथा 2–अशुभ ग्रह।

शुभ ग्रहों के लिए तृतीय, षष्ठ, अष्टम तथा द्वादश स्थान अनिष्ट स्थान होते हैं तथा पाप ग्रहों के लिए तृतीय, षष्ठ एवं एकादश स्थान क अतिरिक्त सभी स्थान अनिष्ट स्थान होते हैं।[71]

इस प्रकार किसी भी राशि या भाव का स्वामी यदि शुभ ग्रह हो और वह कुण्डली में तृतीय, षष्ठ, अष्ठम या एकादश स्थान में बैठा हो तो उस राशि का भाव

69– निःस्वोऽशु चिर्विसुखदारसुतोऽङ्गहीनः।
स्यात्पापकर्तरिभवोऽचिरमायुरेति।। फलदीपिका 6/11 पृष्ठ-117

70– पापास्त्रयोऽपि मिलिताः कुर्वन्ति नरं सुदुर्भगं लोके।
दारिद्र्यदुःखतप्तं गर्हितरूपं विनयहीनम्।। सारावली 16/38 पृष्ठ-108

71– ग्रहाणामिष्टानिष्टभावाश्चोच्यन्ते।
सौम्यानां व्ययमृत्युशत्रुसहजा नेष्टा अभीष्टाः परे।
भावेष्वेषु हि मुख्यता तु वपुषो धर्मात्मजौ तत्समौ
तेषु त्रिष्वधिकं शुभाशुभफलं विद्यात् सतां चासताम्।। प्रश्नमार्ग 14/44 पृष्ठ-216

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रोगकारक हो जाता है तथा किसी राशि या भाव का स्वामी पाप ग्रह हो और वह त्रिषडाय को छोड़कर अन्य स्थान में बैठा हो तो वह राशि या भाव रोगकारक हो जाता है।

7- **भाव, राशि एवं उसके स्वामियों की निर्बलता:-**

जो राशि या भाव निर्बल हों अथवा जिस राशि या भाव का स्वामी निर्बल हो उससे सम्बन्धित अङ्ग में दुर्बलता या रोग होता है, इसका कारण यह है कि भाव या भावेश की निर्बलता भाव के फल को नष्ट कर देती है।[72]

8- **भाव से चतुर्थ, अष्टम एवं द्वादश में या त्रिकोण स्थान में पाप ग्रहों का होना:-**

"प्रश्नमार्ग" नामक जातक ग्रन्थ तथा अनेक अन्य जातक ग्रन्थों के अनुसार जिस भाव से चौथे, आठवें एवं बारहवें स्थान में अथवा पांचवें एवं नौवें स्थान में पाप ग्रह हो उस भाव की हानि होती है। अर्थात् वह भाव शरीर के जिस अंग का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें रोग या विकार पैदा हो जाता है।[73]

9- **शुभ ग्रहों का प्रभाव न होना:-**

जिस राशि या भाव पर शुभ ग्रहों का प्रभाव होता है उस राशि से सम्बन्धित अङ्ग पुष्ट एवं स्वस्थ रहते हैं।

इसलिए जिस राशि अथवा भाव पर शुभ ग्रहों का प्रभाव नहीं होता उससे

72- यो यो भावः प्रभुणा युक्तो दृष्टोऽथवा भवेत् प्रश्ने।
गुरूबुधशुक्रैरेवं वक्तव्यं तस्य तस्य शुभम्।। प्रश्नमार्ग 14/26, पृष्ठ-211

73- पापैस्तद्बन्धुमृत्युव्ययभवनगतैस्तत्त्रिकोणस्थितैर्वा।
वाच्या तद्भावहानिः स्फुटमिह भवति द्वित्रसंवाद भावात्। प्रश्नमार्ग 14/30 (अन्तिम दो पंक्तियां) पृष्ठ-212

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सम्बन्धित अङ्ग में भी रोग उत्पन्न होने की सम्भावना होती है।

रोगों का सम्भावित समय

रोगों की कालावधि को ज्ञात करने हेतु भी जातक ग्रन्थों में अनेक सिद्धान्तों का उल्लेख किया गया है।

सभी रोगों के होने की सम्भावना का विचार रोगकारक ग्रह की दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यंतर दशा, सूक्ष्म दशा, प्राण दशा, प्रश्नकालीन ग्रह स्थिति एवं गोचरीय ग्रह स्थिति के आधार पर किया जाता है।

यहां यह दृष्टव्य है कि दीर्घकालीन रोग प्रायः ग्रहों की महादशा एवं अन्तर्दशा के समय में होते हैं तथा अल्पकालीन रोग उनकी प्रत्यन्तर दशा, सूक्ष्म दशा एवं प्राण दशाओं में होते हैं।

कालावधि ज्ञात करने की इस विधि के सम्बन्ध में पाश्चात्य ज्योतिष शास्त्र के विद्वान, गन्थकार तथा सुप्रसिद्ध ज्योर्तिविदि श्री बुयल डी हिगिन्स (Buell. De Higgins) का कथन है कि "विशोंत्तरी पद्धति अत्यन्त प्राचीन पद्धति है जो निःसंदेह पाराशर के साथ आरम्भ हुई। यह पूर्ण रूप से परिक्षित है तथा शताब्दियों से प्रचलित है। यह चक्रीय गति के सिद्धान्त पर आधारित है। यही चक्रीय सिद्धान्त अर्थशास्त्र में तथा राष्ट्रों के इतिहास में एवं व्यक्तिगत जीवन में भी कार्यशील रहता है। इसका आधार जीवन की आदर्श अवधि है जो 120 वर्षों की मानीं गयी है"।[74]

74- VIMSOTTARI DASHA- This is probably the most ancient system of directiong, Originating in India, undoubtedly with Parashara, it has been throughly tested and used for Centuries. It is a valid method, easy to use, and does not require as much time as primary directions. Complex Mathematical camputations are not involved. It is based upon the law of cycles which operates everywhere in economics, among nations, and in individual lives. Its basis is the ideal, original life span of 120 years. (मेजर एस0जी0 खोत- लघपाराशरी सिद्धान्त- पृष्ठ-441 पर दिये हुए अंग्रेजी उद्धरण से)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जातक शास्त्र में विशोंत्तरी अष्टोत्री, षोडशोत्तरी, द्वादशाब्दोत्तरी आदि अनेक प्रकार की दशायें बतलायी गयी हैं। फलादेश करने के लिए मुख्यतः विशेतरी दशा को ही ग्रहण किया जाता है।

विशोंत्तरी दशाः–

वृहद पाराशर होराशास्त्रम् के अनुसार मनुष्य की आयु का अधिकतम मान 120 वर्ष मानकर ग्रहों के दशा वर्षों का विभाजन किया गया है। अतः इसे विशोंतरी दशा कहते हैं। इसमें सूर्य की दशा 6 वर्ष, चन्द्रमा की दशा 10 वर्ष, मंगल की 7 वर्ष, राहू की 18 वर्ष, बृहस्पति 16 वर्ष, शनि की 19 वर्ष, बुध की 17 वर्ष, केतु की 7 वर्ष तथा शुक्रकी दशा 20 वर्ष की मानी गयी है।[75]

जातक ग्रन्थों में दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर दशा, सूक्ष्म दशा तथा प्राण दशा आदि की साधन की रीति तथा विशोत्तरी दशा बोधक चक्र आदि का विस्तृत उल्लेख है। अतएव अति विस्तार के भय से उनका उल्लेख यहां नहीं किया जा रहा है।

रोगोत्पत्ति के सम्भावित समय का निर्धारण दो प्रकार से किया जाता हैः– 1– योग द्वारा तथा 2– दशा द्वारा।

1– योग द्वारा रोगोत्पत्ति काल का ज्ञानः–

योगों द्वारा रोगोत्पत्ति काल का ज्ञान तो होता ही है, इनके द्वारा जीवन भर रहने वाले रोगों की भी जानकारी प्राप्त होती है। इस प्रकार के कुछ प्रमुख रोग इस प्रकार हैं:–

75- विंशोत्तरशतं पूर्णमायुः पूर्वमुदाहृतम्।
दशा सभाः क्रमादेषां षड्दशाश्वागजेन्दवः।
भूपतिर्नवचन्द्राश्च नगचन्द्रा नगा नखाः।। वृहतपाराशर होराशास्त्रम 45/13 पृष्ठ-430

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– षष्ठ भाव एवं षष्ठेश पापयुक्त हो तथा शनि राहु से दृष्ट हो तो मनुश्य जीवन भर रोगी रहता है।[76]

2– शनि के साथ चन्द्रमा षष्ठ स्थान में हो तो 55वें वर्ष में रक्तकुष्ठ होता है।[77]

2– **दशा द्वारा रोगोत्पत्ति काल का ज्ञानः–**

दशा का फल दो प्रकार का होता हैः– 1– साधारण तथा 2– विशिष्ट।

साधारणः–

ग्रह साधारणतया जो फल देते हैं वह साधारण फल कहलाता है।

विशिष्टः–

ग्रह स्थान, स्थिति, बल एवं योग के कारण जो फल देते हैं, वह विशिष्ट फल कहलाता है।[78]

साधारण फल वह है जिसकी अनुभूति मात्र होती है, जबकि विशिष्ट फल जीवन में विलक्षण घटनाओं को घटित करता है।

रोगेश, अष्टमेश, मारकेश, अवरोही, नीचराशिगत, शत्रुराशिगत, नीचांशगत, निर्बल, पापयुत, पापदृष्ट, अनिष्ट स्थान में स्थित, क्रूर षष्ट्यंश में स्थित आदि ग्रह रोगकारक होते हैं। जीवन में जब–जब इन ग्रहों की दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यंतरदशा, सूक्ष्मदशा एवं प्राण दशायें आती हैं तब–तब मनुष्यों को रोग होते हैं।

76– रोगस्थानगते पापे तदीशे पासंयुते।।
राहुणासंयुते मन्दे सर्वदा रोगसंयुतः।। वृहतपाराशर होराशास्त्रम 18/12 पृष्ठ–148

77– रिपुस्थानगते चन्द्रे शनिना संयुते यदि।।
पंचपंचाशदब्देषु रक्तकुष्ठं विनिर्दिशेत्। वृहतपाराशर होराशास्त्रम 18/17 पृष्ठ–148

78– साधारणं विशिष्टं च दशानां द्विविधं फलम्।
ग्रहाणां च स्वभावेन स्थानस्थितिवशेन च।। वृहतपाराशर होराशास्त्रम 49/2 पृष्ठ–497

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

किस–किस ग्रह की दशा में कौन–कौन सा रोग हो सकता है, यह जानकारी ग्रहों की दशा फल के आधार पर की जाती है।

यद्यपि बृहत्पाराशारहोराशास्त्रम् तथा सर्वार्थ चिन्तामणि आदि ग्रन्थों में प्रत्येक दशाओं में उत्पन्न होने वाले विभिन्न शारीरिक तथा मानसिक रोगों का उल्लेख है तथापि यहां अति विस्तार के भय से केवल मानसिक रोगों का ही उल्लेख किया जा रहा है।

सूर्य की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोगः–

सामान्यतया सूर्य की दशा में ज्वर, पित्त प्रकोप एवं सिर–दर्द होता है। किन्तु यदि वह किसी विशिष्ट कारण से रोगकारक हो तो विविध स्थितियों में विविध रोगों को उत्पन्न करता है। विविध स्थितियों में इसकी दशा में होने वाले रोगों का विवरण इस प्रकार हैः–

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
नीच ग्रह से युक्त सूर्य की दशा में	मनोविकार[79]
पापदृष्ट सूर्य की दशा में	कृशता या कमजोरी मानसिक क्लेश[80]
स्थान बलहीन सूर्य की दशा में	संताप[81]
क्रूर षष्ट्यंशगत सूर्य की दशा में	क्रोधाधिक्य, सिरदर्द[82]

चन्द्रमा की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोगः–

चन्द्रमा की दशा में सामान्यतया सर्दी, जुकाम, खांसी, मूत्राधिक्य, मानसिक

79- नीचान्वितस्यापि रवेर्दशायां नीचानुवृत्त्या कुनखी कुशीलः।।
स्त्रीपुत्रधान्यार्थपशुक्रियादिमनोविकारं समुपैति हेयम्।। सर्वार्थ चिन्तामणि- अध्याय-13 दशाफलानि सूत्र-15

80- पापान्वितस्य द्युमणेर्दशायां नित्यं मनः क्लिश्यति देयबुद्धया।।
कुभोजनं कुत्सितवस्त्रपाने कुशीलवृत्त्या त्वधनं कृशत्वम्।। तत्रैव अध्याय 13 दशाफलानि-सूत्र-17

81- रवौयदा स्थानबलेन हीने तत्पाककाले बलमर्थनाशम्।।
स्थानच्युतिं बंधुविरोधतापं देशाद्विदेशं समुपैति दुःखम्।। तत्रैव अध्याय 13 दशाफलानि सूत्र-37 पृष्ठ-208

82- क्रूरादिषष्टयंशरवेर्दशायां स्थानच्युतिं वा नृपचौरभीतिम्।।
कोपाधिकं तत्र शिरोरुजं च पित्तादिकारं तदयं वा तदीयम्।। तत्रैव अध्याय 13 दशाफलानि सूत्र-43 पृष्ठ-209

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अस्थिरता एवं कामजन्य रोग होते हैं। किन्तु जब यह किसी कारण से रोगकारक हो जाता है तो विविध रोगों को उत्पन्न करता है। विविध स्थितियों में इसकी दशा में उत्पन्न होने वाले रोगों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:—

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
नीचांशगत चन्द्रमा की दशा में	मानसिक विकार एवं नेत्र रोग[83]
क्षीण चन्द्रमा की दशा में	उन्माद[84]
पापयुक्त चन्द्रमा की दशा में	मनोव्यथा[85]

मङ्गल की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग:—

मङ्गल की दशा में सामान्यतया रक्तविकार, चोट, दुर्घटना, लड़ाई तथा राजा से शारीरिक दण्ड आदि मिलता है। किन्तु जब यह किसी विशेष कारणवश रोगकारक हो जाता है तो विविध स्थितियों में अपनी दशा के समय में निम्नलिखित रोगों को उत्पन्न करता है।

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
शत्रुराशिगत मङ्गल की दशा में	प्रमाद, मूत्रकृच्छ, गुदा, नेत्ररोग[86]
नीचग्रहयुत मङ्गल की दशा में	मानसिक विकार[87]
पंचमस्थ मङ्गल की दशा में	जड़ता एवं बुद्धि भ्रम[88]

83- नीचांशगस्यापि निशाकरस्य प्राप्तौ दशायां विविधार्थहानिम्।।
कुभोजनं कुत्सितराजसेवां मनोविकारं समुपैति निद्राम्।। सर्वार्थ चिन्तामणि अध्याय 13 चन्द्र दशाफलानि सूत्र-5 पृष्ठ-211

84- क्षीणेन्दुपाके सुकलाविहीनो राजार्थभूपुत्रकलत्रमित्रम्।।
उन्मादिचित्तं स्वजनैर्विरोधमृणत्वमायाति कुशालवृत्त्या।। तत्रैव अध्याय-13 चन्द्रदशाफलानि सूत्र-14 पृष्ठ-212

85- पापान्वितस्यापि निशाकरस्य पाकेऽग्निचौरक्षितिपालकोपैः।।
दुःखं सुतस्त्रीसुखबंधुहानिं विदेशयानं त्वशुभादिकर्म।। तत्रैव अध्याय 13 चन्द्रदशाफलानि सूत्र-17 पृष्ठ-212

86- भूनंदनास्याप्यरिराशिगस्य दशाविपाके समरे च पीडाम्।।
शोकाग्निभूपालविषैः प्रमादं पीडातिकृछ्रादिगुदाक्षिरोगम्।। तत्रैव अध्याय 14 भौमादि दशाफल विचाराध्यायः सूत्र-9 पृष्ठ-218

87- नीचग्रहेणापि समन्वितस्य धरासुतस्यातिमनोविकारम्।।
प्रेष्यत्ववृत्तिं परकीयमत्र स्त्रीपुत्रनाशं नृपवह्निचौरैः।। तत्रैव सूत्र-13 पृष्ठ-218

88- भ्रातृस्थानगतश्च सौख्यफलदो भूनंदनोऽरातिहा धैर्य वित्तसुतार्थदारसहजैः संगं नृपात्पूज्यताम्।।
पुत्रस्थानगतस्य पुत्रमरणं बुद्धिभ्रमं जाड्यतां शत्रुक्षेत्रगतस्य भूमिसहजैर्दुःख महारोगभाक्। तत्रैव अध्याय सूत्र-25 पृष्ठ-220

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Kanoundi, Jabalpur (MP). Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बुध की दशा में होने वाले मानसिक रोगः–

बुध की दशा में सामान्यतया ज्वर, चर्मरोग एवं मानसिक अस्थिरता रहती है। किन्तु जब यह किसी विशिष्ट कारणवश रोगकारक बन जाता है, तो इसकी दशा में अनेक रोग उत्पन्न होतें हैं। इसके रोगकारक बनने के कारण तथा दशाकाल में उत्पन्न होने वाले रोगों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः–

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
अवरोही बुध की दशा में	विज्ञानहीनता मानसिक कमजोरी[89]
नीचराशिगत बुध की दशा में	मानसिक रोग[90]
तृतीयभावस्थ बुध की दशा में	जड़ता एवं गुल्म[91]
पञ्चमस्थ बुध की दशा में	क्रूर बुद्धि[92]
अस्तङ्गत बुध की दशा में	मानसिक व्यथा[93]

गुरू की दशा में होने वाले मानसिक रोगः–

गुरू की दशा में सामान्यतया गुल्म, उदरविकार एवं स्थूलता बढ़ जाती है। किन्तु जब यह किसी विशिष्ट कारणवश रोगकारक बन जाता है, तो उसकी दशा के समय में निम्नलिखित रोग उत्पन्न होते हैंः–

89- शशांकसूनोस्त्ववरोहिणी या दशा महत्कष्टतरं च दुःखम।।

90- विज्ञानहीनं परदारसंगं नृपाग्निचौरैर्भयमत्र कष्टम्।। तत्रैव अध्याय 14 बुधदशाफलम् सूत्र-4 पृष्ठ-223
नीचखेचरसंयुक्तसौम्यदायेतिकष्टताम्।।

91- पदभ्रमं बंधुनाशं कर्मनाशं मनोरूजम्।। तत्रैव अध्याय 14 बुधदशाफलानि सूत्र-13 पृष्ठ-225
तृतीराशिस्थितचंद्रसूनोर्दशाविपाके जडतां समेति।।

92- उद्गानमाजीवनगुल्मरोगन्नार्तियोगे नृपमाननं च।। तत्रैव सूत्र-22 पृष्ठ-226
पंचमस्थशशिनंदनस्य वा क्रूरबुद्धिरतिकष्टता भवेत्।।

93- हीनवृत्तिरपि राजसेवया कृच्छ्रलब्धधनमेति संपदम्।। तत्रैव सूत्र-24 पृष्ठ-226
अर्कगसौम्यदशायां लभते विविधापदं मनोदुःखम्।।
स्वकुलजनविरोधं निंदाभीर्वाक्षिकर्णरोगं च।। तत्रैव सूत्र-35 पृष्ठ-227

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
अतिनीचांशगत गुरू की दशा में	मन में वैर भाव[94]
नीचग्रहयुत गुरू की दशा में	मानसिक रोग[95]

शुक्र की दशा में होने वाले मानसिक रोगः–

शुक्र की दशा में सामान्यतया, वीर्य रोग, काम रोग एवं स्त्रीजन्य रोगों के होने की सम्भावना रहती है। किन्तु जब यह रोगकारक हो जाता है तो विविध स्थितियों में अपनी दशा में विविध रोगों को उत्पन्न करता है।

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
अवरोही शुक्र की दशा में	हृदय शूल[96]
परम नीचगत शुक्र की दशा में	उद्वेग रोग से सन्तप्त[97]

शनि की दशा में होने वाले मानसिक रोगः–

शनि की दशा में सामान्यतया कृशता, वायु विकार एवं व्यग्रता रहती है। किन्तु जब यह किसी कारणवश रोगकारक हो जाता है तब यह विविध परिस्थितियों में अपनी दशा में विविध रोग उत्पन्न करता है–

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
लग्नस्थ शनि की दशा में	कृशता, सिर–दर्द[98]
द्वितीयस्थ शनि की दशा में	मनोरोग[99]

94- अतिनीचभागभाजो गुरोर्दशायां प्रभग्नगृहपुंजः।।
अन्योन्यहृदयवैरं कृषिनाशं याति परभृत्यः।। सर्वार्थ चिन्तामणि अ-15 गुर्वादिदशाफल सूत्र-6 पृष्ठ-230

95- नीचखेचरसंयुक्तजीवदाये मनोरूजम्।।
परप्रेष्यापवादं च पुत्राणां च विरोधिताम्।। तत्रैव अ-15 सूत्र-14 पृष्ठ-232

96- भृगोः सुतस्याप्यवरोहकाले प्रचंडवेश्यागमनं धनाप्तिम्।।
स्त्रीपुत्रबंध्वार्तिमनोविकारं हृच्छूलरोगं मदनार्तिमेति।। तत्रैव अ-15 शुक्र दशाफलम् सूत्र-4 पृष्ठ-236

97- उद्वेगरोगतप्तः कर्मसु विफलेषु सर्वदाभिरतः।।
अतिनीचगस्यदाये शुक्रस्यात्मार्थदारपुत्रार्तिम।। तत्रैव सूत्र-5 पृष्ठ-237

98- लग्नस्थितशनेर्दाये देहकृच्छ्रमुपैति च।।
स्थानच्युतिं प्रवासं च राजकोपं शिरोरूजम्।। तत्रैव अ-15 शनि दशाफल विचार सूत्र-20 पृष्ठ-244

99- द्वितीयस्थे शनेर्दाये वित्तनाशमथाक्षिरूजम्।।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तृतीयस्थ शनि की दशा में	मानसिक जड़ता उत्साहहीनता[100]
पञ्चमस्थ राशिगत शनि की दशा में	मनोरोग, विभ्रम[101]

राहु की दशा में होने वाले मानसिक रोगः–

राहु की दशा के समय में सामान्यतया उदारविकार, मानसिक उद्वेग तथा छोटी–मोटी बीमारियां चलती रहती है। इसकी दशा के समय में शत्रुओं के प्रपंच तथा अभिचार, अन्य रोग भी होते हैं। जब यह किसी विशिष्ट कारणवश रोगकारक हो जाता है तब विविध स्थितियों में निम्नलिखित रोगों को उत्पन्न करता है।

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
द्वितीयस्थ राहु की दशा में	मानसिक विकार[102]
चतुर्थ राहु की दशा में	मनोव्यथा[103]
पञ्चमस्थ राहु की दशा में	बुद्धि भ्रम[104]
व्ययराशिगत राहु की दशा में	मानसिक रोग[105]

केतु की दशा में होने वाले मानसिक रोगः–

केतु की दशा के समय में सामान्यतया, भ्रम, भय एवं मन में चंचलता रहती है किन्तु जब किसी विशिष्ट कारणवश यह रोगकारक बन जाता है, तब विविध परिस्थितियों में अपनी दशा में विविध रोगों को उत्पन्न करता है।

100- तृतीयस्थशनेर्दाये कृषि गोधनसंपदः।।
मनोजाडयं मनोत्साहं भ्रातृतद्वर्गनाशनम्।। सर्वार्थ चिन्तामणि सूत्र-25 पृष्ठ-245

101- पंचमस्थशनेर्दाये पुत्रनाशं मनोरूजम्।।
राजकोपं भृत्नाशं बंधुस्त्रीवित्तविभ्रमम्।। तत्रैव सूत्र-26 पृष्ठ-245

102- राहोर्दशायां धनराशिगस्य राज्यं च वित्तं हरते विशेषात्।।
कुभोजनं कुत्सितराजसेवा मनोविकारं त्वनृतं प्रकोपम्।। तत्रैव अ-16 राहुकेतु दशाफलम् सूत्र-7 पृष्ठ-248

103- चौराग्निबंधार्तिमनोविकारं दारात्मजानामपि रोगपीडा।।
चतुर्थराशिस्थितराहुदाये प्रभग्नसंसारकलत्रपुत्रम्।। तत्रैव सूत्र-10 पृष्ठ-249

104- बुद्धिभ्रमं भोजनसौख्यानाशं विद्याविवादं कलहं च दुःखम।।
कोपं नरेन्द्रस्य सुतस्य नाशं राहोः सुतस्थस्य दशाविपाके।। तत्रैव सूत्र-11 पृष्ठ-249

105- व्ययगतराहुदशायां देशभ्रंशं मनोरूजं कुरूते।।
विच्छिन्नदारपुत्रं कृषिपशुधनधान्यसम्पदां नाशम्।। तत्रैव सूत्र-20 पृष्ठ-250

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विविध स्थितियां	उत्पन्न होने वाले रोग
द्वितीय भावगत केतु की दशा में	मानसिक व्यथा[106]
तृतीय भावगत केतु की दशा में	मानसिक विकलता[107]
पञ्चम भावगत केतु की दशा में	बुद्धि भ्रम[108]
सप्तम भावगत केतु की दशा में	मूत्रकृच्छ, मानसिक रोग[109]
दशम भावगत केतु की दशा में	मन में जड़ता आदि विकार[110]

अन्तर्दशा द्वारा रोगोत्पत्ति काल का निर्णयः—

जातक शास्त्र के आचार्यों का मत है कि प्रत्येक ग्रह अपनी दशा में अपने सम्बन्धी या सधर्मी ग्रह की अन्तर्दशा में अपना फल देता है। जो ग्रह परस्पर एक दूसरे को देखते हैं, एक दूसरे की राशि में होते हैं या एक साथ किसी भी राशि में होते हैं— आपस में सम्बन्धी कहलाते हैं तथा जो ग्रह आपस में मिलकर कोई योग बनाते हैं या एक जैसे प्रभाव का प्रतिनिधित्व करते हैं— वे सधर्मी कहलाते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि किसी भी रोगकारक ग्रह की दशा में जब—जब उसके सम्बन्धी या सधर्मी ग्रह की अन्तर्दशा आती है, तब—तब मनुष्य की शरीर में रोग पैदा होते हैं।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित ग्रहों की अन्र्दशाओं में भी रोग उत्पन्न होते हैं:—

106- धनराशिगतस्यापि केतोर्दाये धनक्षयम्।।
वाक्पारूष्यं मनोदु:खं कुत्सितान्नं मनोरूजम्।। सवार्थ चिन्तामणि केतु दशाफलम् सूत्र-5 पृष्ठ-251

107- तृतीयराशिगस्यापि केतोर्दाये महत्सुखम्।।
मनोवैकल्यमायाति भ्रातृभिर्द्वेषणं परम् तत्रैव केत दशाफलम् सूत्र-6 पृष्ठ-252

108- पञ्चमस्थस्य केतोस्तु दशाकाले सुतक्षयम्।।
बुद्धिभ्रमं विशेषेण राजकोपं धनक्षयम्।। तत्रैव सूत्र-8 पृष्ठ-252

109- कलत्रराशिसंयुक्तकेतोर्दाये महदभ्यम्।।
दारपुत्रार्थनाशं च मूत्रकृच्छ्रं मनोरूजम्।।

110- केतोरष्टमयुक्तस्य दशाकाले महदभ्यम्।। तत्रैव सूत्र-10 पृष्ठ-252
कर्मस्थकेतो: संप्राप्तौ दशायां सुखमेति च।।
मानहानिं मनोजाडयमपकीर्ति मनोरूजम्।। तत्रैव सूत्र-13 पृष्ठ-252

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– षष्ठेश की अन्तर्दशा में।

2– अष्टमेश की अन्तर्दशा में।

3– दशाधीश से षष्ठस्थ पाप ग्रह की अन्तर्दशा में।

4– दशाधीश से व्ययगत पाप ग्रह की अन्तर्दशा में।

5– दशाधीश से अष्टमस्थ पाप ग्रह की अन्तर्दशा में।

6– मारकेश ग्रह की अन्तर्दशा में।

7– अरिष्ट योगकारक ग्रह की अन्तर्दशा में।

8– अनिष्ट स्थान में स्थित ग्रहों की अन्तर्दशा में।

9– पापग्रहों की अन्तर्दशा में।

10– रोगकारक ग्रहों की अन्तर्दशा में।

अन्तर्दशाओं में विभिन्न रोगः–

अन्तर्दशा द्वारा रोगोत्पत्ति के सम्भावित समय का विचार करते हुए फलित ज्योतिष के आचार्यों ने किस ग्रह की अन्तर्दशा में कौन सा रोग होगा?– इस बात का विस्तारपूर्वक विवेचन किया है। इस विवेचन के आधार पर जीवन में होने वाले विविध रोगों के सम्भावित समय का यथार्थ रूप से निर्धारण किया जा सकता है।

सूर्य आदि ग्रहों की दशा में अन्य ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः–

1– सूर्य की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
सूर्य	षष्ठाष्टमव्ययगत चन्द्रमा	जलभय, मानसिक रोग[111]

111– विरोधं राजकलहं धनधान्यपशुक्षयम्।
षष्ठाष्टमव्यये चन्द्रे जलभीतिं मनोरूजम्।। बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 54 पृष्ठ-542

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सूर्य	त्रिकस्थ मङ्गल	मानसिक रोग[112]
सूर्य	नीचस्थ बुध	मनस्ताप[113]
सूर्य	केतु	देहपीड़ा, मनोव्यथा[114]

2– चन्द्रमा की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
चन्द्रमा	व्यय भाव में स्थित राहु	मनोव्यथा[115]
चन्द्रमा	षष्ठ/अष्टम में स्थित गुरू	मानसिक तनाव[116]
चन्द्रमा	केतु	कलह, मनोव्यथा[117]

3– मङ्गल की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
मंगल	त्रिकस्थ/नीचस्थ/निर्बल गुरू	प्रेत पीड़ा, पित्त रोग[118]

112- दायेशाद् व्ययरन्ध्रस्थे व्ययरन्ध्रस्थे पापैर्युक्तेऽथ वीक्षिते।
आधिपत्य बलैहीने क्रूरबुद्धि मनोरूजम्।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 54/19 पृष्ठ-544

113- दायेशाद् रिपुरन्ध्रस्थे रि:फगे नीचगेऽपि वा।।
देहपीड़ा मनस्तापो दारपुत्रादि पीडनम्।। तत्रैव 54/54 पृष्ठ-549

114- सूर्यस्यान्तर्गते केतौ देहपीड़ा मनोव्यथा।
अर्थव्ययं राजकोपं स्वजनादेरूपद्रवम्।। तत्रैव 54/58 पृष्ठ-549

115- चौराहिराजभीतिश्च चतुष्पाज्जीवपीडनम्।
बन्धुनाशोमित्रहानिर्मानहानिर्मनोव्यथा।। तत्रैव 54/14 पृष्ठ-553

116- स्थानभ्रंशो मनोदु:खमकस्मात्कलहो ध्रुवम्।।
गृहक्षेत्रादिनाशश्च वाहनाम्बरनाशनम्। तत्रैव 55/26 पृष्ठ-555

117- शत्रुत: कार्यहानि: स्यादकस्मात्कलहो ध्रुवम्।
द्वितीययद्यूनराशिस्थे देहकष्टं महद्भयम्।। तत्रैव 55/51 पृष्ठ 558

118- षष्ठाष्टम व्यये जीवे नीचे वास्तंगते सति।।
पापग्रहेण संयुक्ते दृष्टे वा दुर्बले सति।
चौराहिनृपभीतिश्च पित्तरोगादि सम्भवम्।।
प्रेतबाधा भृत्यनाश: सोदराणां विनाशनम्। तत्रैव 56/19 तथा 20 पृष्ठ-564

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मंगल	द्वितीय सप्तमेश शनि	मानसिक रोग[119]
मंगल	मंगल से त्रिकस्थान में स्थित सूर्य	मानसिक रोग[120]

4– राहु की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
राहु	षष्ठ/व्यय में स्थित नीच/शत्रुराशिस्थ शनि	मानसिक रोग[121]
राहु	अष्टमेश के साथ स्थित केतु	मानसिक व्यथा[122]
राहु	अष्टम/व्यय में स्थित निर्बल केतु	मानसिक रोग[123]

5– गुरू की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
गुरू	त्रिकस्थान में नीच/अस्तङ्गत शनि	मानसिक रोग[124]
गुरू	गुरू से 6,8 या 12वें में स्थित	

119– द्वितीय द्यूननाथे तु पापयुक्ते महद्भयम्।।
धननाशश्च सञ्चारे राजद्वेषो मनोव्यथा। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 56/26 पृष्ठ-565

120– दायेशात्षष्ठरिःफे वा व्यये वा पापसंयुते।
देहपीडा मनस्तापः कार्यहानिर्महद्भयम्।। तत्रैव 56/65 पृष्ठ-570

121– नीचारिक्षेत्रगे मन्दे रन्ध्रे वा व्ययगेऽपि वा।।
नीचारिराजभीतिश्च दारपुत्रादिपीडनम्।
आत्मबन्धुमनस्तापं दायादजनविग्रहम्।।
व्यवहारे च कलहमकस्माद् भूषणं लभेत्।
दायेशात्षष्ठरिःफे वा रन्ध्रे वा पापसंयुते।।

122– हृदयरोगो मानहानिश्च विववादः शत्रुपीड्नम्। तत्रैव-57/25, 26, 27 पृष्ठ 575
अष्टमाधिपसंयुक्ते देहजाड्यं मनोव्यथा।

123– शुभयुक्ते शुभैर्दृष्टे देहसौख्यं धनागमः।। तत्रैव 57/41 पृष्ठ 577
रन्ध्रस्थानगते केतौ व्यये वा बलवर्जिते।
तद्भुक्तौ बहुरोगः स्याच्चौराहिव्रणपीडनम्।।

124– पितृमातृवियोगश्च भ्रातृद्वेषो मनोरूजा।। तत्रैव 54/44 पृष्ठ-577
लग्नात् षष्ठाष्टमे मन्दे व्यये नीचेऽस्तगेऽप्यरौ।।
धनधान्यादिनाशश्च ज्वरपीडा मनोरूजः। तत्रैव 58/12 पृष्ठ-585

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

	पापयुक्त केतु	मानसिक रोग[125]
गुरू	द्वितीयेश/सप्तेश मंगल	जड़ता[126]

6– शनि की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
शनि	त्रिकस्थ नीचगत/अस्तंगत शुक्र	मानसिक रोग[127]
शनि	शनि से 1, 8 या 12वें में स्थित सूर्य	मानसिक रोग, हृदय रोग[128]
शनि	शनि से 8 या 12 में स्थित निर्बल चन्द्र	आलस्य[129]
शनि	राहु	मानसिक रोग[130]
शनि	गुरू	मानसिक रोग[131]

7– बुध की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
बुध	बुध से 1,8,12 में स्थित पापयुक्त सूर्य	सिरदर्द, मनोव्यथा[132]

125- दायेशाद्रिपुरन्ध्रस्थे व्यये वा पासंयुते।।
राजकोपो धनच्छेदो बन्धनरोगपीडनम्।
बलहानिः पितृद्वेषी भ्रातृद्वेषो मनोरूजः।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 58/34 पृष्ठ-587

126- द्वितीयद्यूननाथे तु देहजाड्यं मनोरूजः।
वृषभस्य प्रदानं तु सर्वसम्पत्प्रदायकम्।। तत्रैव 58/70 पृष्ठ-592

127- शत्रुनीचास्तगे शुक्रे षष्ठाष्टव्ययराशिगे।।
दारानाशो मनःक्लेशः स्थाननाशो मनोरूजः। तत्रैव 59/27 पृष्ठ-597

128- लग्नाष्टमव्यये सूर्ये दायेशद्वा तथैव च।।
हृद्रोगो मानहानिश्च स्थानभ्रंशो मनोरूजा। तत्रैव 59/38 पृष्ठ-598

129- दायेशाद् द्वादशे भावे रन्ध्रे वा बलवर्जिते।।
शयनं रोगमालस्यं स्थानभ्रैष्टं सुखावहम्।। तत्रैव 59/50 पृष्ठ-599

130- मन्दस्यान्तर्गते राहौ कलहश्च मनोव्यथा।
देहपीडा मनस्तापः पुत्रद्वेषो रूजोभयम्।। तत्रैव 59/62 पृष्ठ-601

131- द्वितीयद्यूननाथे तु देहबाधा मनोरूजः।
आत्मसम्बन्धिरमणं भविष्यति न संशयः।। तत्रैव 59/80 पृष्ठ-603

132- लग्नाष्टमव्यये वापि शन्यारफणिसंयुते।
दायेशाद् रिपुरन्ध्रस्थे व्यये वा बलवर्जिते।।
चौराग्निशस्त्रपीड़ा च पित्ताधिक्यं भविष्यति।
शिरोरुद्ध मनस्ताप दुष्टबन्धु वियोगकृत।। तत्रैव 60/23, 24 पृष्ठ-606

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बुध	बुध से 8 या 12 में स्थित शनि	बुद्धिनाश, मानसिक रोग[133]

8– केतु की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
केतु	केतु से 6,12 में स्थित निर्बल चन्द्रमा	मानसिक व्याकुलता[134]
केतु	शनि	मनस्ताप मनोव्यथा[135]
केतु	अष्टम व्यय में स्थित्त शनि	आलस्य[136]

9– शुक्र की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिकाः–

दशापति	अन्तर्दशापति ग्रह	रोग
शुक्र	षष्ठाष्टम में नीच राशि/पाप वर्ग में स्थित सूर्य	मानसिक रोग[137]
शुक्र	शुक्र से 6, 8, 12 में नीच/अस्तंगत चन्द्र	मनस्ताप[138]
शुक्र	द्वितीयस्थ/सप्तमस्थ राहु	आलस्य[139]
शुक्र	शुक्र से 8,11 में पापयुक्त केतु	सिरदर्द, मनोव्यथा[140]

133- अष्टमे वा व्यये मन्दे दायेशाद्वा तथैव च।
अरातिदुःखबाहुल्यं दारपुत्रादिपीड़नम्।।
बृद्धिभ्रंशो बन्धुनाशः कर्मनाशो मनोरूजः। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 60/69 पृष्ठ-611

134- दायेशात्षष्ठरिःफे वा रन्ध्रे वा बलवर्जिते।
धनधान्यादिहानिश्च मनोव्याकुलमेव च।। तत्रैव 61/33 पृष्ठ-616

135- केतोरन्तर्गत मन्दे स्वदशायां तु पीडनम्।
बन्धो क्लेशो मनस्तापश्चतुष्पाज्जीवलाभकृत्।। तत्रैव 61/60 पृष्ठ-620

136- स्थानच्युतिः प्रवासश्च मार्गे चौरभयं भवेत्।।
आलस्यं मनसो हानिश्चाष्टमे व्ययराशिगे। तत्रैव 61/60 पृष्ठ-620

137- तथाष्टमे व्यये सूर्ये रिपुराशिस्थितेऽथवा।
नीचे वा पापवर्गस्थे देहतापो मनोरूजः। तत्रैव 62/15 पृष्ठ-624

138- तत्काले धननाशः स्यात् संचरेच्च महद्भयम्।।
देहायासो मनस्तापो राजद्वारे विरोधकृत्।। तत्रैव 62/24 पृष्ठ-624

139- द्वितीये सप्तमे वापि देहालस्यं विनिर्दिशेत्।
तद्दोषपरिहारार्थ मृत्युंजयमनुं जपेत्।। तत्रैव 62/44 पृष्ठ-628

140- चौराहिव्रणपीडा च बुद्धिनाशो महद्भयम्।।
शिरोरूजं मनस्तापम् कर्मकल्लहं वदेत्।। तत्रैव 62/70 पृष्ठ-631

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

किस ग्रह की प्त्यन्तर दशा में कौन सा रोग होगाः—

प्रत्येक ग्रह की अन्तर्दशा में सभी 9 ग्रहों की प्रत्यन्तर दशाएं चलती रहती हैं। प्रत्यन्तर दशाओं में सबसे छोटी दशा सूर्य की होती है, और 5 दिन 24 घटी रहती है सबसे बड़ी दशा शुक्र की होती है, और 6 माह 20 दिन रहती है। इस प्रकार प्रत्यंतर दशा द्वारा 5 दिन से 6 माह 20 दिन तक के योग मान वाले विविध कालखण्डों में घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी की जा सकती है।

सूर्य आदि ग्रहों की अन्तर्दशा में विभिन्न ग्रहों की प्रत्यन्तर दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः—

अन्तर्दशाधीश	प्रत्यन्तरदशाधीश	रोग
सूर्य	सूर्य	शिरोरोग[141]
सूर्य	चन्द्र	उद्वेग, मनोव्यथा[142]
मंगल	केतु	आलस्य, सिरदर्द[143]
राहु	केतु	बुद्धिनाश[144]
राहु	चन्द्र	उद्वेग, चिन्ता, शरीर में विकलता[145]
शनि	केतु	मन में चिंता, भय एवं त्रास[146]

141- विवादो वित्तहानिश्च दारार्तिः शिरसि व्यथा।
रव्यन्तरे बुधैर्ज्ञेयं तस्य प्रत्यन्तरे फलम्।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 63/2 पृष्ठ-635

142- उद्वेगः कलहश्चैव वित्तहानिर्मनोव्यथा।
रव्यन्तरे विजानीयात् चन्द्रप्रत्यन्तरे फलम्।। तत्रैव 63/3 पृष्ठ-635

143- आलस्यं च शिरं पीडां पापरोगोऽपमृत्युकृत्।
राजभीतिः शस्त्रघातो केतोः प्रत्यन्तरे वदेत्।। तत्रैव 63/25 पृष्ठ-638

144- बुद्धिनाशो भयं विघ्नो धनहानिर्महद्भयम्।
सर्वत्र कलहोद्वेगौ केतोः प्रत्यन्तरे फलम्।। तत्रैव 63/33 पृष्ठ-639

145- उद्वेगकलहौ चिन्ता मानहानिर्महद्भयम्।
पितुर्विकलता देहे विधोः प्रत्यन्तरे भवेत्।। तत्रैव 63/36 पृष्ठ-640

146- बन्धः शत्रोर्गृहे जातो वर्णहानिर्बहुक्षुधा।
वित्ते चिन्ता भयं त्रासः केतोः प्रत्यन्तरे भवेत्।। तत्रैव 63/49 पृष्ठ-641

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बुध	सूर्य	मानसिक विकलता[147]
केतु	चन्द्र	मतिभ्रम[148]
केतु	बुध	बुद्धिनाश[149]

किस ग्रह की सूक्ष्म दशा में कौन सा रोग होगा:–

प्रत्येक ग्रह की प्रत्यन्तर दशा में 9 ग्रहों की सूक्ष्मदशाएं चलती हैं। इन सूक्ष्म दशाओं में सबसे छोटी दशा का मान 16 घटी 12 पल तथा सबसे बड़ी दशा का नाम 1 मास 3 दिन 30 घटी होता है। इस प्रकार सूक्ष्मदशा के द्वारा 16 घटी (लगभग 6.30 घण्टा) से लेकर 33 दिन तक के विविध काल खण्डों में घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी की जा सकती है।

सूर्य आदि ग्रहों की प्रत्यन्तरशा में विभिन्न ग्रहों की सूक्ष्म दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:–

प्रत्यन्तरदशाधीश	सूक्ष्मदशाधीश	रोग
सूर्य	शनि	मानसिक वेदना[150]
मंगल	मंगल	अपस्मार[151]
राहु	राहु	मतिभ्रम, शून्यता[152]

147- तेजो हानिर्भवेद्रोगस्तनुपीडा यदा कदा।
जायते चित्तवैकल्यं रवे: प्रत्यन्तरे बुधे।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 63/59 पृष्ठ-642

148- अन्ननाशो यशो हानिर्देहपीड़ा मतिभ्रम:।
आमवातादि वृद्धिश्च विधो: प्रत्यन्तरे भवेत् तत्रैव 63/68 पृष्ठ-644

149- बुद्धिनाशो महोद्वेगो विद्याहानिर्महद्भयम्।
कार्यसिद्धिर्न जायेत ज्ञस्य प्रत्यन्तरे फलम्।। तत्रैव 63/73 पृष्ठ-644

150- चौर्यसाहस कर्मार्थ देवब्राहमणपीडनम्।
स्थानच्युतिं मनोदु:खं रवौ सूक्ष्मगते शनौ।। तत्रैव 64/7 पृष्ठ-669

151- भूमिहानिर्मन:खेदो ह्यपस्मारी च बन्धुयुक्।
पुरक्षोभमनस्तापो निजसूक्ष्मगते कुजे।। तत्रैव 64/20 पृष्ठ-671

152- लोकोपद्रव बुद्धिश्च स्वकार्ये मतिविभ्रम:।
शून्यता चित्तदोष: स्यात् स्वीये सूक्ष्मगतेऽप्यगौ।। तत्रैव 64/29 पृष्ठ-672

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गुरू	शनि	मनस्ताप[153]
बुध	मंगल	विभ्रम, जड़ता, उद्वेग[154]
शुक्र	मंगल	जड़ता[155]
शुक्र	केतु	नेत्र एवं शिर में रोग[156]

किस ग्रह की प्राणदशा में कौन सा रोग होगा?

प्रत्येक ग्रह की सूक्ष्मदशा में सभी ग्रहों की प्राणदशाएं चलती रहती हैं। इन प्राण दशाओं में सबसे छोटी दशा का मान 48 पल 36 विपल अर्थात लगभग 20 मिनट तथा सबसे बड़ी दशा का मान 5 दिन 30 घटी होता है। इस प्रकार हम प्राणदशा द्वारा 20 मिनट से लेकर 5 दिन तक के विविध काल खण्डों में घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी कर सकते हैं।

सूर्य आदि ग्रहों की सूक्ष्मदशा में विभिन्न ग्रहों की प्राण दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

सूक्ष्मदशाधीश	प्राणदशाधीश	रोग
चन्द्र	मङ्गल	भूत का आवेश[157]
चन्द्र	सूर्य	मनोव्यथा[158]

153- व्रतभंगो मनस्तापो विदेशे वसुनाशनम्।
विरोधो बन्धुवर्गैश्च गुरो: सूक्ष्मगते शनौ।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 64/39 पृष्ठ-674

154- अग्निदाहो विषोत्पत्तिर्जडत्वं च दरिद्रता।
विभ्रमश्च महोद्वेगो बौधे सूक्ष्मगते कुजे।। तत्रैव 64/61 पृष्ठ-677

155- जडत्वं रिपुवैषम्यं देहभ्रंशो महद्भयम्।
व्याधिदु:खसमुत्पत्तिर्भृगो: सूक्ष्मगते कुजे।। तत्रैव 64/77 पृष्ठ-679

156- अग्निरोगो महापीडा मुखनेत्रशिरोव्यथा।
संचितार्थत्मन: पीडा भृगो: सूक्ष्मगते ध्वजे।। तत्रैव 64/82 पृष्ठ-680

157- क्षयं कुष्ठं बन्धुनाशं रक्तस्रावान्महद्भयम्।
भूतावेशादि जायते विधो: प्राणगते कुजे।। तत्रैव 65/12 पृष्ठ-682

158- क्रूरता कोपवृद्धिश्च प्राणहानिर्मनोव्यथा।
देशत्यागो महाभीतिश्चन्द्रप्राणगते रवौ।। तत्रैव 65/19 पृष्ठ-683

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मङ्गल	सूर्य	सिर में रोग[159]
बुध	सूर्य	उन्माद[160]

गोचरीय ग्रहस्थिति द्वारा रोगारम्भकाल का ज्ञानः–

ज्योतिषशास्त्र में गोचरीय ग्रह स्थिति से भी रोगारम्भकाल का विचार किया जाता है। गोचरीय ग्रहस्थिति से रोगारम्भ का निर्णय निम्नलिखित योगों के द्वारा किया जाता है:–

1– रोगकारक ग्रह जब–जब लग्न, लग्नेश एवं चन्द्रमा की युति या दृष्टि द्वारा प्रभावित करता है, तब–तब रोग होता है।

2– रोगकारक ग्रह जब–जब अनिष्ट स्थान में आता है, तब–तब रोग होता है।

3– लग्न, लग्नेश एवं चन्द्रमा की पापग्रहों के साथ जब–जब युति एवं दृष्टि होती है, तब–तब रोग होता है।

4– जन्मकुण्डली में षष्ठेश जिस राशि में हो उस राशि में गोचरीय क्रम से जब–जब चन्द्रमा पहुंचता है, तब–तब रोग होता है।

उक्त विवेचन के द्वारा यह कहा जा सकता है कि मनुष्य के जीवन में आने वाली ग्रहों की दशा तथा गोचरीय ग्रह स्थिति, उसके जीवन में होने वाले रोगों की महत्वपूर्ण सूचना देती है। महादशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तरदशा, सूक्ष्मदशा, प्राणदशा एवं गोचरीय ग्रहस्थिति द्वारा जीवन में समय–समय पर होने वाले रोगों की जानकारी दी जा सकती है।

159– अक्षिपीडाशिरोव्याधिः सर्पशत्रुभयं भवेद्।
अर्थहानिर्महाक्लेशः शनेः प्राणगते रवौ।। वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् 65/51 पृष्ठ-688

160– अन्तर्दाहो ज्वरोन्मादो बान्धवानां रतिः स्त्रियाः।
प्राप्यते स्तेयसम्पतिर्बुधप्राणगते रवौ।। तत्रैव 65/59 पृष्ठ-689

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विभिन्न जातक ग्रन्थों में उल्लिखित मनोरोगों के योगः–

अब तक हमने विभिन्न रोगों तथा उनकी अवधि से सम्बन्धित सिद्धान्तों का विवरण प्रस्तुत किया है। वे शारीरिक तथा मानसिक दोनों प्रकार के रोगों से सम्बन्धित हैं।

ये सभी मूलभूत सिद्धान्त हैं जिनके आधार पर रोगों का निर्णय किया जा सकता है। इनके आधार पर ही ज्योतिषाचार्य विभिन्न योगों (ग्रह, नक्षत्र, राशि तथा भाव की विशिष्ट स्थितियां) का विश्लेषणात्मक अध्ययन कर फलादेश करने में सक्षम होते हैं।

लगभग सभी जातक ग्रन्थों में जीवन के सभी पक्षों से सम्बन्धित भिन्न–भिन्न योगों का विवरण प्राप्त होता है। यहां हम केवल उन्हीं योगों का विवरण प्रस्तुत करेंगे जिनका सम्बन्ध मानसिक रोगों से है। यह दृष्टव्य है कि जातक ग्रन्थों में भी मानसिक रोगों का वर्गीकरण लगभग वैसा ही है जैसा आयुर्वेद ग्रन्थों में प्राप्त होता है। अतएव तदनुसार ही यहां उन्माद, अपस्मार, अतत्वाभिनिवेश, प्रमाद आदि अनेक रोगों से सम्बन्धित योगों का विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

उन्माद रोग के विभिन्न योगः–

जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में व्यक्ति की जन्मकुण्डली के आधार पर उन्माद रोग के कारणों का इस प्रकार निश्चय किया जा सकता है:–[161]

1– लग्न में गुरू व सप्तम स्थान में शनि हो।

2– लग्न में गुरू सप्तम स्थान में मङ्गल हो।

161– लग्नस्थे धिषणे दिवाकरसुते भौमोथवा द्यूनगो
मन्दे लग्नगते मदात्मजतपः संस्थो महीनन्दनः।
मतौ मूढशशीन्दुजौ कृशशशी मन्दश्च रिष्फस्थितौ
पापोपेतकृशामृतांशुरूदयायस्वान्तधर्मोपगः।।
अस्ते पापयुतो मान्दिर्वित्रिषष्ठाष्टमान्त्यगः।
उन्माददायिनो योगा एवमष्टौ समीरिताः।। प्रश्नमार्ग अध्याय द्वादश श्लोक 31 तथा 32
पृष्ठ-179, 180

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

3– लग्न में शनि वं 7, 5 या 9वें स्थान में मंगल हो।

4– लग्न में क्षीण चन्द्रमा और बुध दोनों हों।

5– क्षीण चन्द्रमा और शनि दोनों व्यय स्थान में हो।

6– क्षीण चन्द्रमा पापग्रहों के साथ लग्न, एकादश, पञ्चम या नवम स्थान में हो।

7– सप्तम स्थान में पापग्रहों से युक्त गुलिक हो।

8– तृतीय, षष्ठ अष्टम या व्यय स्थान में पापयुक्त बुधहो तो उन्माद रोग होता है। उन्माद पैदा करने वाले ये आठ योग कहे गये हैं।

पुनः इसी ग्रन्थ में विक्षिप्तता या उन्माद के सूचक निम्नलिखित आठ योगों का विवरण है:—[163]

1– यदि चन्द्रमा, शुक्र और अष्टमेश अनिष्ट स्थानों में हो तो विषम भोजन याउपवास के कारण उन्माद होता है।

2– यदि ये चन्द्रमा, शुक्र और अष्टमेश केतु, गुलिक एवं राहु से युक्त हो तो अपवित्र भोजन से उन्माद होता है।

3– पञ्चम स्थान में पाप ग्रह होने पर भय के कारण उन्माद होता है।

4– षष्ठ स्थान में मङ्गल होने पर शत्रुकृत अभिचार के कारण उन्माद होता है।

5– नवम स्थान में पाप ग्रह होने पर गुरू, अग्नि एवं देवता आदि के शाप से उन्माद होता है।

जातक ग्रन्थ "जातक तत्त्व (प्रकीर्ण तत्त्व) के अनुसार जिस व्यक्ति के जन्म कुण्डली में निम्नलिखित योगों में से कोई एक योग हो तो वह विक्षिप्त (पागल) हो

162- चन्द्रशुक्राष्टमाधीशागोचरेतरगायदि।
विषमाष्टयुपवासोत्थ उन्माद इति निर्दिशेत्।।
केतुमान्द्यहियुक्तेषु चैतेष्वशुचिभुक्तिजः।
सपापे पंचमे भीतिवैराग्योत्थः स भूमिजे।।
क्रोधजोथाभिचारोत्थः षष्ठगेष्वशुभेषु सः।
गुर्वादिशापसम्भूतः पापे नवमसंस्थिते।
कल्याणपंचगव्याजयसेवाद्येषु विधीयताम्।। प्रश्नमार्ग अध्याय द्वादश श्लोक 46, 47, 48, 49 पृष्ठ-182, 183

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जाता है।[163]

इन योगों में मनुष्य पूर्णतया विक्षिप्त होता है अथवा उसकी विचार शक्ति व विवेक शक्ति क्षीण होने के कारण वह अर्धविक्षिप्तावस्था में होता है:–

1– बृहस्पति लग्न में व मगल सप्तम स्थान में अथवा सप्तम में गुरू व लग्न में मंगल हो।

2– लग्न में शनि हो व पञ्चम, सप्तम या नवम में मङ्गल हो।

3– लग्न में शनि, व्यय में सूर्य, त्रिकोण में मंगल या चन्द्रमा हो।

4– यदि तृतीयेश नीचास्तङ्गत होकर षष्ठ स्थान में हो उसे पापग्रह देखते हों तो विष के कारण उन्माद होता है।

5– क्षीण चन्द्रमा व शनि द्वादश स्थान में हो तो उन्माद होता है। शनि व धनेश पापयुक्त हों तो वातविकार के कारण उन्माद होता है।

6– धनेश व शनि सूर्य सहित हो तो राजा के कोप के कारण उन्माद होता है।

7– शनि व धनेश मंगल से युक्त हो तो पित्तविकार के कारण उन्माद होता है।

8– चन्द्रमा व सूर्य त्रिकोण या लग्न में, बृहस्पति केन्द्र में हो तथा जन्म के समय शनि व मङ्गल की काल होरा हो तो व्यक्ति उन्मत्त होता है।

9– चन्द्रमा व सूर्य लग्न में हों तथा उन पर बुध की दृष्टि हो तो मनुष्य मानसिक तनाव से युक्त होता है।

जातक ग्रन्थ "सारावली" में भी उन्माद के लिए निम्नलिखित योग दिये हुए हैं:–

163– इज्येऽङ्गे कुजेऽस्ते व्यस्तेवोन्मादी।।
लग्नेशनौ मदत्रिकोणे कुजे उन्मादी।।
मन्देऽङ्गे व्ययेऽर्के कोणे चन्द्रे वा भौमे उन्मादी।।
मूढे नीचे षष्ठे सोत्थेशे पापदृश्टे गरलज उन्मादः।।
क्षीणेन्द्वर्कजावन्त्ये उन्मादी।।
मन्दार्थेशौ सपापौ वातज उन्मादः।।
धनेशार्कजौ सूर्ययुतौ राजकोपज उन्मादः।।
यमार्थेशौ भौमयुतौ पित्तज उन्मादः।।
चन्द्राकौ कोणाङ्गगौकेन्द्रेजीवे यमारक्षणवारे उन्मादः।।
इन्द्वर्कजौ लग्नेऽदृष्टौ विह्वलः।।
जातक तत्वम् प्रकीर्ण तत्वम् प्रथम विवेक श्लोक 145 से 154 तक, पृष्ठ-63

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– यदि बुधराशिस्थ सूर्य, गुरू से दृष्ट हो तो जातक–अधिक शास्त्र मुखी अर्थात् बहुज्ञ, राजदूत, विदेश गामी, उग्र एवं पागल होता है।[164]

2– यदि कुण्डली में पञ्चमभाव में शनि हो तो जातक– सुख–पुत्र–मित्र से रहित, बुद्धिहीन, अचेत, पागल तथा दीन होता है।[165]

अपस्मार (मिरगी) के योगः–

जातक तत्व नामक जातक ग्रन्थ में अध्याय "षष्ठविवेक" के अनुसार जिनकी कुण्डली में निम्नलिखित योगों में से कोई एक योग हो, उसे अपस्मार (मिरगी) रोग होता है।

इन योगों में मनुष्य अपस्मार अर्थात् उन्माद अर्थात एक प्रकार के पागलपन से पीड़ित होता हैः–[166]

1– शनि व चन्द्रमा को यदि मङ्गल देखता हो।

2– अष्टम स्थान में चन्द्रमा व राहु ये दौनों स्थित हों।

3– षष्ठ या अष्टम स्थान में शनि मङ्गल से युक्त हो।

4– चन्द्रमा, मङ्गल एवं सूर्य लग्न या अष्टम स्थान में हों और क्रूर ग्रह उन्हें दखते हों।

5– ग्रहण के समय जन्म हो तथा शनि व मङ्गल अष्टम या षष्ठ स्थान में हो तथा बृहस्पति लग्न या त्रिकोण स्थानों में न हो।

6– चन्द्रमा षष्ठ स्थान में हो और राहु लग्न में हो।

164- बहुशास्त्रदारितमुखो राज्ञां दूतो विदेशगश्चण्डः।
बुधराशौ दिनभर्तरि गुरूणा दृष्टे सदोन्मादः।। सारावली- द्वाविशं अध्याय श्लोक-23, पृष्ठ-142

165- सुखसुतमित्रविहीनं मतिरहितचेतसं त्रिकोणस्थः।
सोन्मादं रवितनयः करोति पुरूषं सदा दीनम्।। सारावली त्रिंश अध्याय श्लोक 78 पृष्ठ 226

166- सार्कजे चन्द्र भौमदृष्टऽपस्मारी।।
रन्ध्रे चन्द्रराहू अपस्मारी।।
रन्ध्रे पापश्चन्द्राच्छौ संयुतौ केन्द्रऽपस्मारी।।
षष्ठाष्टमे मन्दे कुजयुतेऽपस्मारी।।
चन्द्रारार्का लग्नमृतिगाः क्रूरदृष्टा अपस्मारी।।
ग्रहणकाले यमारौ रन्ध्र षष्ठे वा गुरूहीने लग्ने त्रिकोणेऽपस्मारी।।
इन्दौ षष्ठेऽङ्गे राहौ अपस्मारी।। जातक तत्वम् प्रकीर्ण तत्वम् षष्ट विवेक श्लोक 73 से 79 तक, पृष्ठ-176. 177

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कलहप्रिय होने का योगः–

यह उन्माद का ही एक रूप है, इसमें रोगी प्रायः मारपीट या कलह करता रहता है। इस रोग में व्यक्ति बेकाबू हो जाता है।

इस रोग का मुख्य कारण चन्द्रमा पर पाप ग्रहों का प्रभाव तथा उनकी अनिष्ट स्थानों में स्थिति मानी गयी है।

जातक ग्रन्थ "जातक पारिजात" के अनुसार जिस व्यक्ति की कुण्डली में निम्नलिखित योग योग हो तो वह कलहप्रिय होता हैः–

1– पापयुक्त चन्द्रमा राहु के साथ यदि द्वादश, पंचम या अष्टम भाव में स्थित हो तो जातक क्रमशः उन्मादबुद्धि, क्रोधी और कलहप्रिय होता है।[167]

प्रमाद एवं उसके योगः–

यह भी उन्माद का ही एक भेद है। इसमें व्यक्ति को अपनी सुध–बुध नहीं रहता। इस रोग का विचार द्वितियेश से किया जाता है क्योंकि अनवधानतावश बड़बड़ाना द्वितीय भाव का ही गुण है। जब द्वितीयेश पर अधिक पाप ग्रह का प्रभाव होता है तब यह रोग होता है।

जातक ग्रन्थ "सर्वार्थचिन्तामणि" के अनुसार इस रोग के योग निम्नलिखित हैं:–[168]

1– द्वितीयेश, पापग्रह एवं शनि के साथ रोग स्थान में हो तो वातकोप से प्रमाद होता है।

167– चन्द्र सपापे फणिनाथयुक्ते रिःफे सुते रन्ध्रगतेऽथवाऽपि।
उन्मादभाक् तत्र सरोषयुक्तो जातस्तु नित्यं कलहप्रियः स्यात्।। जातक पारिजात, जातक भङ्गाध्याय श्लोक 83 पृष्ठ 288

168– वाक्स्थानपेनापि युतोर्कपुत्रः पापैर्युतो वातभयात्प्रमादः।।
सूर्यस्तु कोपाद्रवति प्रमादो राज्ञां कुजे चोष्णभ्यात्प्रमादः। सर्वार्थचिन्तामणि 3/115 पृष्ठ 71

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– द्वितीयेश पापग्रह एवं सूर्य के साथ रोग स्थान में हो तो राजा स्वामी आदि के कोप से प्रमाद होता है।

3– द्वितीयेश पापग्रह एवं मङ्गल के साथ रोग स्थान में हो तो गर्मी के प्रकोप से प्रमाद होता है।

पिशाच पीड़ा योगः–

अनेक जातक ग्रन्थों में पिशाच पीड़ा रोगों के विभिन्न योगों का विवरण प्राप्त होता है।

जातक ग्रन्थ "जातक पारिजात" के अनुसार निम्नलिखित योग में पिशाच पीड़ा रोग होता है।[169]

1– लग्न, चतुर्थ अथवा दशम भाव में बृहस्पति तथा केन्द्रस्थान में शनिपुत्र मान्दि (गुलिक) स्थित हो तो जातक लोकोत्तर आत्माओं आदि के दर्शनजनित व्याधि में पीड़ित होता है।

2– चर राशि का लग्न शुभग्रहों से युक्त हो, शनि सप्तमस्थ हो तथा चन्द्रमा पापग्रहों से दृष्ट हो तो जातक भूत–प्रेतादिजन्य व्याधियों से पीड़ित होता है।

जातक ग्रन्थ "सर्वार्थ चिन्तामणि " के अनुसार पिशाच पीड़ा निम्नलिखित योग में से उत्पन्न होते हैं:–

1– लग्न में राहु के साथ शनि हो तो भूत, प्रेत या पिशाच की पीड़ा से रोग होता है।[170]

169– जातो निर्जरदर्शनेन जनितं रोगं सुखस्थानगे
माने लग्नगतेऽथवाऽमरगुरौ केन्द्रे समन्दात्मजे।
मन्द्रऽस्ते चरलग्नगे यदि शुभे पापेक्षिते शीतगौ
भूतप्रेतपिशाचदर्शनवशाद् रोगं समेति ध्रुवम्।। जातक पारिजात, जातक भङ्गाध्याय श्लोक 94 पृष्ठ 292

170– लग्ने शनौ राहुयुतेथ वा स्यात्पिशाच वाधा प्रवदंति संतः।। सर्वार्थ चिन्तामणि 2/88, पृष्ठ-51

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– लग्न में स्थित केतु पर अनेक पाप ग्रहों की दृष्टि हो तो पिशाच पीड़ा होती है।[171]

जड़ता एवं उसके योगः–

जड़ता पागलपन का पूर्व रूप है। इस स्थिति में मनुष्य को अच्छे बुरे का ज्ञान नहीं होता। आगे चलकर यह अनेक रूप–रूपान्तरों में परिवर्तित होकर अनेक मानसिक रोगों को उत्पन्न करता है। जातक ग्रन्थ "जातक तत्त्व" में जड़ता के योग निम्नलिखित हैं:–[172]

1– चन्द्रमा, शनि व गुलिक यदि ये तीनों केन्द्र स्थानों में हों तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

2– धनस्थान में गुलिक व सूर्य स्थित हो तथा उन्हें पापग्रह देखते हों अथवा शनि व तृतीयेश दोनों एक साथ हों तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

3– यदि द्वितीयेश पापग्रहों से युक्त होकर दशम स्थान में स्थित हो तो मनुष्य जनसमुदाय के सामने जड़बुद्धि हो जाता है। अर्थात लोगों के सामने उसकी बुद्धि ठीक कार्य नहीं करती हैं।

4– तृतीयेश यदि राहु के साथ हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

5– पञ्चम स्थान में शनि लग्नेश होकर स्थित हो तथा पञ्चमेश को शनि देखता हो तथा पञ्चमेश पापग्रहों से युत हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

171- केतौ विलग्ने बहुपापदृष्टे पिशाचचौरैर्भवति ध्रुवं भीः — सर्वार्थ चिन्तामणि 2/90 पृष्ठ 52

172- केन्द्रगा मन्देन्दुगुलिका जडः।।
धनेगुलिकाकौ पापदृष्टौ वा सार्कजे सोत्थपे जडः।।
सपापे धनेशे खे सभाजडः।।
सतमसि सोत्थपे जडः।।
सुतेमन्दे लग्नेशे मन्द्रदृष्टे सुतेशे सपापे जडः।।
गुलिकार्कजौ सुते शुभयोगहीने जडः।।
— जातकतत्वम् प्रकीर्णतत्वम् पंचम विवेक श्लोक 20 से 25 तक, पृष्ठ 137, 138

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

6– गुलिक व शनि दोनों पञ्चम स्थान में हों तथा शुभग्रहों का कोई सम्बन्ध वहां न हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

शाप एवं अभिचार जन्य रोगः–

शाप– गुरू एवं देवता आदि के शाप से उत्पन्न होने वाले रोगों को शाप जन्य रोग कहते हैं।

अभिचार– मारण, सम्मोहन, उच्चाटन, स्तम्भन एवं वशीकरण आदि तान्त्रिक क्रियाओं को अभिचार कहते हैं। इन अभिचार प्रयोगों के द्वारा उत्पन्न होने वाले रोग अभिचार जन्य रोग कहलाते हैं।

जातक ग्रन्थ "जातक पारिजात" में शाप एवं अभिचार जन्य रोगों के विभिन्न योगों का विवरण प्राप्त होता है जो निम्नलिखित है।[173]

1– यदि लग्न मङ्गल से दृष्ट हो तथा षष्ठेश दशम, सप्तम भाव अथवा लग्न में स्थित हो तो जातक मन्त्राभिचारजन्य व्याधि से पीड़ित होता है।

2– भौम यदि लग्नेश के साथ लग्न या केन्द्र (1/4/7/10वें) भाव में स्थित हो और छठे भाव का स्वामी लग्नस्थ हो तो जातक मन्त्राभिचारजन्य व्याधि से पीड़ित होता है।

जातक पारिजात में एक अन्य श्लोक में अभिचार जन्य रोग के निम्नलिखित योग बतलाया गया है:–[174]

173– आरेक्षिते यदि विलग्नगृहेऽरिनाथे
मानेऽथवाऽस्ततनुगे कृतमाभिचारम्।
लग्नाधिपेन सहितेऽवनिजे विलग्ने
केन्द्रऽथवा रिपुपतौ तनुगे तथा स्यात्।।
जातक पारिजात, जातक भङ्गाध्याय श्लोक 93 पृष्ठ 291

174– चरे विलग्ने रिपुनाथदृष्टे कुजे च लाभे स्थिरगे च धर्मे।
द्वन्द्वेऽस्तराशौ प्रवदेन्नराणां रोगं रिपूणां कृतमाभिचारम्।।
जातक पारिजात, जातक भङ्गाध्याय श्लोक 77, पृष्ठ 286

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– चर राशि (मेष, कर्क, तुला और मकर) के लग्न को यदि षष्ठ भाव का स्वामी देखता हो अथवा मङ्गल एकादश भाव में स्थित हो अथवा नवम भाव में स्थिर राशि और सप्तम भाव में द्विस्वभाव राशि हो तो शत्रुओं द्वारा किये गये अभिचार (मन्त्रादि प्रयोग) जन्य व्याधियों से ग्रस्त होता है।

2– उपर्युक्त कथन के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि इसमें तीन योग बतलाये गये हैं जो निम्नलिखित हैं:–

1– चरराशि के लग्न को षष्ठेश देखता हो,

2– एकादश भाव में मङ्गल स्थित हो,

3– नवम और सप्तम भाव में क्रमशः स्थिर और द्विस्वभाव राशियाँ स्थित हो,

इन तीनों स्थितियों में शत्रु द्वारा कृत अभिचारजन्य (मारण आदि प्रयोगजन्य) व्याधियों की सम्भावना होती है।

बुद्धिहीनता:–

बुद्धिहीनता भी एक प्रकार के मानसिक रोग है। क्योंकि ये दोनों पागलपन के पूर्वरूप होते हैं। इस स्थिति में मनुष्य को उचित–अनुचित या अच्छे–बुरे का ज्ञान नहीं होता है तथा वह पागल एवं मूर्ख जैसी हरकतें करता है।

जातक तत्त्वम् के अनुसार जिस व्यक्ति की कुण्डली में निम्नलिखित योगों में से कोई एक योग हो वह बुद्धिहीन होता है।[175]

177- लग्ने चन्द्रे मन्दारदृष्टे हीनधी:।।
सुतेशे क्रूरषष्ट्यंशे हीनधी:।।
मन्दारार्काश्चन्द्रं पश्यन्ति मौर्ख्यकरा:।।
सुते जीवे मेधानाश:।।

जातकतत्वम् प्रकीर्णतत्वम् पञ्चम विवेक श्लोक 26 से 29 तक पृष्ठ- 138

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– यदि लग्न में चन्द्रमा स्थित हो तथा उसे शनि व मङ्गल देखते हों तो मनुष्य हीनबुद्धि अर्थात् कम बुद्धि वाला होता है।

2– यदि पञ्चमेश क्रूर षष्ट्यंश में हो तो मनुष्य हीनबुद्धि होता है।

3– शनि, मंगल व सूर्य ये तीनों यदि चन्द्रमा को देखते हों तो मनुष्य मूर्ख होता है।

4– यदि बृहस्पति पञ्चम स्थान में स्थित हो तो मनुष्य की स्मरणशक्ति का नाश होता है।

अन्य मनोविकारः–

क्रोधी होने का योगः–

जातक तत्वम् के क्रोधी होने के लिये निम्नलिखित यागों का विवरण दिया गया हैः–

इन योगों में मनुष्य क्रोधी होता है–[176]

1– दिन में जन्म हो और बलवान मङ्गल दशम या लग्न में हो।

2– लग्न या सप्तम में निर्बल मङ्गल को शनि देखता हो।

3– लग्न में मङ्गल हो। सप्तम में बलवान मङ्गल हो।

4– चन्द्रराशीश त्रिकोण में कमजोर हो।

5– लग्नेश अष्टम या द्वादश में स्थित हो।

6– धनेश गुलिक से युक्त हो तो मनुष्य क्रोधी होता है।

7– तृतीय स्थान में केतु मनुष्य को झगड़ालू बनाता है।

176- दिवा बल्यारे खेऽङ्गे क्रोधी।।
लग्नेऽस्ते वा निर्बलारे शनि दृष्टे क्रोधी।।
लग्ने भौमे क्रोधी।।
द्यूने बलवति भौमे क्रोधी।।
त्रिकोणेऽल्पवीर्ये राशिपे क्रोधी।।
अन्त्याष्टमेऽङ्गेशे क्रोधी।।
धनेशे गुलिकान्विते क्रोधी।।
केतु युते सोत्थे कलहप्रियः।।

जातकतत्वम् प्रकीर्णतत्वम् प्रथम विवेक श्लोक 82 से 89 तक पृष्ठ- 56

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya, Jabalpur Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कायर होने का योगः—

जातक तत्वम् के अनुसार निम्नलिखित योगों में यदि कोई भी योग होगा तो व्यक्ति कायर होगा।

इन योगों में मनुष्य कायर होता हैः—[177]

1— निर्बल मंगल यदि लग्न को देखता हो।

2— रात्रि में जन्म हो व शनि दशम स्थान में स्थित हो।

3— अपनी राशि में स्थित मङ्गल लग्न को देखता हो।

4— कारकांश कुण्डली में तीसरे स्थान में पाप ग्रह हो तो शूर तथा शुभ हो तो कायर होता है।

द्रोहकर्ता योगः—

निम्नलिखित योगों में व्यक्ति द्रोहकारक अर्थात् सर्वत्र विरोध प्रकट करनेवाला होता हैः—[178]

1— तृतीय स्थान में स्थित मङ्गल को बुध व चन्द्रमा देखते हों।

2— बुध लग्नेश होकर षष्ठ स्थान में स्थित हो।

3— आत्मकारक ग्रह के नवांश से नवम स्थान में राहु व शनि हो तो मनुष्य गुरूद्रोही होता है। यदि लग्नेश निर्बल हो तो द्रोही होता है।

177- निर्बलारेणाङ्गे दृष्टे कातरः।।
रात्रौ शनौ दशमे कातरः।।
स्वर्क्षगे भौमदृष्टेऽङ्गे कातरः।।
अंशाद्विक्रमे पापे शूरः शुभे कातरः।। जातकतत्वम् प्रकीर्णतत्त्वम् प्रथम विवेक श्लोक 78 से 81 तक पृष्ठ 56

178- सोत्थे भौमे ज्ञचन्द्रदृष्टे द्रोही।।
लग्नेशे ज्ञें षष्ठेद्रोही।।
राहुर्कजौ धर्मेऽशीद् गुरूद्रोही।।
लग्नेशें निर्बले द्रोही।। जातकतत्वम् प्रकीर्णतत्त्वम् प्रथम विवेक श्लोक 97 से 100 तक पृष्ठ 58

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMV) ... Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दुर्व्यसन का योगः—

इन योगों में मनुष्य व्यसनों से युक्त होता हैः—[179]

1— बृहस्पति मकर राशि में लग्नगत हो या द्वादश स्थान में हो।

2— द्वादशेश नीच स्थान में हो। लग्नेश नीच राशि में हो या शत्रु क्षेत्र में हो। व्यय स्थान में कोई पापग्रह हो।

3— लग्नेश निर्बल हो या लग्नेश मङ्गल से युक्त हो। अथवा लग्न पर बहुत से पाप ग्रहों की पूर्ण दृष्टि हो।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम" में उल्लिखित बुद्धिहीनता के योगों का विवरण निम्नलिखित हैः—

1— यदि कुण्डली में शत्रु ग्रहों के साथ पापग्रह पंचम भाव में नीचराशि में हो तो जातक मूर्ख होता है।[180]

2— यदि कुण्डली में पंचम भाव में नीच राशि में शुभग्रह अथवा पापग्रह नीच राशि में निर्बल व निस्तेज हो तो जातक बड़ा मूर्ख होता है।[181]

3— यदि कुण्डली में निर्बल पंचमेश पंचम भाव का त्याग करके छटे या सातवें भाव में हो तो जातक मूर्ख होता है।[182]

179- मृगे जीवेऽङ्गे रिष्फे न व्यसनी।।
व्ययेशे नीचे व्यसनी।।
अङ्गपे नीचे वाऽरिक्षेत्रे व्यसनी।।
व्यये पापे व्यसनी।।
लग्नपे निर्बले व्यसनी।।
लग्नपे सारे व्यसनी।।
अङ्गे पापदृष्ट्याधिक्ये व्यसनी।। जातकतत्वम् प्रकीर्णतत्वम् प्रथम विवेक श्लोक 108 से 114 तक पृष्ठ 59

180- बुद्धिभावगताः क्रूराः शत्रुग्रहसमाश्रिताः।
नीचराशिगताश्चैव मूर्खो वै मनुजो भवेत्।।1 होरारत्नम, अध्याय-6, श्लोक-1, पृष्ठ-55

181- क्रूरो वाप्यथवा सौम्यो नीचे वा सुतभावगः।
विनष्टबलतेजो वै महामूर्खो नरो भवेत्।। तत्रैव-श्लोक-2, पृष्ठ-55

182- बुद्धिभावं परित्यज्य रिपुक्षेवेऽस्तगो यदा।
पञ्चमेशो नष्टबली बुद्धिहीनो नरो भवेत्।। तत्रैव-श्लोक-3, पृष्ठ-55

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Kar... Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

4– यदि कुण्डली में सूर्य, चन्द्रमा, राहु, शनि में से एक भी पंचम भाव में हो और पंचमेश विनष्ट हो अर्थात् अस्त या पापाक्रान्त हो तो जातक बड़ा मूर्ख होता है।[183]

5– यदि कुण्डली में पंचमेश सूर्य, राहु, शनि से दृष्ट या युक्त हो तो जातक विशेष बड़ा मूर्ख होता है।[184]

6– यदि कुण्डली में पंचमेश छटे या सातवें में हो और पंचम भाव पाप ग्रह से दृष्ट या युक्त हो तो जातक मूर्ख होता है।[185]

7– यदि कुण्डली में पंचमेश तथा लग्नेश छटे आठवें भाव में पाप ग्रह से पृथक् हों या अस्त हों और पंचम भाव में पाप ग्रह हो तो जातक अशान्त होता है।[186]

जातक ग्रन्थों में उल्लिखित अनेक रोगों के लक्षण तथा उनके ज्योतिषीय कारणों (योगों) का जो विवरण प्राप्त होता है उन्हें हम आयुर्वेद में बतलाये गये मानसिक रोगों के बारह वर्गों में विभक्त किया जा सकता हैं। इन बारह वर्गों का उल्लेख प्रथम अध्याय में किया जा चुका है।

अगले अध्यायों में आयुर्वेद ग्रन्थों में उल्लिखित इन बारह वर्गों में आने वाले मानसिक रोगों का विभिन्न जातक ग्रन्थों में उल्लिखित विभिन्न रोग कारक सिद्धान्तों तथा तत्सम्बन्धी विभिन्न योगों एवं विंशोत्तरी दशा (प्रत्यन्तर) के परिप्रेक्ष्य में अनेक मानसिक रोगियों से सम्पर्क कर तथा उनके जन्म कुण्डलियों का विश्लेषण कर एक प्रायोगिक अनुशील प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

183- रविचन्द्राहिमन्दानां स्थितोऽप्येको हि पञ्चमे।
पञ्चमेशो विनष्टो वै महामूर्खो भवेन्नरः।। होरारत्नम, तत्रैव-श्लोक-4, पृष्ठ-55

184- बुद्धिस्वामी विनष्टो वै रविराहुशनैश्चरैः।
दृष्टो युक्तो विशेषण महामूर्खो भवेन्नरः।। तत्रैव-श्लोक-5, पृष्ठ-55

185- बुद्धिनाथो यदा षष्ठे अष्टमे चास्तगो यदा।
क्रूरदृष्टं क्रूरयुक्तं पञ्चमं बुद्धिवर्जितः।। तत्रैव-श्लोक-6, पृष्ठ-55

186- तनयपस्तनुपोऽथ षडष्टगो खलखगैर्वियुतो त्वथवास्तगः।
तनयगो यदि नीचखगो भवेद् विकलतां तनुते जनितस्य तु।। तत्रैव-श्लोक 7, पृष्ठ-55

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMV... Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय-तृतीय

उन्माद

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय तृतीय

उन्माद

आयुर्वेद के अनुसार उन्माद रोग का परिचय, उसके प्रकार तथा उसके लक्षण निम्नलिखित हैं:-

रोग का परिचय:-

यह एक मनोदैहिक रोग है, जिसमें मनोविभ्रम, बुद्धिविभ्रम, संज्ञा विभ्रम, ज्ञानविभ्रम, स्मृतिविभ्रम, शीलविभ्रम, चेष्टाविभ्रम और आचारविभ्रम ये आठ विकृतियाँ मुख्य रूप से होती हैं।[1]

उन्माद के प्रकार:-

उन्माद पांच प्रकार के होते हैं- 1-, वातज, 2-पित्तज, 3-कफज, 4-सन्निपातज, 5- आगन्तुज।[2]

प्रथम चार प्रकार अर्थात वातज, पित्तज, कपज तथा सन्निपातज उन्मादों की उत्पत्ति शरीर के आंतरिक कारणों से होती है, इसलिए इन्हें "निज" कहते हैं।

आगन्तुज उन्माद शरीर के बाहर से आने वाले कारणों से उत्पन्न होते हैं। इसलिए इन्हें आगन्तुज नाम दिया गया है।

आगन्तुज उन्माद तीन प्रकार के होते हैं- 1- मानस दु:खज, 2- विषज, 3- भूतोन्माद।

1- उन्मादं पुनर्मनोबुद्धिसंज्ञाज्ञानस्मृतिभक्तिशीलचेष्टाचारविभ्रमं विद्यात्।। चरक संहिता भाग-प्रथम 7/5 पृष्ट 640

2- इह खलु पञ्चोन्मादा भवन्ति, तद्यथा--वातपित्तकफसन्निपातागन्तुनिमित्ता:।। तत्रैव-7/3 पृष्ठ 639

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– मानस दुःखजः–

इस प्रकार का उन्माद शत्रुओं या हिंसक प्राणियों का भय, धन–जन के नाश अथवा अत्युतकट अभिलाषा के पूर्ण न होने से उत्पन्न होता है।

2– विषजः–

इस प्रकार का उन्माद धतूरा, भांग, अति मद्यपान अथवा विष आदि के कारण होताा है।

3– भूतोन्मादः–

महर्षि चरक के अनुसार भूतोन्माद आठ प्रकार के होते हैं– 1– देवजन्य, 2– शापजन्य, 3– पितृजन्य, 4– गंन्धर्वजन्य, 5– यक्षजन्य, 6– राक्षसजन्य, 7– ब्रम्हराक्षसजन्य, 8– पिशाचजन्य।[3]

उपर्युक्त विभिन्न प्रकार के उन्माद के लक्षण निम्नलिखित हैंः–

वातज उन्माद के लक्षण[4]:–

1– अनवसर (बिना किसी प्रसंग के) हँसना, मुस्कराना, नाचना, गीत गाना।

2– अंगों को नचाना, अकारण रोने लगना।

3– शरीर का रूखा या कड़ा होना, दुबला–पतला और लालवर्ण होना।

3- देवर्षिगन्धर्वपिशाचयक्षरक्षः पितृणामभिधर्षणानि।
आकन्तुहेतुर्नियमव्रतादि मिथ्याकृतं कर्म च पूर्वदेहे।। चरक संहिता- भाग द्वितीय 9/16 पृष्ठ 379

4- अस्थानहासस्मितनृत्यगीतवागङविक्षेपणरोदनानि।
पारूष्यकार्श्यारूणवर्णताश्च जीर्णे बलं चानिलजस्य रूपम्।। तत्रैव 9/10 पृष्ठ 377

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

4– भोजन के पच जाने पर पागलपन का दौरा तेज होना, लगातार घूमना।

5– अचानक आंख–भौंह–ओठ–कन्धा–हथेली अथवा पैरों को नचाना।

6– अपने अंगों पर वीणा, बाँसुरी, शंख आदि बजाने का नाटक करना।

7– फटे–पुराने चिथड़े, टाट, कागज के टुकड़ों से शरीर को सजाते रहना।

8– जो भोजन उपलबध हो उसका तिरस्कार करना और जा आंहार द्रव्य न उपलब्ध हो उसे खाने के लिए लालायित होना और द्वेष की भावना रखना, आंख फाड़कर देखना आदि वातज उन्माद के लक्षण हैं।

<u>पित्तज उन्माद के लक्षण[5]</u>:–

1– बहुत क्रोध करना, आडम्बर खड़ा करना, असहिष्णु होना, नंगा हो जाना।

2– लोगों को डराना–धमकाना और मारने–पीटने के लिए दौड़ना।

3– तेज चाल से चलना या भागना, उष्णता की अधिकता से व्याकुल होना।

4– शरीर का पीला पड़ जाना तथा शीतल जल, शीतल आहार और शीतल छाया चाहना, ये सब पित्तज उन्माद के लक्षण हैं।

<u>कफज उन्माद के लक्षण[6]</u>:–

1– कम बोलना, कम चलना–फिरना, कम उत्पात करना, अल्प चेष्टा करना।

5- अमर्षसंरम्भविनग्नभावा: सन्तर्जनातिद्रवणौष्ण्यरोषा:।
प्रच्छायशीतान्नजलाभिलाषा: पीता च भा: पित्तकृतस्य लिंगम्। चरक संहिता भाग-द्वितीय 9/10 पृष्ठ 378

6- वाक्चेष्टितं मन्दमरोचश्च नारीविविक्तप्रियताऽतिनिद्रा।
छर्दिश्च लाला च बलं च भुङ्क्ते नखादिशौक्ल्यं च कफात्मकस्य।। तत्रैव 9/14 पृष्ठ 379

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– अरूचि होना, मुख से लार टपकना, वमन का होते रहना।

3– एकान्त पसन्द करना तथा नींद का अधिक आना।

4– नख–नेत्र–मूत्र एवं शरीर का श्वेत वर्ण का होना और भोजन कर लेने पर उन्माद बढ़ना, ये कफज उन्माद के लक्षण हैं।

सन्निपातज उन्माद[7]:–

यह तीनों दोषों को प्रकुपित करने वाले कारणों से उत्पन्न होता है तथा यह तीनों दोषों के मिश्रित लक्षणों से युक्त होता है और अति भयंकर होता है।

मानस दुःखज उन्माद के लक्षणः–

मानस उन्माद से पीड़ित रोगी के मन में जो भी गोप्य या अगोप्य बात स्थित होती है, उसे वह अज्ञान के वशीभूत होकर व्यक्त कर देता है। इसी तरह कभी हँसता है, कभी रोता है और कभी चेतनाशून्य हो जाता है।

विषज उन्माद के लक्षणः–

धतूरा, भाँग आदि विष अथवा अति मद्यपान करने से विष के प्रभाव से जो उन्माद होता है, उसमें रोगी के नेत्र लाल सुर्ख होते हैं, बल (ओज या उत्साह), इन्द्रियों की शक्ति और शरीर की कान्ति क्षीण हो जाती है। यह मुरझाया सा दिखता है।

7- यः सन्निपातप्रभवोऽतिघोरः सर्वैः समस्तैः स च हेतुभिः स्यात्।
सर्वाणि रूपाणि विभर्ति तादृग्विरूद्धभैषज्यविधिर्विवर्ज्यः।। चरक संहिता भाग-द्वितीय 9/15 पृष्ठ 379

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भूतोन्माद में देवादि का प्रवेश[8]:–

देव आदि ग्रह अपने अलौकिक गुण के प्रभाव से मनुष्य के शरीर को दूषित न करते हुए अदृश्य रूप से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं, जैसे शीशा में छाया और सूर्यकान्तमणि में सूर्य की किरणें प्रवेश कर जाती हैं।

भूतोन्माद के सामान्य लक्षण[9]:–

मनुष्य की क्षमता से कहीं अधिक शरीर में बल, वीर्य (शक्ति), पौरूष, पराक्रम (मनोबल) का होना तथा मानवेत्तर ग्रहण–धारण–स्मरण–शास्त्रज्ञान–वचन एवं व्यवहारिक ज्ञान का होना, ये भूतोन्माद के लक्षण हैं।

1– देवोन्माद के लक्षण[10]:–

1–सौम्य दृष्टि, 2– गम्भीर, 3– अक्रोधी, 4– अल्प निद्रा, 5– अल्प भोजन, 6– अल्प स्वेद, 7– अल्प मूत्र, 8– अल्प पुरीष, 9– अल्प अपानवायु, 10– अल्प वाक्, 11– सुगन्धवान, 12– अपराजेय, 13– श्वेताम्बर, 14– शुभ्रमाल्य, 15– संस्कृत वचन, 16– प्रफुल्ल मुखकमल एवं 17– नदीतट–पर्वतप्रान्त और उच्च भवन में रहना पसन्द करने वाला होता है।

8- अदूषयन्तः पुरूषस्य देहं देवादयः स्वैस्तु गुणप्रभावैः।
विशन्तदृश्यास्तरसा यथैव च्छायातपौ दर्पणसूर्यकान्तौ।। चरक संहिता भाग-द्वितीय 9/18 पृष्ठ 380

9- तस्येमानि रूपाणि भवन्ति, तद्यथा-
अत्यात्मबलवीर्यपौरूषपराक्रमग्रहणधारणस्मरणज्ञानवधनविज्ञानानि, अनियतश्चोन्मादकालः।।
चरक संहिता भाग प्रथम 7/13 पृष्ठ 643

10- तद्यथा-सौम्यदृष्टिं गम्भीरमधृष्यकोपनमस्वप्नभोजनाभिलाषिणमल्पस्वेदमूत्रपुरीषवातं शुभगन्धं फुल्लापद्यवदनमिति देवोन्मतं विद्यात्। चरक संहिता भाग-प्रथम 9/19/1 पृष्ठ 380

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– **शापोन्माद के लक्षण**[11]:–

गुरू, वृद्ध, सिद्ध ऋषि आदि के शाप अथवा मारण–मोहन–उच्चाटन के प्रयोग (अभिचार) या चिन्ता आदि से उत्पन्न उन्माद में शाप, अभिचार कर्म या चिन्ता के अनुरूप रोगी का आहार–विहार, रहन–सहन और व्यवहार होता है।

3– **पितृ उन्माद के लक्षण**[12]:–

1–अप्रसन्न दृष्टि, 2– निमीलित नयन, 3– निद्रालु, 4– अवरूद्ध वाक्, 5– अन्नाभिलाषारहित, 6– अरूचि और 7– अपच से ग्रस्त रहता है।

4– **गन्धर्वोन्माद के लक्षण**[13]:–

1–प्रसन्नचित, 2– सदाचारी, 3– प्रसन्ननयन, 4–गीत–नृत्यप्रिय, 5– मुखवाद्य वादक, 6– स्नानप्रिय, 7– गन्ध–माल्यप्रिय, 8– रक्तवस्त्रधारी, 9– हास्यकथा–प्रेमी, 10– सुगन्धवान् 11– वनप्रान्तनिवास का प्रेमी होता है।

5– **यक्षोन्माद के लक्षण**[14]:–

1– बार–बार सोना–रोना–हँसना–नाचना–गाना एवं बाजा बजाना चाहता है।

2– स्तोत्रपाठ–कथा–स्नान–मालाधारण–इत्रलेपन आदि पसन्द करता है।

11- गुरूवृद्धसिद्धर्णीणामभिशापभिचाराभिध्यानानुरूपचेष्टाहारव्याहारं तैरून्मतं विद्यात।
चरक संहिता भाग-द्वितीय 9/19/2 पृष्ठ 381

12- अप्रसन्नदृष्टिमपश्यन्तं निद्रालु प्रतिहतवाचमनन्नभिलाषमरोचकविपाकपरीतं च पितृभिरून्मतं विद्यात्।
तत्रैव 9/19/3 पृष्ठ 381

13- (चण्डं साहसिकं तीक्ष्णं गम्भीरमधृष्यं) मुखवाद्यनृत्यगीतान्नपानस्नानमाल्यधूपगन्धरितं रक्तवस्त्रबलिकर्महास्यकथानुयोगप्रियं शुभगन्धं च गन्धर्वोन्मतं विद्यात्।
तत्रैव 9/19/4 पृष्ठ 381

14- असकृत्स्वप्नरोदनहास्यं नृत्यगीतवाद्यपाठककथान्नपानस्नानमाल्यधूपगन्धरतिं रक्तविप्लुताक्षं द्विजातिवैद्यपरिवादिनं रहस्यभाषिणं च यक्षोन्मत्तं विद्यात्।
तत्रैव 9/19/5 पृष्ठ 382

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri Vedic Vishwavidyalaya (MMVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

3– भोजन का प्रेमी होता है, ब्राम्हण एवं वैद्य की निन्दा करता है, अपना रहस्य बतलाता है।

4– आँखे लाल तथा सजल होती है।

6– **राक्षसोन्माद के लक्षण**[15]:–

1–नष्टनिद्रा, 2– अन्नपानद्वेषी, 3– भोजन न करने पर भी बलवान, 4– शस्त्राभिलाषी, 5– रक्त–मांसप्रेमी, 6– लाल वस्त्र एवं लाल माला का प्रेमी और 7– डराने वाला होता है।

7– **ब्रम्हराक्षसोन्माद के लक्षण**[16]:–

1– हँसी–मजाक करने वाला, नर्तक, देव–ब्राम्हण एवं वैद्य तथा तिरस्कर्ता।

2– स्तोत्रपाठ, वेदमन्त्रपाठ और शास्त्रवचनों का पाठ करने वाला।

3– लकड़ी के डण्डे से अपने शरीर को पीटने वाला होता है।

8– **पिशाचोन्माद के लक्षण**[17]:–

1– चंचल चित्त, अपने पसन्द का स्थान न पाने वाला, नाचने–गाने–हंसने वाला।

2– असंबद्ध एवं कभी संबद्ध प्रलाप करने वाला, फटे–कर्कश स्वरवाला,

---

15– नष्टनिद्रमन्नपानद्वेषिणमनाहारमप्यतिबलिनं शस्त्रशोणितमांसरक्तमाल्याभिलाषिणं सन्तर्जकं च राक्षसोन्मतं विद्यात्। चरक संहिता भाग-द्वितीय 9/19/6 पृष्ठ 382

16– प्रहासनृत्यप्रधानं देवत्रिप्रवैद्यद्वेषावज्ञाभिः स्तुतिवेदमन्त्रशास्त्रोदाहरणैः काष्ठादिभिरात्मपीडनेन च ब्रम्हराक्षसोन्मतं विद्यात। तत्रैव 9/19/7 पृष्ठ 382

17– अस्वस्थचितं स्थानमलभमानं नृत्यगीतहासिनं बद्धाबद्धप्रलापिनं संङकरकूटमलिनरथ्याचेलतृणा--श्मकाष्ठाधि रोहणरतिं भिन्नरूपक्षस्वरं नग्नं विद्यावन्तं नैकत्र तिष्ठन्तं दुःखान्यावेदयन्तं नष्टस्मृतिं च पिशाचोन्मतं विद्यात्।। तत्रैव 9/20 पृष्ठ 382

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नंगा दौड़ने वाला।

3– गन्दे कूड़ा–कर्कट, गन्दी गली, मलिन वस्त्र एवं लकड़ी या पत्थर की ढेर पर बैठने वाला।

4– एक स्थान पर न रहने वाला और अपने दुःखों को सबसे कहने वाला।

5– स्मरण–शक्तिहीन होकर इधर–उधर दौड़ लगाता रहता है।

जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उन्माद रोग, इसके प्रकार तथा लक्षणः–

जातक ग्रन्थों में भी उन्माद रोग के प्रकार तथा लक्षण का विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है। यह विवेचन भी आयुर्वेद के साथ पूरा–पूरा साम्य रखता है यथा–

उन्माद के कारणः–

हर्ष, इच्छा, भय एवं शोक की प्रबलता से, विरूद्ध एवं अपवित्र भोजन से तथा गुरू देवता आदि के कोप से उन्माद रोग होता है।[18] चरक संहिता में भी उन्माद के यही कारण बतलाये गये हैं।[19]

उन्माद के प्रकारः–

'पृश्नमार्ग' में उन्माद के पांच प्रकार बतलाये गये हैं– 1–वातजन्य,

---

18- हर्षेच्छाभयशोकादेर्विरूद्धाशुचिभोजनात्। प्रश्नमार्ग 12/34 पृष्ठ 180

19- गुरूदेवादिकोपाच्च पंचोन्मादा भवन्तथ।
विरूद्धदुष्टाशुचिभोजनानि प्रधर्षणं देवागुरूद्विजानाम्।
उन्मादहेनुर्भयहर्षपूर्वो मनोऽभिघातो विषमाश्च चेष्टाः।। चरक संहिता भाग-द्वितीय 9/4 पृष्ठ 374

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– पित्तजन्य, 3– कफजन्य, 4– सन्निपातजन्य, 5– आगन्तुक।[20]

चरक संहिता में भी इस रोग के पूर्वोक्त पांच भेद बतलाये गये हैं।

पंचविध उन्माद के लक्षणः–

जातक ग्रन्थ 'पृश्नमार्ग' में भी पंचविध उन्माद के लक्षण उसी प्रकार हैं, जैसे चरक संहिता में बतलाया गया है यथाः–

1– वातजन्य उन्माद के लक्षणः–

हंसना, चिल्लाना, बिलखना, गाना, नाचना, रोना, एक स्थान पर न ठहरना, हाथ–पैर आदि अंगों को फेंकना–पटकना, लाल और कमजोर शरीर होना, कमजोर हाने पर भी बल होना और अधिक बड़बड़ाना, वात–जन्य उन्माद के लक्षण हैं।[21]

2– पित्तजन्य उन्माद के लक्षणः–

व्याकुलत, क्रोध, गम्भीरता, विद्वत्ता, द्रवीभूत होना, जोर–जोर से बोलना या लड़ना, छाया, ठण्डी चीज तथा पानी की इच्छा, अधिक रोष एवं पीला तथा गरम शरीर होना पित्तजन्य उन्माद का लक्षण माना गया है।[22]

3– कफजन्य उन्माद के लक्षणः–

स्त्रियों से बोलने की इच्छा, निद्रा में बोलना, साधारणतया कम बोलना, मुंह

20– त्रिदोषजाः सान्निपाता आगन्तव इति स्मृताः।। प्रश्नमार्ग 12/35 पृष्ठ 180

21– हसनास्फोटनाक्रन्दगीतनर्तनरोदनम्
अस्थानमङ्गाविक्षेपस्ताम्रा मृदुकृशा तनुः
जीर्णे बलं च वाग्बहवी वातोन्मादस्य लक्षणम्।। प्रश्नमार्ग 12/36 पृष्ठ 180

22– संरम्भामर्षवैदग्ध्यमभिद्रवणतर्जनम्।
छायाशीतान्नतोयेच्छा रोषः पीतोष्णदेहता। प्रश्नमार्ग 12/37 पृष्ठ–181

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

से लार या झाग निकलना, उल्टी होना, अधिक खाना, नाखून, आंख आदि का सफेद होना, कफजन्य उन्माद का लक्षण है।[23] इस प्रकार उक्त श्लोकों में वात, पित्त और कफजन्य उन्माद की चेष्टाएं कही गयी हैं।

4– **सन्निपातजन्य उन्माद के लक्षणः–**

उक्त लक्षणों के मिश्रण वाला उन्माद सन्निपातजन्य होता है।[24]

5– **आगन्तुक उन्माद के लक्षणः–**

देवता, राक्षण एवं नाग आदि आगन्तुक ग्रह होते हैं। ये अमर होते हैं तथा बल, वाणी, ज्ञान एवं पराक्रम–सम्पन्न होते हैं। इनके कोप से उत्पन्न उन्माद को आगनतुक उन्माद कहते हैं।[25]

जातक ग्रन्थ प्रश्नमार्ग में आगन्तुक उन्माद तथा भूतोन्माद के लक्षण भी उसी प्रकार से हैं जैसे– आयुर्वेद ग्रन्थों में उल्लिखित है। यथाः–

1– **भूत–प्रेत आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थिति में सूर्य ग्रह के बलवान होने पर कुष्ठ, अग्नि, शस्त्र और विषजन्य विकार, स्त्री एवं पुत्र को रोग, पशु–भय, चोर, राजा, धर्म, देवता,

---

23– नारीविविक्तप्रियतानिद्रारोचौमनाग्वचः।
लाला छर्दिर्बलं भुक्तौ नखदिषु च शुक्लता।। प्रश्नमार्ग 12/38 पृष्ठ 181

24– एताःपित्तकफोन्मादचेष्टाः लोकोदिताः क्रमात्।
संमिश्रलक्षणो वर्ज्य उन्मादः सान्निपातिकः।। तत्रैव 12/39 पृष्ठ 181

25– आगन्तवो ग्रहा ज्ञेयास्तेतु देवासुरादयः।
अमर्त्यालवाक्ज्ञानविक्रमादिसमन्विताः।। तत्रैव 12/40 पृष्ठ 181

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सर्प, शिव एवं भूत–प्रेत आदि से भय दिलाता है।[26]

2– **किन्नर तथा यक्ष आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थिति में चन्द्र के बलवान होने पर मानसिक रोग, रक्तविकार जल से भय, दुर्गा, किन्नर, धर्म, देवता, सर्प एवं यक्ष आदि से पीड़ा दिलवाता है।[27]

3– **ब्रम्ह, राक्षस तथा गन्धर्व आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थिति में मंगल के बलवान होने पर राजा, शत्रु, चोर, भाई, पुत्र एवं मित्रों से शत्रुता और युद्ध, ब्रम्ह राक्षस, गन्धर्व एवं घोर–ग्रह से भय तथा शरीर के ऊपर के भाग में रोग उत्पन्न करता है।[28]

4– **गन्धर्व तथा किन्नर आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थित में बुध के बलवान होने पर दुःस्वप्न, चेचक, गिरना (गिरने से चोट लगना), शरीर में कठोरता, बंधन, अधिक परिश्रम तथा गंधर्व, भूदेव, भुवनवासी एवं किन्नरों से पीड़ा दिलवाता है।[29]

5– **शाप, अभिचार, यक्ष एवं किन्नर आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थिति में गुरू के बलवान होने पर किन्नर, यक्ष, देवता, सर्प एवं

26- कुष्ठाग्न्यस्त्रविषार्त्तिदारतनयव्यापच्चतुष्पाद्भयं
चोरक्ष्मापतिधर्मदैवफणभृत्भूतेशभूताद्भयम्।। प्रश्नमार्ग 12/67 पृष्ठ 186

27- चेतश्शांतिमसृग्विकारमुदकाद्भीतिं च बालग्रहात्
दुर्गाकिन्नरधर्मदैवफणभृद्यक्षाच्च पीडां वदेत। तत्रैव 12/68 पृष्ठ 187

28- भूपरिस्तेनपीडासहजसुतसुहृद्वैरयुद्धंविधते
रक्षोगन्धर्वघोरग्रहभयमवनीसूनुरूर्ध्वाङ्गरोगम्। तत्रैव 12/69 पृष्ठ 187

29- दुस्स्वप्नं च विवर्चिकां निपतनं पारूष्यबन्धश्रमान्।
गंधर्वक्षितिहर्म्यवासिमयुभिर्झों वक्ति पीडां खगैः।। तत्रैव 12/70 पृष्ठ 187

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विद्याधर आदि के कोप से उत्पन्न रोगों की सूचना देता है। बुध और गुरू दोनों विष्णु कोप के कारण उत्पन्न रोगों के सूचक होते हैं।[30]

6– **योगिनी, यक्षिणी तथा मातृकाओं आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थिति में शुक्र के बलवान होने पर वस्त्र, स्त्री, खेती और शरीर की कांति का नाश, योगिनी, यक्षिणी एवं मातृकाओं से भय तथा प्रियजन एवं मित्रों से विराध या हार का सूचक होता है।[31]

7– **पिशाच आदि से भय एवं पीड़ाः–**

रोगदायक स्थिति में शनि के बलवान होने पर स्त्री एवं पुत्र पर विपत्ति, अंगभंगता (अंग वैकल्य), हृदय रोग, वृक्ष और पत्थर से चोट, दुष्ट ग्रह और पिशाच आदि से पीड़ा दिलवाता है।[32]

आवश्यक टिप्पणीः–

शाप, अभिचार, पिशाच तथा ब्रम्ह राक्षस से पीड़ित होने की विज्ञानसम्मत समीक्षा अध्याय–10 में की गयी है।

जातक ग्रन्थों में उन्माद रोग के विभिन्न योगः–

पूर्व अध्याय (द्वितीय) में 'प्रश्नमार्ग' 'जातक तत्व' तथा 'जातक पारिजात'

30- रोगं किन्नरयक्षदेवफणभृद्धिद्याराद्युद्भवं।
जीवः सूचयति स्वयं बुधगुरू कृष्णापचारोद्भवम्। प्रश्नमार्ग 12/7 पृष्ठ 188

31- वासस्त्रीकृषिदेहकान्तिविहतिं शोफामयं योगिनी
यक्षीभातृगणाद्भयं प्रियसुहृद्भङ्गांसितः सूचयेत्।। तत्रैव 12/78 पृष्ठ 188

32- भर्यापुत्रविपत्तिमङ्गविहतिंहृत्तापमर्कात्मजो।
वृक्षाश्मक्षतिमाह कश्मलगणैः पीडां पिशाचादिभिः।। तत्रैव 12/73 पृष्ठ 188

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आदि जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उन्माद रोगों के योगों का विवरण दिया जा चुका है। इस रोग के कुछ अन्य योग निम्नलिखित हैं:-

वृहज्जातक के अनुसार उन्माद रोग के योगः-

1- यदि लग्न में गुरू स्थित हो तथा सप्तम में मंगल हो तो मनुष्य उन्मादयुक्त विक्षिप्त होता है।[33]

2- इसी तरह लग्न में शनि व 5, 9, 7 में मंगल हो तो अथवा शनि व क्षीण चन्द्रमा द्वादश में हो तब भी मनुष्य उन्माद रोगी होता है।[34]

3- यदि चन्द्रमा राहु के मुख में स्थित हो अर्थात चन्द्र ग्रहण के दिन जन्म हो तथा 5, 9 में दोनों मुख्य पाप ग्रह (मंगल, शनि) हों तो मनुष्य सपिशाच अर्थात उन्मत्त, असमंजस में रहने वाला, खोया खोया सा अर्धविक्षिप्त होता है। अथवा भूतप्रेतों से पीड़ित होता है।[35]

अपनी शोध प्रक्रिया के क्रम में मैने अनेक उन्माद रोगियों से सम्पर्क किया है तथा उनके जन्म कुण्डलियों का विश्लेषण किया है जो अग्रलिखित हैः-

---

33- संस्पृष्टः पवनेन भन्दगयुते द्यूने विलग्ने गुरौ,
सोन्मादोऽवनिसूनुनास्तभवने जीवे विलग्नाश्रिते।
तद्वत् सूर्यसुतोदयोऽवनिसुते धर्मात्मजद्यूनगे।
जातो वा ससहस्त्ररश्मितनये क्षीणे व्यये शीतगौ।। वृहज्जातकम् 21/13 पृष्ठ 336

34- तत्रैव।

35- उदयत्युडुफेसुरास्यगे सापिशाचेऽशुभयोस्त्रिकोणयोः।
सोपप्लवमण्डले रवावुदयस्थे नयनापवर्जितः।। वृहज्जातकम् 21/12 पृष्ठ 335

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

10-1

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

सूर्य - राहु	
18-10-2004 से 12-09-2005 तक	
राहु	07–12–2004
गुरू	20–01–2005
शनि	11–03–2005
बुध	27–04–2005
केतु	16–05–2005
शुक्र	10–07–2005
सूर्य	26–07–2005
चंद्र	23–08–2005
मङ्गल	12–09–2005

ोगी का परिचयः–

ाम	–	सुरेश
मतिथि	–	10 अक्टूबर 1975
मय	–	8 AM
ान	–	लखनऊ।

ोगी से सम्पर्कः–

जातक सुरेश उन्माद रोग से ग्रस्त है। मैने 01 नवम्बर 2004 को मानसिक रोग चिकित्सालय नूरमंजिल, लबाग, लखनऊ में इस रोगी से तथा इसके परिजनों से सम्पर्क स्थापित किया तथा रोग के विवरण की ानकारी प्राप्त कर उसकी जन्म पत्रिका भी प्राप्त की। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

न्म-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में तृतीयेश गुरू षष्टम भाव में स्थित है तथा पापी ग्रह सूर्य से दृष्ट है। इस योग के कारण जातक उन्माद रोग से पीड़ित है।

ातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "जातक तत्वम्" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि तृतीयेश अस्तङत या नीच राशि का होकर षष्ठ भावस्थ हो और यदि पाप ग्रह से दृष्ट हो तो जातक उन्मादी होता है।'[1]

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में सूर्य की दशा में राहु की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत राहु की ही प्रत्यन्तर दशा दिनांक 18 अक्टूबर 2004 से 07 दिसम्बर 2004 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग का प्रकोप उग्र था।

वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् के अनुसार राहु की अन्तर्दशा में राहु की ही प्रत्यन्तर दशा हो तो इस अविध में बन्धन, अनेक प्रकार के रोग, अनेक प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक कष्ट या मृत्यु से भय होता है।[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- "मूढ़े नीचे षष्ठे सोत्थेशे पापदृष्टे गरलज उन्मादः ।।154।। (जातक तत्वम् प्रकीर्ण तन्त्रम्- प्रथम दिनक श्लोक--148 पृष्ठ--63)

2- बन्धनं बहुधा रोगं बहुधातं सुहृद्भयम्।
महादशान्तर्दशायां च राहो प्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय 63 श्लोक-29 पृष्ठ 633)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

-2

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

चंद्र - राहु	
04-01-2005 से 04-07-2006 तक	
राहु	25–03–2005
गुरू	07–06–2005
शनि	03–09–2005
बुध	19–11–2005
केतु	21–12–2005
शुक्र	21–03–2006
सूर्य	18–04–2006
चंद्र	03–06–2006
मङ्गल	04–07–2006

का परिचयः–

– चन्दा

तिथि – 23 मार्च 1945

– 4.30 PM

– बस्ती।

से सम्पर्कः–

चन्दा नाम की उन्माद रोगी 10 जुलाई सन् 2005 को किंग जार्ज मेडिकल कालेज में मानसिक रोग में चिकित्सा लेने आयी थी। मैने इस रोगी से तथा इसके परिजनों से रोग के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण किया। मैने इस रोगी की जन्म पत्रिका मांगी तो उन लोगों ने कुछ दिनों के उपरान्त उपलब्ध करा दी। रोग सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में लग्न में गुरू है, और सप्तम भाव में मंगल स्थित है, जिससे जातक उन्माद से पीड़ित है।

क ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "वृहज्जातकम्" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि लग्न में गुरू स्थित हो तथा सप्तम में मंगल हो तो जातक उन्माद रोग से पीड़ित होता है।"[1]

ोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में चन्द्र की दशा में राहु की अन्तर्दशा तथा तर्गत शनि की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 8 जून 2005 से 03 सितम्बर 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग प्रकोप उग्र था।

वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् के अनुसार "राहु की अन्तर्दशा में शनि की प्रत्यन्तर दशा हो तो घोर बन्धन, ख की अत्यधिक कमी, बड़ा भय तथा प्रतिदिन वात रोग से पीड़ा होती है।"[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

[1] संस्पृष्टः पवनेन मन्दगयुते द्यूने विलग्ने गुरौ,
सौम्यादीज्यनिसूनुनास्तभवने जीवे विलग्नाश्रिते। वृहज्जातकम् (आचार्य वराहमिहिर विरचित) श्लोक–13
की प्रथम दोनों पंक्तियां– पृष्ठ–336)

[2] बन्धं जायते घोरं सुखहानिर्गहद्भयम्।
प्रत्यहं वातपीडा च शनेः प्रत्यन्तरे भवेत्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–31, पृष्ठ–639)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

0-3

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

शनि - राहु	
13-03-2003 से 19-01-2006 तक	
राहु	17–08–2003
गुरू	04–01–2004
शनि	17–06–2004
बुध	12–11–2004
केतु	12–01–2005
शुक्र	03–07–2005
सूर्य	24–08–2005
चंद्र	20–11–2005
मङ्गल	19–01–2006

ती का परिचयः-

	–	रोहिनी आर्यन
तिथि	–	24 अप्रैल 1957
य	–	4.20 PM
न	–	लखनऊ।

ी से सम्पर्कः–

रोहिनी आर्यन मानसिक चिकित्सालय, नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में 10 दिसम्बर 2004 को उन्माद की चिकित्सा हेतु आयी। मैने इस रोगी से तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा इस रोगी की जन्म ली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर ही उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए ग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में बुध अष्टम भाव में सूर्य तथा केतु के साथ युक्त होकर पापग्रस्त हो गया है, से जातक उन्माद रोग से पीड़ित है।

क ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि तृतीय, षष्ट, अष्टम या व्यय स्थान में पापयुक्त बुध हो तो जातक को उन्माद रोग होता है।"[1]

ोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में शनि की दशा में राहु की अन्तर्दशा तथा र्गत केतु की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 13 नवम्बर 2004 से 12 जनवरी 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप का प्रकोप उग्र था।

वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् के अनुसार राहु की अन्तर्दशा में केतु की प्रत्यन्तर दशा हो तो जातक की बुद्धि नाश, भय, विघ्न, धनहानि तथा भय का वातावरण, सर्वत्र कलह तथा उद्वेग होता है।[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

1. अस्ते पापयुतो भान्दिर्वित्त्रिषष्ठाष्टामान्त्यगः। (प्रश्नमार्ग– अध्याय–12, सूत्र–32, पेज–180)
2. बुद्धिनाशो भयं विघ्नो धनहानिर्महद्भयम्।
सर्वत्र कलहोद्वेगो केतो प्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–33, पृष्ठ–639)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

0-4

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

चंद्र - मंगल	
09-04-2005 से 09-11-2005 तक	
मङ्गल	22-04-2005
राहु	23-05-2005
गुरू	21-06-2005
शनि	24-07-2005
बुध	24-08-2005
केतु	06-06-2005
शुक्र	11-10-2005
सूर्य	22-10-2005
चंद्र	09-11-2005

ोगी का परिचयः-

म	–	संजय अवस्थी
न्मतिथि	–	01 दिसम्बर 1959
समय	–	1.00 AM
स्थान	–	उन्नाव।

ोगी से सम्पर्कः-

संजय अवस्थी 26 जुलाई 2005 को मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में उन्माद ोग की चिकित्सा लेने आया। मैनें रोगी तथा उसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने कुछ दिनों के उपरान्त उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इससे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

ग्न-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में चतुर्थ भाव में क्रूर ग्रह मंगल तथा सूर्य आदि स्थित हैं तथा चतुर्थेश मंगल स्वयं पापग्रस्त होकर चतुर्थ भाव में ही स्थित है। इसके अतिरिक्त पंचम भाव में भी पापग्रह शनि स्थित है, जिससे जातक न्माद रोग से पीड़ित है।

ातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

ये योग जाततक ग्रन्थ "जातकतत्वम्" तथा "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध हैं जो निम्नलिखित हैं:-

"यदि चतुर्थ स्थान में क्रूर ग्रह हों तथा चतुर्थेश क्रूर ग्रह से युक्त हो तो जातक चित्त विकार से ग्रस्त होता है।"[1]

तथा

"यदि पंचम भाव में पापग्रह हो तो जातक को भय के कारण उन्माद होता है।"[2]

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में चंद्र की दशा में मंगल की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत बुध की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 25 जुलाई 2005 से 24 अगस्त 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग का प्रकोप उग्र था।

वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् के अनुसार "मंगल की अन्तर्दशा में बुध की प्रत्यन्तर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, धनहानि, शरीर में ज्वर रोग तथा भोज्य पदार्थों एवं सहयोगियों की भी हानि होती है।"[3]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1.

2. सुखे क्रूरे क्रूरान्विते सुखेशे विरुद्धचित.। (जातकतत्वम्-- प्रथम विवेक, श्लोक--322, पृष्ठ--82)

3. सपापे पंचमे भीतिवैराग्योत्थः स भूमिजे। (प्रश्नमार्ग- अध्याय--12, सूत्र--47, पेज--182)
सर्वथा बुद्धिनाशश्च धनहानिर्ज्वरस्तनौ।
परत्रान्तरसंहृदा मरणं भूपुत्रस्थिते भवेत्। (बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् अध्याय--63 श्लोक 24 पृष्ठ-638)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri Dr. Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

0-5

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

चंद्र - केतु	
12-09-2005 से 12-04-2006 तक	
केतु	24-09-2005
शुक्र	29-10-2005
सूर्य	09-11-2005
चंद्र	27-11-2005
मङ्गल	09-12-2005
राहु	11-01-2006
गुरू	09-02-2006
शनि	12-03-2006
बुध	12-04-2006

ली का परिचयः-

म	–	अनिल
मतिथि	–	20 जुलाई 1946
मय	–	2.30 PM
न	–	सीतापुर।

ी से सम्पर्कः-

जातक अनिल उन्माद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में कित्सा हेतु 30 सितम्बर, 2005 को आया था। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने कुछ दिनों के उपरान्त उपलब्ध करा या। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

म-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में नवम् भाव में सभी पाप ग्रह सूर्य, बुध तथा शनि युक्त होकर जातक को उन्माद से पीड़ित कर रहे हैं।

क ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः-

"नवम् स्थान में पापग्रह होने पर गुरू, अग्नि, देवता आदि के शाप से उन्माद रोग होता है।"[1]

ोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में चंद्र की दशा में केतु की अन्तर्दशा तथा तर्गत शुक्र की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 25 सितम्बर 2005 से 29 अक्टूबर 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप प का प्रकोप उग्र था।

वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम् के अनुसार "यदि केतु की अन्तर्दशा में शुक्र की प्रत्यन्तर दशा हो तो जातक को लेक्षों से भय, धन नाश, नेत्र रोग तथा सिर पीड़ा आदि होते है।"[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

1. गुर्वादिशापसम्भूतः पापे नवमसंस्थिते। (प्रश्नमार्ग– अध्याय–12, सूत्र–48, पेज–182)
2. म्लेच्छभीस्थैर्यनाशो वा नेत्ररोगः शिरोव्यथा।
   हानिश्चतुष्पदानां च भृगोः प्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–66, पृष्ठ–643)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

10-6

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

शनि - शुक्र	
05-06-2004 से 05-08-2007 तक	
शुक्र	15–12–2004
सूर्य	12–02–2005
चंद्र	17–05–2005
मङ्गल	23–07–2005
राहु	14–01–2006
गुरू	16–06–2006
शनि	17–12–2006
बुध	18–05–2007
केतु	05–08–2007

रोगी का परिचयः–

नाम – सुरेन्द्र लाल

जन्मतिथि – 04 जुलाई 1959

समय – 2.00 PM

स्थान – उन्नाव।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक सुरेन्द्र लाल उन्माद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ चिकित्सा हेतु 28 दिसम्बर, 2004 को आया था। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में द्वादश भाव में बुध राशिस्थ सूर्य, गुरू से दृष्ट होने के कारण जातक को उन्माद रोग से ग्रसित कर रहा है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

"यदि बुद्ध राशिस्थ सूर्य, गुरू से दृष्ट हो तो जातक उन्माद रोग से पीड़ित होता है।"[1]

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में शनि की दशा में शुक्र की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत सूर्य की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 16 दिसम्बर 2004 से 15 फरवरी 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार जब शुक्र की अन्तर्दशा में सूर्य की प्रत्यन्तर दशा होती है तो जातक वायुजन्य रोग, मस्तक रोग तथा राजा एवं शत्रुओं से पीड़ित होता है।[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1.

2. बुधराशौ दिनभर्तरि गुरूणा दृष्टे सदोन्मादः। (सारावली– अध्याय–20, श्लोक–23, पृष्ठ–142)
वातज्वरः शिरःपीडा राज्ञः पीडा रिपोरपि।
जायते स्वल्पलाभोऽपि शुक्रे शुक्रान्तरा रविः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ शुक्रविदिशाफलम्, श्लोक–2, पृष्ठ–465)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur MP Collection

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

-1

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

सूर्य - केतु	
27-11-2005 से 03-04-2006 तक	
केतु	04-12-2005
शुक्र	25-12-2005
सूर्य	01-01-2006
चंद्र	12-01-2006
मङ्गल	19-01-2006
राहु	08-02-2006
गुरू	25-02-2006
शनि	15-03-2006
बुध	03-04-2006

का परिचयः-

– जतिन

तिथि – 21 जुलाई 1964

– 1.00 AM

– लखनऊ।

से सम्पर्कः-

. जतिन नाम उन्माद रोगी किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 20 मार्च, को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में तृतीय भाव में बुध, सूर्य से युक्त है, जिससे जातक उन्माद रोग से पीड़ित हुआ

ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः-

"यदि तृतीय, षष्ट, अष्टम या व्यय स्थान में बुध पाप ग्रह से युक्त हो तो जातक को उन्माद रोग होता

तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में सूर्य की दशा में केतु की अन्तर्दशा तथा मंगल बुध की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 16 मार्च 2006 से 03 अप्रैल 2006 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार "यदि केतु की अन्तर्दशा में बुध की प्रत्यन्तर दशा हो तो जातक बुद्धि का नाश, उद्वेग, विद्या का नाश, अधिक भयभीत करने वाला तथा कार्य में असफलता प्रदान करने वाला होता है।"[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

अस्ते पापयुतो मान्दिर्वित्रिषष्ठाष्टामान्त्यगः। (प्रश्नमार्ग– अध्याय–12, सूत्र–32, पेज–180)

बुद्धिनाशो महोद्वेगो विद्याहानिर्महाभयम्।
कार्यसिद्धिर्न जायेत केतौ केत्वन्तरा बुधः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ केतोर्विंशोत्तरफलम्, श्लोक–9, पृष्ठ–459)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur MP Collection

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

राहु - बुध	
03-06-2005 से 21-12-2007 तक	
बुध	13–10–2005
केतु	06–12–2005
शुक्र	09--05–2006
सूर्य	25–06–2006
चंद्र	12--09--2006
मङ्गल	05–11–2006
राहु	23–03–2007
गुरू	25–07--2007
शनि	21--12–2007

का परिचयः–

	–	अरूण
तिथि	–	11 जून 1960
	–	5.00 AM
	–	आजमगढ़।

से सम्पर्कः–

अरूण नाम उन्माद रोगी किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 20 बर, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् वेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में अष्टम भाव में चन्द्रमा शनि से युक्त होकर जातक को उन्माद रोग से पीड़ित रहा है।

तक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "वृहज्जातकम्" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः–

"यदि चन्द्रमा शनि से युक्त हो या मंगल से दृष्ट हो या चन्द्रमा परिवेश युक्त हो तो मनुष्य कठोर भाषी, का रोगी तथा सदैव शारीरिक शक्ति घटाते रहने वाले किसी बड़े रोग से पीड़ित होता है।"[1]

ोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विशोंत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में राहु की दशा में बुध की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 14 अक्टूबर 2005 से 06 दिसम्बर 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग का कोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार यदि बुध की अन्तर्दशा में केतु की प्रत्यन्तर दशा हो तो जातक कठोर भोजन पाने वाला, पेट के रोग से युक्त, पीलिया तथा रक्त पित्त जन्य व्याधियों से पीड़ित होता है।[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- परूषवचनोऽपस्मारार्तः क्षयी च निशापतौ
सरवितनये वक्रालोके गते परिवेषगे।
रवियमकुजैः सौम्यादृष्टैर्नभः स्थलमाश्रितै–
भृतकमनुजः पूर्वादिदृष्टैर्वराधममध्यमाः।।17।। (वृहज्जातकम् अध्याय-21, श्लोक--17 पृष्ठ--340)

2- कठिनान्नस्य सप्राप्तिरुदरे रोगसंभवः।
कामला रक्तपित्तं च सौम्यान्तरा शिखी। (होरारत्नम् अध्याय-9 अथ बुधदिदिशाफलम्, श्लोक--2, पृष्ठ--450)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur MP Collection

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

राहु - बुध	
27-04-2005 से 15-11-2007 तक	
बुध	07–09–2005
केतु	01–11–2005
शुक्र	04–04–2006
सूर्य	20–05–2006
चंद्र	06–08–2006
मङ्गल	30–09–2006
राहु	17–02–2007
गुरू	20–06–2007
शनि	15–11–2007

का परिचयः–

	–	केसर
तिथि	–	13 फरवरी 1949
	–	6.00 PM
	–	जौनपुर।

से सम्पर्कः–

जातक केसर उन्माद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में त्सा हेतु 15 सितम्बर, 2005 को आया था। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग र्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा । रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में चन्द्रमा की शनि के साथ युति रोग देने वाली बनी। इसके अतिरिक्त इसी लग्न ली में शनि लग्न में तथा मंगल सप्तम भाव में स्थित है। इस योग के कारण जातक उन्माद रोग से ग्रस्त

क ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "वृहज्जातकम" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः–

"यदि लग्न में शनि तथा 5वें, 9वें अथवा 7वें भाव में मंगल हो तो जातक उन्माद रोग से पीड़ित होता

ोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में राहु की दशा में बुध की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत हु की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 08 सितम्बर 2005 से 01 नवम्बर 2005 तक चल रही थी। फलस्वरूप रोग का कोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार "यदि बुध की अन्तर्दशा में केतु की प्रत्यन्तर दशा हो तो जातक ोर भोजन पाने वाला, पेट के रोग से युक्त, पीलिया तथा अन्य रक्त पित्त आदि विकारों से युक्त होता है।"[2]

दशा फल की प्रतिकूलता के कारण रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

तदवत् सूर्यसुतोदयोऽवनिसुते धर्मात्मजजद्यूनगे।
जातो वा सरसहस्ररश्मितनये क्षीणे वयये शीतगौ।।13।। (वृहज्जातकम् अध्याय--21, श्लोक–13, पृष्ठ–336)
कठिनान्त्रस्य सम्प्राप्तिरूदरे रोगसम्भवः।
कामलं रक्तपित्तं च सौम्ये सौम्यान्तरा शिखी। (होरारत्नम् अध्याय 9 अथ बुधान्तर्दिशाफलम् श्लोक--2.

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उन्माद रोगी की जन्म कुण्डली

-10

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा

(प्रत्यंतर)

राहु - शुक्र	
23-04-2004 से 23-04-2007 तक	
शुक्र	23–10–2004
सूर्य	17–12–2004
चंद्र	17–03–2005
मङ्गल	20–05–2005
राहु	02–11–2005
गुरू	26–03–2006
शनि	17–09–2006
बुध	20–02–2007
केतु	23–04–2007

का परिचयः-

— बबलू

तिथि — 30 मई 1975

— 1.00 AM

— इलाहाबाद।

से सम्पर्कः-

जातक बबलू उन्माद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में त्सा हेतु 01 नवम्बर, 2004 को आया था। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में चतुर्थ भाव सूर्य और केतु के कारण पापग्रस्त है तथा चतुर्थेश शुक्र भी पंचम में शनि से युक्त होकर पापयुक्त है। इसके अतिरिक्त पंचम भाव भी शनि के कारण पापग्रस्त हैं तथा पंचमेश पंचम भाव में ही शनि से युक्त होकर पापग्रस्त हो गया है। इन योगों के कारण से जातक उन्माद रोग ड़ित है।

ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "जातकतत्वम्" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः-

"यदि चतुर्थ स्थान में क्रूर ग्रह हों तथा चतुर्थेश क्रूर ग्रह से युक्त हों तो जातक चित्त विकार से ग्रसित है।"[1]

तथा

"पंचमेश यदि पाप ग्रह से युक्त हो तो जातक विस्मयशील बुद्धि का होता है।[2]

इनके अतिरिक्त मार्क रिचर्डसन (Mark Richardson) ने संसार के अनेक शीर्षस्थ वैज्ञानिकों के शोध परक लेखों का संग्रह कर "साइंस एण्ड स्पीरीचुअल क्वेस्ट" (Science and Spiritual Quest) नामक पुस्तक प्रकाशित की है, जिसमें ब्रम्हाण्ड वैज्ञानिक एण्ड्रेई लाइन्डे का महत्वपूर्ण लेख भी प्रकाशित है जिसमें आधुनिकतम शोधों के द्वारा सृष्टि रचना की अद्भुत प्रक्रिया को समझाया गया है।

उपर्युक्त सभी वैज्ञानिकों ने ब्रम्हाण्ड रचना से सम्बन्धित विभिन्न सिद्धान्तों तथा प्रक्रियाओं को इस प्रकार बतलाया है जिससे विज्ञान के अति जटिल सिद्धान्तों को न समझने वाला व्यक्ति भी समझ सके।

वैज्ञानिक स्टीफेन हाकिन्स ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक "ए ब्रीफ हिस्ट्री आफ टाईम" की भूमिका में ही यह कहा है कि "इस विश्व का भविष्य तथा इसके उद्भव के आधारभूत नियमों को बिना मैथेमेटिक्स के भी इस ढंग से समझाया जा सकता है कि विज्ञान की विधिवत शिक्षा नहीं प्राप्त किये हुए व्यक्ति भी इसे समझ

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सकें। मैनें इस पुस्तक में यही करने का प्रयत्न किया है। पाठकगण स्वयं यह निर्णय कर सकते हैं कि क्या मैं इस प्रयास में सफल हुआ हूँ।"[6]

इस परिप्रेक्ष्य में ही मैनें ज्योतिर्विज्ञान के सिद्धान्तों के विज्ञान सम्मत पक्षों को ढूढ़ने का प्रयास किया है।

ज्योतिष ग्रन्थों के अनुसार इस ज्ञान का स्रोत स्वयं सृष्टि रचयिता पितामह ब्रम्हा हैं तथा वसिष्ठ आदि अट्ठारह ऋषि इसके प्रवर्तक माने गये हैं। सर्वप्रथम हम इस तथ्य की समीक्षा करेंगे कि क्या ब्रम्हा द्वारा सृष्टि की रचना करना तथा उनका ज्ञान प्रदान करना विज्ञान–सम्मत प्रतीत होता है? चूंकि ज्योतिर्विज्ञान से सर्वाधिक निकटतम विधा "आधुनिक ब्रम्हांडिकी" (Modern Cosmology) है, अतएव आधुनिक ब्रम्हांडिकी के सिद्धान्तों के आधार पर ही हम इस प्रश्न की समीक्षा प्रस्तुत करने का प्रयास करते हुए यह भी देखेंगे कि क्या ज्योतिष के प्रवर्तकों (जिनमें महर्षि वसिष्ठ की भी गणना होती है) का ब्रम्हाण्ड के ज्ञान से सम्बन्धित सिद्धान्त, आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर खरे उतरते हैं? योग वासिष्ठ में ब्रम्हाण्ड से सम्बन्धित अद्भुत सिद्धान्तों का उल्लेख प्राप्त होता है। इसलिए हम ब्रम्हाण्ड का मूल कण, अंतरिक्ष, सृष्टि रचना की प्रक्रिया तथा सृष्टि रचयिता के सम्बन्ध में आधुनिक विज्ञान तथा ज्योतिष के प्रवर्तक भारतीय महर्षियों के विचारों की समीक्षा प्रस्तुत कर रहे हैं।

आधुनिक विज्ञान के अनुसार ब्रम्हाण्ड का मूल कणः–

आधुनिक विज्ञान के अनुसार ब्रम्हाण्ड का मूल कण क्वांटा है, जिसमें एक साथ कण (सीमित तथा स्थिर) तथा तरंग (असीमित तथा चलायमान) दोनों गुण विद्यमान हैं।

6– The basic ideas about the origin and fate of the universe can be stated without mathematics in a form that people without a scientific education can understand. This is what I have attempted to do in this book. The reader must judge whether I have succeeded.

(Stephen Hawkins- A Brief History of Times, Page vi)
(प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह बड़े आश्चर्य की बात है कि कोई वस्तु एक साथ कण (सीमित तथा स्थिर) तथा तरंग (असीमित तथा चलायमान) कैसे हो सकता है? किन्तु यह एक वैज्ञानिक सत्य है।[7]

इसीलिए आधुनिक वैज्ञानिक इसे अनिश्चयवाद का सिद्धान्त (The theory of uncertainty) कहते हैं।[8]

योग वासिष्ठ के सिद्धान्तों के अनुसार मूल कणः–

योग वासिष्ठ में कहा गया है कि "आकाश के परमाणु के हजारवें भाग के भीतर जो शुद्ध चिन्मात्र सत्ता वर्तमान है, वही परमार्थ संवित है। वह न दिखाई देता है और न उसका वर्णन किया जा सकता है।[9]

जैसे मरूस्थल में लता पत्र आदि का सर्वथा अभाव रहता है वैसे ही उस परम तत्व के लिए जड़ या चेतन आदि शब्दों का प्रयोग नहीं हो सकता।[10]

ब्रम्ह को आत्मा भी नहीं कहा जा सकता, उसके लिऐ आत्मा आदि संज्ञा स्वाभाविक नहीं केवल कल्पित है।[11]

इस प्रकार यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि महर्षि वसिष्ठ के सिद्धान्तों में भी अनिश्चयवाद का सिद्धान्त विद्यमान है।

7– **Fritjof Capra- The Tao of Physics** 1920/13 street boulder colorado USA- Published in 1975 (देखिये परिशिष्ट-7)

8– **Stephen Hawkins- A Brief History of Time,** Page 58 (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)

9– आकाश परमाणु सहस्त्रांशमात्रेऽपि या शुद्ध चिन्मात्रसत्ता विद्यते सा हि परमार्थ संवित् (6/1/48/10) योग वासिष्ठ और उसके सिद्धान्त– डा0 भीखन लाल आत्रेय पृष्ठ–455 (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशनार्थ-पूर्वोक्त)

10– जड़चेतनभावादिशब्दार्थश्रीर्न विद्यते।
अनिर्देश्यपदे पत्रलतादीव महामरौ।। (तत्रैव– श्लोक–3/91/36, पृष्ठ– 452)

11– यतो वाचो निवर्तन्ते यो मुक्तैरवगम्यते।
तस्यचात्मादिकाः संज्ञाः कल्पिता न स्वभावजाः।। (तत्रैव– श्लोक–3/5/5, पृष्ठ– 452)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आधुनिक विज्ञान के अनुसार अन्तरिक्ष तथा सृष्टि रचना प्रक्रियाः–

अंतरिक्षः–

आधुनिक भौतिक विज्ञान के द्वारा प्रतिपादित क्वांटम फिल्ड थ्योरी (Quantum Field Theory) के अनुसार जो अन्तरिक्ष खाली दिखायी दे रहा है, वह वस्तुतः खाली नहीं है। वह स्पन्दनशील क्वान्टा से भरा हुआ है, जिसमें हर प्रकार के भौतिक क्षेत्र हैं। इन्हें क्वांटा की स्पन्दनशीलता से उत्पादित तरंगे मान सकते हैं जो विभिन्न तरंग दैर्ध्यों की हो सकती है।[12]

योग वासिष्ठ के अनुसार अन्तरिक्षः–

योग वासिष्ठ के अनुसार "अन्तरिक्ष तथा सभी स्थानों में चिति व्याप्त है। सब कुछ चिति है। सभी ओर चिति ही है, वह सत और सर्वात्मक है। अन्वय व्यतिरेक करने पर मुझे यही दिखाई दिया।"[13]

"यह स्पन्दनयुत होकर भी स्पन्दनहीन है, पर्वत रूप होकर भी वह पर्वत नहीं है। यह स्वप्न में कल्पना जगत के समान है।"[14]

12– According to quantum field theory, empty space is not entirely empty. It is filled with quantum fluctuations of all types of physical fields. These fluctions can be regarded as waves of physical fields with all possible wavelengths.
(Andrei Linde- The Universe Life and Conciousness Page- 193) Published in "Science and Spiritual Quest- New Essays by Leading Scientist- Edited by Mark Richardson- Published in 2002 by Routledge, 11, New Fetter Lane, London)

13– चिति सर्व चितः सर्व चित्सर्व सर्वतश्च चित्।
चित्सर्त्वात्मिकेत्येद्दृष्ट तत्र मयाऽखिम्।। 74/18 (योग वासिष्ठ द्वितीय खण्ड, सम्पादक– पं0 श्रीराम जी शर्मा आचार्य, पृष्ठ–323) संस्करण–1992, प्रकाशक–संस्कृति संस्थान, ख्वाजाकुतुब, वेदनगर, बरेली–243003

14– संस्पन्दोऽपि हि नि स्पन्दाः पर्वतोऽपि न पर्वतः।
यथा स्वप्नेषु चिद्भावः स्वभावोऽर्थगतस्यथा।। तत्रैव– श्लोक–99/7, पृष्ठ–451

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि योग वासिष्ठ में उल्लिखित अंतरिक्ष का विवरण आधुनिक भौतिक विज्ञान के अनुरूप ही है।

सृष्टि रचनाः—

वैज्ञानिक एण्ड्रेई लाइंडे ने सृष्टि रचना के सम्बन्ध में निम्नलिखित सिद्धान्त प्रस्तुत किया हैः—

"हमारी सृष्टि की रचना बाहर की ओर फैलती हुई क्वांटा की स्पन्दनशीलता से हुई। यह सृष्टि केवल एक मिलीग्राम द्रव्य (matter) से ही उत्पन्न हो सकती है, यदि इस एक मिलीग्राम द्रव्य पर इतना अधिक दबाव डाला जाये कि इसका आकार संकुचित होकर एक इलेक्ट्रान के आकार से भी सूक्ष्म हो जाय। इस प्रकार से सृष्टि की रचना स्वचालित यंत्र की भांति होने लगेगी।"[15]

योग वासिष्ठ में उल्लिखित सृष्टि रचनाः—

यदि हम योग वासिष्ठ में उल्लिखित सृष्टि रचना की प्रक्रिया को देखें तो यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होगा कि वैज्ञानिक शब्दावली में जिसे सृष्टि के फैलाव का सिद्धान्त (inflationary cosmology) कहते हैं, उसे ही महर्षि वसिष्ठ ने ब्रम्ह (अर्थात अनवरत वर्धनशील), कहा है तथा क्वांटम की स्पन्दनशीलता (quantum fluctuation) को ब्रम्ह का स्पन्दन कहा है।

15— Indeed, we believe now that galaxies emerged as a result of small quantum fluctuations produced during inflation. The universe itself could organinatc from less than one milligram of matter compressed to a size billions of times smaller than a size of an electron. Its different parts were formed during the quantum-mechanical process of self-reproduction of the universe

(Andrei Linde- The Universe, Life and Conciousness, Page 198)

(प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

योग वासिष्ठ के अनुसार "ब्रम्ह की वर्धन शक्ति ही जगत है और जगत ब्रम्ह का विस्तार है। अनादि और अनन्त ब्रम्ह ही समुद्र की भांति बढ़ रहा है। जैसे– तरंग, कण और लहरों के रूप में समुद्र प्रकट होता है वैसे ही समस्त वस्तुओं के रूप में आत्मा ही प्रकट हो रहा है।"[16]

"जो कुछ फैला हुआ है यह जगत जाल दिखायी दे रहा है, वह सब कुछ ब्रम्ह ही इस प्रकार स्थित है।"[17]

इस प्रकार स्पष्ट है कि आधुनिक विज्ञान के अनुसार सृष्टि रचना प्रक्रिया तथा योग वासिष्ठ के अनुसार भी सृष्टि रचना प्रक्रिया लगभग एक समान है, केवल शब्दावलियों में ही अन्तर है।

<u>सृष्टि के रचयिताः–</u>

सृष्टि के रचने के सम्बन्ध में वैज्ञानिक एण्ड्रेई लाइण्डे ने आगे लिखा है कि "हाल ही में कुछ भौतिकविदों ने इस बात की चर्चा की है कि क्या प्रयोगशाला में सृष्टि की रचना करना सम्भव है? वस्तुतः सृष्टि रचना के लिए केवल एक मिलीग्राम द्रव्य (matter) की ही आवश्यकता होगी जो एक वातरहित तथा बाहर की ओर

16– ब्रह्मबृंहैव हि जगज्जगच्च ब्रह्मबृंहणम्। (6/1/2/51)
ब्रह्मैव तदनाद्यन्तमब्धिवत्प्रविजृम्भते।। (6/1/2/27)
आत्मैव स्पन्दते विश्वं वस्तुजातैरिवोदितम्।
तरंगकणकल्लोलैरनन्ताम्बवम्बुधाविव।। (5/72/23)
(योग वासिष्ठ और उसके सिद्धान्त, पृष्ठ–468) डा0 भीखनलाल आत्रेय, प्रकाशक– श्री कृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान, मथुरा।

17– यदिदं किञ्चिदाभोगिं जगज्जालं प्रदृश्यते।
तत्सर्वममलं ब्रह्म भवत्येतद्व्यवस्थितम्।। (तत्रैव– श्लोक–6/1/11/16)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

फैलती हुई दशा में कार्यशील होगी। इस प्रकार इस प्रक्रिया में एक नहीं अनेक सृष्टियां उत्पन्न होने लगेंगी।"[18]

उक्त वैज्ञानिक ने पुनः कहा है कि अभी यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट नहीं हुआ है कि सृष्टि रचना की यह प्रक्रिया सैद्धान्तिक तथा तकनीकी दृष्टिकोण से सम्भव है अथवा नहीं। यदि हम मान लें कि यह सम्भव है तो प्रश्न उठता है कि क्या हमें प्रयोगशाला में सृष्टि की रचना करना चाहिए? इसका हमारे लिए क्या उपयोग होगा? हम दूसरी सृष्टि से ऊर्जा भी अपनी सृष्टि में नहीं ला सकते क्योंकि यह ऊर्जा के अविनाशीत्व के सिद्धान्त के विपरीत होगा। हम नयी सृष्टि में छलांग लगा करके नहीं जा सकते क्योंकि निर्माण के समय यह अत्यन्त सूक्ष्म तथा सघन होगा और कुछ समय पश्चात हमारी सृष्टि से पृथक हो जायेगा।"[19]

उक्त वैज्ञानिक ने आगे लिखा है कि – "कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारी इस सृष्टि की रचना किसी दुस्साहसिक भौतिकविद् ने की हो! कहीं ऐसा तो नहीं कि

18– Recently there has been some discussion of whether it is possible to create a universe in a laboratory. Indeed, one would need only a miligram of matter in a vacuum-like exponentially expanding state, and then the process of self-reproduction would create from this matter not one universe but infinitely many!.

Andrei Linde- The Universe, Life and Consciousness, Page 196, Published in Science and Spritiual quest) (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)

19– It is still not quite clear whether this process is theoretically possible or technologically feasible, but let us imagine for a second that the answer to both of these questions is positive. Should we really try to build a new universe in a laboratory? How would one we able to use it? Indeed, one cannot "pump" energy from the new universe to ours, since this would contradict the conservation of energy. One cannot jump into the new universe, since at the moment of its creation it is microscopically small and extermely dense, and later it decouples from our universe.

(तत्रैव पृष्ठ–196)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

केवल भौतिकविदों में ही ईश्वर के संदेश को समझने की क्षमता है?"[20]

यद्यपि एण्ड्रेई लाइण्ड्रे का उपरोक्त कथन अभी सिद्धान्त रूप में है तथापि यह प्राचीन शास्त्रों में उल्लिखित ब्रम्हा का सृष्टि रचयिता होने तथा महर्षि विश्वामित्र द्वारा नई सृष्टि के रचने के वृतान्त के सत्य होने की सम्भावना की ओर संकेत करता है।

अब प्रश्न उठता है कि जब आज के वैज्ञानिक सृष्टि रचना की प्रक्रिया को जानने की ओर उन्मुख हो रहे हैं तो क्या भातीय ज्योतिर्विद ऐसा करने में समर्थ थे? इस सम्बन्ध में विश्वामित्र द्वारा सृष्टि रचना की प्रक्रिया का अत्यन्त आश्चर्यजनक वृतान्त वाल्मीकि रामायण (बालकाण्ड) में दिया गया है जो निम्नलिखित है:-

"तेजस्वी विश्वामित्र ने ऋषि मण्डली के बीच दूसरे प्रजापति के समान दक्षिण मार्ग के लिए नये सप्तर्षियों की सृष्टि की तथा क्रोध से भरकर उन्होंने नवीन नक्षत्रों का निर्माण भी कर डाला।"[21]

"वे महा यशस्वी मुनि क्रोधित होकर दक्षिण दिशा में ऋषि मण्डली के बीच नूतन नक्षत्र मालाओं की सृष्टि करके यह विचार करने लगे कि मैं दूसरे इन्द्र की सृष्टि करूंगा अथवा मेरे द्वारा रचित स्वर्ग लोक बिना इन्द्र के ही रहेगा। ऐसा निश्चिय करके उन्होंने क्रोध पूर्वक नूतन देवताओं की सृष्टि आरम्भ की।"[22]

20- Does this mean that our universe was created by a physicist hacker? Does this mean that only physicists can read the meassage of God?
(तत्रैव पृष्ठ-197)

21- ऋषिमध्ये स तेजस्वी प्रजापतिरिवापरः।।20।।
सृजन् दक्षिणमार्गस्थान् सप्तर्षीनपरान् पुनः।
नक्षत्रवंशमपरमसृजत् क्रोधमूर्च्छितः।।21।। (श्रीमद वाल्मिकीय रामायण बालकाण्ड-सर्ग-षष्टितमः (60) श्लोक-20, 21) पृष्ठ-145, संस्करण-सम्वत्-2007, गीताप्रेस गोरखपुर।

22- दक्षिणां दिशमास्थाय ऋषिमध्ये महायशाः।
सृष्ट्वा नक्षत्रवंशं च क्रोधेन कलुषीकृतः।।22।।
अन्यमिन्द्रं करिष्यामि लोको वास्यादनिन्द्रकः।
दैवतान्यपि स क्रोधात् स्रष्टु समुपचक्रमे।।23।। (तत्रैव श्लोक-22, 23)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Kanchundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात उन्होंने कहा– "मैने जिन नक्षत्रों का निर्माण किया है वे सदा मौजूद रहे हैं। जब तक संसार रहे तब तक सभी वस्तुएं जिनकी मेरे द्वारा सृष्टि हुई है, सदा बनी रहे। देवताओं! आप लोग इस बात का अनुमोदन करें"[23]।

"ऐसा कहने पर देवता लोग बोले– महर्षे, ऐसा ही हो। यह सभी वस्तुएं बनी रहें। आपके रचे हुए अनेक नक्षत्र आकाश में वैश्वानर पथ से बाहर प्रकाशित होंगे और उन्हीं ज्योतिर्मय नक्षत्रों के बीच में सिर नीचा किये त्रिशंकु भी प्रकाशमान होंगे।"[24]

अति प्राचीन काल का यह ब्रम्हाण्डीय ज्ञान अत्यन्त विस्मयकारी है। ये वृतान्त यद्यपि धार्मिक ग्रन्थ वाल्मीकि रामायण में उल्लिखित है तथापित यह विज्ञान–सम्मत है। कदाचित इसीलिए वैज्ञानिक एन्ड्रेई लाइंडे ने लिखा है कि– "यह अत्यन्त मनोरंजक है कि सृष्टि रचना की यह नवीनतम वैज्ञानिक अवधारणा धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप ही है।"[25]

ब्रम्हा द्वारा सृष्टि रचनाः–

प्राचीन भारतीय शास्त्रों के अनुसार सृष्टि को ब्रम्हाजी ने अपने तप बल से

23– स्वर्गोऽस्तु सशरीरस्य त्रिशंकोरस्य शाश्वतः।
नक्षत्राणि च सर्वाणि मामकानि ध्रुवाण्यथ।।28।।
यावल्लोका धरिष्यन्ति तिष्ठन्त्वेतानि सर्वशः।
यत् कृतानि सुराः सर्वे सतदुज्ञातुमर्हथ।।29।। (श्रीमद वाल्मिकीय रामायण बालकाण्ड–सर्ग–षष्टितमः (60) श्लोक–28, 29) पृष्ठ–146, संस्करण–सम्वत्–2007, गीताप्रेस गोरखपुर।

24– अनुयास्यन्ति चैतानि ज्योतींषि नृपसत्तमम्।।
कृतार्थ कीर्तिमन्तं च स्वर्गलोकगतं यथा।।32।। (तत्रैव श्लोक–32) पृष्ठ–146

25– It is interesting to ask whether the new picture of the world is compatible with common religious beliefs.
Andrei Linde- The Universe, Life and Conciousness Essay Published in the book "Science and Spritual Quest Page 195. (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष–पूर्वोक्त)

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उत्पन्न किया। तप का आधुनिक भाषा में तात्पर्य हो सकता है– भौतिक ज्ञान तथा आत्मज्ञान का विवेकपूर्ण उपयोग। कठोपनिषद प्राचीन शास्त्रों के अनुसार आत्मज्ञान प्राप्त होने पर भौतिक ज्ञान स्वयं उपलब्ध हो जाता है।[26]

ब्रम्हा के विषय में श्रीमद् भागवत में कहा गया है कि– "ब्रम्हा जी, आप तो सब कुछ जानते हैं, क्योंकि जो कुछ हुआ है, हो रहा है, होगा, उसके स्वामी आप ही हैं। यह सारा संसार हथेली पर रखे हुए आंवले के समान आपकी ज्ञान दृष्टि के अन्तर्गत ही है।[27]

वस्तुतः ब्रम्हा के अस्तित्व की विवेचना आत्मज्ञान उपलब्ध होने के पश्चात ही की जा सकती है।

अभी इतना ही कहा जा सकता है कि जब धरती के मनुष्य की बुद्धि विकसित हुई तो ब्रम्हा जी की असीम ज्ञान राशि से ज्योतिशास्त्र का ज्ञान स्वतः ही कुछ महर्षियों के मानस पटल पर अंकित हो गया।

सम्भव है विज्ञान के कुछ अधिक विकसित होने पर तथा विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय के पश्चात ब्रम्हा जी के अस्तित्व को समझने में हम सफल हो सकें।

वस्तुतः इस अति प्राचीन काल के ब्रम्हाण्डीय ज्ञान से ही ज्योतिष शास्त्र विकसित हुआ।

26– एतद्वयेवाक्षरं ब्रह्म एतद्वयेवाक्षरं परम्।
एतद्वयेवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत्। (कठोपनिषद– व्याख्याकार– डा0 देवेन्द्र नाथ पाण्डेय प्रथम अध्याय– द्वितीय वल्ली– मंत्र–16 पृष्ठ–80)

27– हंसा प्रकाशन– जयपुर, संस्करण–1997
सर्व ह्येतद् भवान वेद भूतभव्यभवत्प्रभुः।
करामलकवद् विश्वं विज्ञानावसितं तव।।3।। वेद व्यास– श्रीमद् भागवत महापुराणम, प्रथम खण्ड, द्वितीय स्कन्ध अध्याय–5, श्लोक–3, पृष्ठ–163, संस्करण–2043, गीता प्रेस, गोरखपुर।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ऐसा प्रतीत होता है कि पृथ्वी पर कुछ ऐसा विनाश हुआ जिससे यह लुप्त हो गया। इसीलिए आज ज्योतिर्विज्ञान जैसे अद्भुत विज्ञान की आधार शिलाओं का पुनः अन्वेषण अनिवार्य प्रतीत होने लगा है।

ज्योतिष के उद्भव के सम्बन्ध में ओशो (रजनीश) का कथन है कि "ज्योतिष किसी सभ्यता द्वारा बहुत बड़ा विकसित विज्ञान है। फिर यह सभ्यता खो गयी और हमारे हाथ में ज्योतिष के अधूरे सूत्र रह गये। ज्योतिष कोई नया विज्ञान नहीं है, जिसे विकसित होना है, बल्कि कोई विज्ञान है जो पूरी तरह विकसित हुआ था और फिर जिस सभ्यता ने उसे विकसित किया वह खो गयी। सभ्यतायें आती हैं, फिर खो जाती हैं। फिर उनके द्वारा विकसित ज्ञान भी अपना मौलिक आधार खो देता है, सूत्र भूल जाते हैं, उनकी आधारशिलाएं खो जाती हैं।"[28]

अब यह प्रश्न उठता है कि इतना बड़ा विज्ञान इस धरती से एक साथ कैसे खो गया। इस प्रश्न पर संसार के अनेक विद्वानों ने शोध किये हैं।

यूनान के प्राचीन विद्वान प्लेटो (Plato) ने लगभग 2400 वर्ष पूर्व अपनी प्रसिद्ध पुस्तक टिमियस (Timaeus) में एक अत्यन्त उच्च कोटि की विकसित सभ्यता का विवरण दिया है, जिसका नाम एटलांटिस (Atlantis) था। इस सभ्यता का विनाश परस्पर युद्धों के कारण तथा साथ–साथ प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुआ। ब्रिटेन के अन्वेशक पीटर जेम्स ने इस सम्बन्ध में गहन शोध किया है तथा उनकी प्रसिद्ध पुस्तक द संकेन किंगडम (The Sunken Kingdom) नें सम्पूर्ण संसार का ध्यान इस प्राचीन सभ्यता की ओर आकर्षित किया है।[29]

28– आशो रजनीश– ज्योतिष अद्वैत का विज्ञान
मैं कहता आखन देखी, पृष्ठ–199, प्रकाशक– ताओ पब्लिशिंग प्रा0 लि0– 50 कोरे गांव पार्क, पुणे– संस्करण–2003

29– www.Amazon.com The Sunken Kingdom- Peter James)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनेक आधुनिक अन्वेषकों ने मिश्र के पिरामिड़ों तथा वहां स्थित स्फिंक्स (Sphinx) में अति प्राचीन सभ्यता के चिन्ह प्राप्त किया है। इन सभ्यताओं के विनाश के कारणों के खोज के लिए अनेक पाश्चात्य विद्वान आकर्षित हुए हैं। स्विटजरलैण्ड के प्रसिद्ध विद्वान एरिक वॉन डेनिकन (Aric Von Denikan) ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक "द चैरिएट्स आफ गॉड्स" (The Chariot of Gods) में इस संसार के अनेक प्राचीन सभ्यताओं के सम्बन्ध में अपना अन्वेषण प्रस्तुत किया है।

भारत के प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान का संस्कृत ग्रन्थों में अध्ययन करने के बाद उक्त अन्वेषक तथा लेखक एरिक वान डेनिकन इतना प्रभावित हुये कि उन्होंने लिखा है–

"एक उत्सुकता जो मुझे सदैव बेचैन किये रहती है, उसने मुझे प्राचीन भारतीयों ग्रन्थों की ओर आकर्षित किया। भारत के वेद और पुराणों में प्राचीन उड़ने वाली मशीनों तथा विस्मयकारी अस्त्र–शस्त्रों का कितना आश्चर्यजनक विवरण भरा पड़ा है? भारतीय स्वर्णिम वैज्ञानिक ज्ञान के समक्ष "ओल्ड टेस्टामेंट" ग्रन्थ में उल्लिखित वैज्ञानिक विवरण बिल्कुल फीके पड़ जाते हैं..... मुझे स्वयं अपने पर कितना अधिक क्रोध आ रहा है कि मैं संस्कृत भाषा नहीं जानता।[30]

भारत के प्राचीन ग्रन्थों में भी अपने अति प्राचीन सभ्यता तथा तकनीकी ज्ञान का भरपूर उल्लेख प्राप्त होता है। यह भी उल्लेख मिलता है कि इस विकसित ज्ञान का अन्त किस प्रकार हुआ।

महर्षि वेद व्यास ने महाभारत (मौसल पर्व) में इस महाविनाश का विवरण

30– A Curiosity that Leaves me no rest has always drawn me to the old Indian source books. What a mass of fascinating and & mysterious infromation about flying machines and fantastic weapons in the remote past can be found in the translation of the Indian vedas and epics. The old testament with its vigorous, vivid discriptions pales beside these Indian jewels..... How furious I was that I could not read Sanskrit!

(Eric Von Daniken - Return to the stars Page 139 and 141)
Corgi Books- Transworld Publishers Ltd. (Edition 1981) Century House 61-63

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya, Kanchan, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दिया है, जो निम्नलिखित है–

"बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बालू और कंकड़ बरसाने वाली प्रचण्ड आंधी चलने लगी।"[31]

"बड़ी–बड़ी नदियां बालू के भीतर छिप कर बहने लगी। दिशायें कुहरे से आच्छादित हो गयीं। आकाश से पृथ्वी पर अंगार बरसाने वाली उल्कायें गिरने लगीं।"[32]

"सूर्य, मण्डल धूल से आच्छन्न हो गया था। उदय काल में सूर्य तेजोहीन प्रतीत होता था। सूर्य मण्डल प्रतिदिन अनेक कबन्धों (बिना सिर के धड़ों) से युक्त दिखाई देता था।"[33]

"चन्द्रमा और सूर्य दोनों के चारों ओर भयानक घेरे दृष्टिगोचर होते थे। उन घेरों में तीन रंग प्रतीत होते थे, उसका किनारे का भाग काला एवं रूखा होता था। बीच में भस्म के समान धूसर रंग दिखता था और भीतरी किनारे की कान्ति अरूण–वर्ण की दृष्टिगोचर होती थी।"[34]

पुनः द्वारका के समुद्र में डूबने का विवरण निम्नलिखित है–

"जन समुदाय के निकलते ही मगरों और घड़ियालों के निवास स्थान समुद्र

31– वबुर्वाताश्च निर्घाता रूक्षाः शर्करवर्षिणः।
अपसव्यानि शकुना मण्डलानि प्रचक्रिरे।। वेद व्यास– श्री महाभारतम (मौसल पर्व– प्रथमोध्यायः) श्लोक–2, संस्करण सम्वत्–2058, गीताप्रेस, गोरखपुर (पृष्ठ–6463)

32– प्रत्यगृह्णर्महानद्यो दिशो नीहारसंवृताः।
उल्काश्चाङ्गारवर्षिण्यः प्रापतन् गगनाद्भुवि।। तत्रैव श्लोक–3

33– आदित्यो रजसा राजन् समबच्छन्नमण्डलः।
विरश्मिरूदये नित्यं कबन्धैः समदृश्यत।। तत्रैव श्लोक–4

34– परिवेशश्च दृश्यन्ते दारूणाश्चन्द्रसूर्ययोः।
त्रिवर्णिः श्यामरूक्षान्तास्तथा भस्मारूणप्रभाः।। तत्रैव श्लोक–5

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ने रत्नों से भरी पूरी द्वारका नगरी को जल में डुबो दिया। पुरूष सिंह अर्जुन ने उस नगर का जो–जो भाग छोड़ा उसे समुद्र ने अपने जल से आप्लावित कर दिया। यह अद्भुत दृश्य देखकर द्वाराकावासी मनुष्य बड़ी तेजी से चलने लगे। उस समय उनके मुख से बारम्बार यही निकलता था कि दैव की लीला विचित्र है।"[35]

ज्योतिष शास्त्र के उच्च कोटि के आधुनिक विद्वान श्री स्वामी सनातन श्री ने अपनी पुस्तक "साधना विज्ञान" में लिखा है कि– "वेद तथा महाभारत आदि ग्रन्थों में स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि महाभारत युद्ध के 36 वर्ष के उपरान्त पृथ्वी पर भयंकर उल्कापात हुए थे। यह उल्कापात महाभारत युद्ध में प्रयुक्त हुए ब्रम्हास्त्रों तथा पाशुपतास्त्रों के प्रतिफल थे। ब्रम्हास्त्र तथा पाशुपतास्त्र देवलोक की सम्पत्ति थे..... .....धरती का भौगोलिक स्वरूप बदल गया। दूर–दूर तक फैली पर्वत श्रृंखलाएं इन उल्कापातों के कारण ही बनी हैं। धरती का तापभी बढ़ने लगा। ध्रुव पिघलने लगे। सागर महाप्रलय पर उतर आये। द्वारकायें डूब गयीं।[36]

इस विनाश का विवरण महर्षि वेद व्यास ने अपनी संहिताओं में दिया है। वेद व्यास कहते हैं "पृथ्वी पर एक सहस्त्र वेद की शाखाएं थीं। पापी इन्द्र ने उन्हें ध्वस्त कर दिया। मैं वेद व्यास कुछ शाखाओं का पुनः प्रतिरोपण कर रहा हूं।"[37]

"इन वाक्यों से स्पष्ट है कि वेद व्यास जो महाभारत काल के बहुत उपरान्त तक जीवित रहे। इस सम्पूर्ण विनाश के साक्षी थे। महाविनाश के उपरान्त ही उन्होंने जब संहिताओं को संकलित किया तो उनके मन पर पड़ी महाविनाश की गहरी छाप

35- नियति तु जने तस्मिन् सागरो मकरालयः।
द्वारकां रत्नसम्पूर्णो जलेनाप्लावयत् तदा।।
यद् यद्धि पुरूषव्याघ्रो भूमेस्तस्या व्यमुंचत।
तत् तत् सम्प्लावयामास सलिलेन स सागरः।। बेद व्यास- श्री महाभारतम (सप्तमोध्यायः) श्लोक-41-42, संस्करण सम्वत्-2058, गीताप्रेस, गोरखपुर (पृष्ठ-6479)

36- स्वामी सनातन श्री- साधना विज्ञान, (पृष्ठ-215 से 218 तक), संस्करण-1992, प्रकाशक- श्री सनातन आश्रम, गौराबाग, कुर्सी रोड, लखनऊ-226007

37- तत्रैव

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

और पीड़ाएं इनसंहिताओं में स्थान–स्थान पर मुखरित हो उठी हैं।"[38]

सम्भव है, भारत की पौराणिक सरस्वती नदी इसी महा विनाश के फलस्वरूप विलुप्त हो गयी थी। (देखिये– परिशिष्ट–8)

सभ्यताओं के उत्थान–पतन के परिप्रेक्ष्य में ज्योतिर्विज्ञान की वैज्ञानिक आधारशिलाओं के लुप्त होने के कारणों को भी ढूढ़ा जा सकता है।

ज्योतिष के आधारशिलाओं के विज्ञानसम्मत सूत्रों का अन्वेषण आज अनेक देशों में हो रहा है। इनमें प्रमुख हैं "एस्ट्रोलॉजी सेन्टर आफ अमेरिका" तथा "एस्ट्रोलॉजी सेन्टर आफ ब्रिटेन" से सम्बन्धित अनेक ज्योतिष के विद्वान जिनमें रिचर्ड नोले की प्रसिद्ध पुस्तक क्रिटिकल एस्ट्रोलॉजी– इनवेस्टीगेटिंग द कास्मिक कनेक्शनस (Critical Astrology : Investigating the Cosmic Connections) अत्यन्त प्रसिद्ध कृति है।[39]

भारत में हरिद्वार में स्थित शान्तिकुंज में इस क्षेत्र में अत्यन्त प्रशंसनीय कार्य हो रहा है। इसके वर्तमान अधिष्ठाता डा0 प्रणव पंड्या ने ज्योतिष के वैज्ञानिक पक्षों पर पूर्ण प्रकाश डाला है।

भारत के प्राचीन तथा वर्तमान ग्रन्थों के आधार पर कुछ सूत्र अग्रलिखित पंक्तियों में प्रस्तुत किया है, जो ज्योतिष को वैज्ञानिक आधारशिला प्रदान करते हैं। सूत्र तो अनेक हैं किन्तु अति विस्तार के भय से कुछ थोड़े सूत्रों का ही यहां उल्लेख किया जा रहा है:–

1– यथा पिंडे तथा ब्रम्हांडे का सिद्धान्तः–

भारत के प्राचीन ऋषियों ने इस तथ्य को भली प्रकार समझ लिया था कि

38– स्वामी सनातन श्री– साधना विज्ञान, (पृष्ठ-215 से 218 तक), संस्करण-1992, प्रकाशक– श्री सनातन आश्रम, गौराबाग, कुर्सी रोड, लखनऊ-226007

39– www.shop@Londonastrology.com

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सूक्ष्मतम वस्तुओं में तथा ब्रम्हांड में एक ही सिद्धान्त कार्य करता है। उदाहरणार्थ आज हमें अच्छी प्रकार ज्ञात हो गया है कि एक परमाणु की बनावट तथा हमारे सौर मण्डल की बनावट एक जैसी ही है जिस प्रकार परमाणु में नाभिक के चारों ओर इलेक्ट्रान अपनी विभिन्न कक्षाओं में चक्कर लगाते हैं वैसे ही सूर्य के चारों और विभिन्न ग्रह अपनी विभिन्न कक्षाओं में चक्कर लगाते हैं। इसी सत्य को कटोपनिषद में कहा गया है कि–

अणोरणियान महतो महीयान।
आत्मास्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्।।[40]

अर्थात सूक्ष्मातिसूक्ष्म वस्तुओं में तथा विशालतम ब्रम्हांड में एक ही सिद्धान्त कार्य करता है।

इस सिद्धान्त से यह ज्ञात होता है कि वे एक दूसरे को प्रभावित करेंगे।

2. पाइथागोरस द्वारा प्रतिपादित ब्रम्हांडीय लयबद्धता का सिद्धान्त–

यूनान का प्राचीन विद्वान पाइथागोरस का विचार था कि प्रत्येक नक्षत्र या प्रत्येक ग्रह या उपग्रह जब अंतरिक्ष में यात्रा करते हैं तो उनकी यात्रा के कारण एक विशेष ध्वनि पैदा होती है। इन सारे नक्षत्रों की ध्वनियों का एक तालमेल है, जिसे वह "विश्व की लयबद्धता" (Cosmic Hamony)[41] कहते हैं। जब कोई व्यक्ति जन्म लेता है तब उस जन्म के क्षण में इन नक्षत्रों के बीच जो संगीत की व्यवस्था होती है। वह उसके संवेदनशील चित्त पर अंकित हो जाता है। वही उसे जीवन भर

40– कठोपनिषद– व्याख्याकार– डा0 देवेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रथम अध्याय– द्वितीय वल्ली, मंत्र–16– पृष्ठ–86 संस्करण–1997, प्रकाशक–हंसा प्रकाशन, जयपुर।

41– www.Amazon.com.nature's magic synergy in evolution and the fate of human kind- by Peter Corning, Chapter-Pythagorus and "The music of the spheres". Publisher- Cambridge University Press.

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्वस्थ तथा अस्वस्थ करती है। जब भी अपनी उस जन्म के साथ पायी गयी संगीत व्यवस्था के साथ तालमेल बना लेता है तो स्वस्थ हो जाता है और जब उसका तालमेल टूट जाता है तो अस्वस्थ हो जाता है।

3. महर्षि इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी (यू0एस0ए0) द्वारा इस सम्बन्ध में किया हुआ अनुसंधानः–

महर्षि इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी (यू0एस0ए0) ने लगभग सभी प्राच्य विद्याओं पर वैज्ञानिक शोध किया है।

भारत की इन प्राचीन विभिन्न विद्याओं के द्वारा मानव चेतना में कौन–कौन से गुण विकसित होते हैं, इसका उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा है कि ज्योतिष से सर्वज्ञता का गुण प्राप्त होता है। इन सत्ताइस नक्षत्रों तथा नौ ग्रहों का मानव मस्तिष्क पर कैसे प्रभाव पड़ता है, इसके लिए परिशिष्ट–9, 10, 11 तथा 12 दर्शनीय है जिन्हें उक्त विश्वविद्यालय ने प्रकाशित किया है।[42]

उन सभी चार्टों को देखने से यह स्पष्ट होता है कि सभी ग्रह राशियों और नक्षत्र हमारे मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। मस्तिष्क ही शरीर के सम्पूर्ण अंगों को नियंत्रित करता है और मस्तिष्क के विभिन्न भाग विभिन्न ग्रहों, राशियों और नक्षत्रों से प्रभावित होते हैं।

4. आकाशीय पिंडों में आकर्षण शक्ति–

प्रत्येक आकाशीय पिंड में आकर्षण शक्ति होती है जिससे वे एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। आधुनिक विज्ञान के नवीनतम अनुसंधानों के अनुसार दो आकाशीय

42– Alliance for knowledge
Published by Maharshi International University MIU Press Publication No.-G-50
Printed in West Germany by MIU Press Edition-1974

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पिंडों के मध्य जो स्थान खाली दिखाई देता है वह भी वास्तव मे खाली नहीं है।

प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफेन हाकिन्स ने अपनी पुस्तक "ए ब्रीफ हिस्ट्री आफ टाइम" में लिखा है "क्वान्टम थ्योरी के अनिश्चयवाद के सिद्धान्त का अर्थ है कि कोई भी स्थान खाली नहीं है। जो स्थान हमें खाली दिखाई देता है, वहां भी मूल कण तथा मूल प्रतिकण (पाटिकल तथा एण्टीपार्टिकल) भरे पड़े हैं जिनमें अपार उर्जा उपस्थित है।"[43]

उपर्युक्त सिद्धान्त का अर्थ हुआ कि कोई भी ग्रह नक्षत्र आदि हमसे पृथक नहीं है बल्कि जुड़े हुए हैं।

दो आकाशीय पिंडों में आकर्षण का कारण बताते हुए उन्होंने कहा है कि "एक पिंड में ग्रेविटान नामक कण निकलता है तथा दूसरे द्वारा अवशोषित होता है इस प्रकार ग्रविटान कणों के निस्तारण तथा अवशोषण से सभी आकाशीय पिंड एक दूसरे से सम्बन्धित हैं।"[44]

उपर्युक्त नवीनतम वैज्ञानिक शोधों से भी ग्रह नक्षत्रों का हमारे शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की पुष्टि होती है।

5. लोवसांग राम्पा का कथन–

विश्व प्रसिद्ध रहस्यात्मक विषयों की विश्लेषणात्मक व्याख्या प्रस्तुत करने वाले तथा अनेक विश्व प्रसिद्ध पुस्तकों के लेखक लोवसांग राम्पा ने ग्रहों, नक्षत्रों तथा

43– The uncertainty principle means that even empty space is filled with pairs of vertual particles and anti particles. These pairs would have an infinite amount of energy.
(Stephen Hawkins- A Brief History of Time) page 165.

44– (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)
तत्रैव Page 169

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

राशियों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में ऐसे तथ्यों को उजागर किया है जो सामान्यतः हमें दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा है कि अपनी योग क्षमता को विकसित कर अनेक अदृश्य तथ्यों को जाना जा सकता है।

मानव शरीर तथा ग्रहों के सम्बन्ध में उन्होंने निम्नलिखित तथ्य प्रस्तुत किया है।[45]

1– प्रत्येक आकाशीय पिंड से सदैव विद्युत चुम्बकीय तरंगे निकलती रहती हैं, जिनकी तरंग दैर्ध्य की आवृत्ति भिन्न–भिन्न होती है। तरंग दैर्ध्य तथा आवृत्तियों की विभिन्न श्रृंखलाओं से रंग उत्पन्न होते हैं अथवा रंगों का आभास होता है।

मङ्गल ग्रह से लाल रंग, सूर्य से नारंगी रंग, शुक्र से नीला रंग तथा शनि से हरा, बुध से पीले रंग की रश्मियाँ आती रहती है।

2– मानव शरीर के विभिन्न केन्द्रों से भी विभिन्न प्रकार की विद्युत चुम्बकीय तरंगे निकलती हैं।

3– मानव शरीर से उत्सर्जित तरंगें ग्रहों तथा नक्षत्रों से आने वाली तरंगों से प्रभावित होती है तथा दोनों तरंगों का सम्मिश्रण हमारे शरीर के चारों ओर हो जाता है।

4– हमारे शरीर को भी चारों ओर से एक हल्का प्रकाश घेरे रहता है जिसे

45– **Lobsang Rampa- You for Ever**
(from Page 11 to 41)
Cogi Books- Transworld Publishers Ltd.
Century House- 61-63, Uxbridge Road,
Ealing, London, W55SA, Reprint-1980

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लेखक ने इथरिक अथवा इथर का प्रकाश कहा है इस अदृश्य प्रकाश पुंज के परत की मोटाई एक इंच के आठवें भाग से लेकर 6 इंच तक हो सकती है। यह परिशष्ट–13 में दिखाया गया है।

इथरिक के परत के ऊपर आरा (Aura) का अदृश्य प्रकाश होता है यह ऊंचाई में शरीर से लगभग सात फीट तथा मोटाई भी लगभग चार फिट तक हो सकती है। यह चित्र 9 में दिखाया गया है।

इस आरा (Aura) को एक पतली परत चारों ओर से घेरी रहती है जिससे आरा (Aura) का आकार एक अंडे जैसा हो जाता है। (देखिये– परिशिष्ट–14 तथा 15)

5– ग्रहों तथा नक्षत्रों से आने वाली तरंगों का रंग तथा हमारे शरीर से उत्सर्जित होने वाली तरंगों के रंग के सम्मिश्रण से विभिन्न प्रकार के रंग आरा में दिखाई पड़ते हैं।

राम्पा के अनुसार आरा (Aura) के रंगों को योग दृष्टि (एक्स्ट्रा सेंसरी परसेप्सन) से देखकर निम्नलिखित तथ्य ज्ञात होते हैं।

क– यदि स्वच्छ लाल रंग की रश्मियां आरा (Aura) में दिखाई दें तो इसका तात्पर्य है कि इस व्यक्ति का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है।

ख– यदि हल्का लाल रंग दिखाई दे तो इसका तात्पर्य यह होगा कि यह व्यक्ति मानसिक रूप से दुर्बल है।

ग– यदि लाल तथा भूरे रंग का सम्मिश्रण है और धुंधला दिखाई दे तो इसका अर्थ होगा कि शरीर के इस भाग में कैंसर जैसा रोग है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

घ– यदि आरा में नारंगी रंग की प्रधानता हो तो इसका अर्थ होगा कि यह व्यक्ति मानवतावादी दृष्टिकोण वाला है।

ङ– यदि नारंगी तथा भूरे रंग का सम्मिश्रण हो तो इसका अर्थ होगा कि इस व्यक्ति को गुर्दे (किडनी) का रोग है।

इस प्रकार आरा (Aura) के रंगों के देखकर रोगों को जाना जा सकता है तथा किसी लेन्स द्वारा रंगों को नियंत्रित कर रोगों को ठीक किया जा सकता है।

लोवसांग ने भविष्य में रोगों के निवारण हेतु आरा चिकित्सा (Aura thorupy) विकसित होने की सम्भावना व्यक्त की है।

6. स्वामी विशुद्धानन्द द्वारा प्रतिपादित सूर्य–सिद्धान्त

ग्रहों राशियों और नक्षत्रों का हमारे शरीर पर कैसे प्रभाव पड़ता है, इस प्रश्न का सर्वोत्तम उत्तर हमें स्वामी विशुद्धानन्द द्वारा प्रतिपादित "सूर्य सिद्धान्त" से प्राप्त होता है।

स्वामी विशुद्धानन्द पश्चिमी बंगाल में वर्दवान जिले के रहने वाले थे। मानसरोवर के निकट तिब्बत में स्थित ज्ञानगंज नामक सिद्ध आश्रम में रहकर इन्होंने योग विद्या का अभ्यास किया था तथा पूर्ण योगी बनने के पश्चात काशी में आकर रहने लगे थे।

पं0 गोपीनाथ कविराज ने स्वामी विशुद्धानन्द जी के अनेक चमत्कारों का उल्लेख अपनी पुस्तकों में किया है।

प्रसिद्ध शोधकर्ता पाल ब्रंटन के समक्ष स्वामी जी ने एक मृत पक्षी को थोड़े

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

समय के लिए जीवित कर दिया था। जीवित करने की यह प्रक्रिया उन्होंने सूर्य किरणों को एक लेन्स से संयोजित करके किया था और यह सिद्ध किया था कि सूर्य किरणों के साथ जीवन की धारा भी प्रकाश की गति के साथ प्रवाहित होती रहती है इस घटना का विवरण पाल ब्रंटन ने अपनी पुस्तक "ए सर्च इन सेक्रेट इण्डिया" में दिया है।[46]

पं0 गोपीनाथ कविराज ने भी स्वामी जी के चमत्कारों का विवरण देते हुए लिखा है कि सूर्य किरणों को एक स्फटिक के लेन्स से संयोजित कर स्वामी जी ने एक गुलाब के फूल को जवा का फूल बना दिया था तथा एक बार एक फूल को ग्रेनाइट पत्थर में बदल दिया था।[47]

यह सब असम्भव कार्य कैसे सम्भव हो जाता है कि इस सम्बन्ध में स्वामी जी ने निम्नलिखित सिद्धान्त बतलाया था—[48]

"जो व्यक्ति सूर्य की रश्मियों अथवा वर्णमाला (स्पेक्ट्रम) को भली–भांति पहचान गया है और वर्णों को शोधित करके परस्पर मिश्रित करना सीख गया है, वह सहज ही सभी पदार्थों का संघटन या विघटन कर सकता है। सभी पदार्थों का मूलबीज इस रश्मिमाला के विभिन्न प्रकार के संयोग से ही उत्पन्न होता है।"

अपने सूर्य सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए उन्होंने बतलाया कि "रश्मियों को शुद्ध रूप से पहचान कर उनकी योजना करना ही सूर्य विज्ञान का प्रतिपाद्य विषय

46– **Paul Brunton- A search of secret India**- Page 196
Edition- 1982, B.I. Publication
54, Janpath, New Delhi.

47– म0म0पं0 गोपीनाथ कविराज– योगीराज विशुद्धानन्द प्रसंग तथा तत्व कथा, पृष्ठ–42
संस्करण–2000ई0, विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक वाराणसी–221001

48– तत्रैव चतुर्थ अध्याय (सूर्य विज्ञान का रहस्य) पृष्ठ 77–86

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है। जो ऐसा कर सकते हैं वे सभी स्थूल एवं सूक्ष्म कार्य करने में समर्थ होते हैं। सुख दुख, पाप–पुण्य, काम–क्रोध, लोभ, प्रीति, भक्ति आदि सभी चेतना की वृत्तियां और संस्कार भी रश्मियों के संयोग से ही उत्पन्न होते हैं। स्थूल या जड़ वस्तुओं के लिए तो कुछ कहना ही नहीं है।"

यदि हम स्वामी जी द्वारा उद्घाटित सिद्धान्त की आधुनिक भौतिक विज्ञान की पृष्ठभूमि में समीक्षा करें तो हमें यह सिद्धान्त आश्चर्यजनक रूप से आधुनिक विज्ञान के क्वान्टम सिद्धान्त के समान ही प्रतीत होता है।

आधुनिक विज्ञान में यह वर्षों से विवाद चलता रहा है कि प्रकाश तरंगों से बना है अथवा कणों से। क्वान्टन के सिद्धान्त ने यह रहस्योद्घाटन किया कि प्रकाश तरंगों और कणों दोनों से बना है, किन्तु किसी प्रयोग में प्रकाश श्रृंखलाबद्ध तरंगों के रूप में दिखता है तो किसी में कणों के रूप में, पर दोनों रूपों में एक साथ नहीं देखा जा सकता।

वास्तव में स्वामी जी का सूर्य सिद्धान्त क्वान्टम सिद्धान्त का समर्थन करते हुए उससे आगे बढ़ गया है। क्योंकि इस सूर्य सिद्धान्त के अनुसार प्रकाश रश्मियों तथा कणों के रूप में तो है ही जिससे सभी पदार्थों का निर्माण होता है, साथ–साथ जीवन तत्व का भी वाहक है जिससे जीवन में सुख, दुख, पाप, पुण्य, काम, क्रोध, लोभ, प्रीति, भक्ति आदि उत्पन्न होते हैं।

यदि हम किसी वैज्ञानिक के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत करें कि क्वान्टम थ्योरी जहां आकार रूक गयी है सूर्य सिद्धान्त उसमें जीवन तत्व को भी सम्मिलित कर उसे आगे बढ़ाती है तो वह सहसा इसे स्वीकार नहीं करेगा। किन्तु यह भी सत्य है कि किसी बात को असम्भव मान लेने से विचारों का विकास रूक जाता है अतएव तथ्यों को असम्भव मानने की अपेक्षा उनका नवीन दृष्टि से विश्लेषण करना उचित है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अब हम सूर्य सिद्धान्त से सहमत होते हुए यह कह सकते हैं कि चूंकि सूर्य आदि ग्रहों नक्षत्रों या राशियों से सतत तरंगे आती रहती हैं अतएव इस तरंगों के साथ चेतना की विभिन्न अनुभूतियों सुख, दुख, पाप, पुण्य, लोभ, मोह, क्रोध आदि के प्रभाव भी आते हैं। इस प्रकार हमारा जीवन इनसे प्रभावित होता रहता है।

7. ओशो रजनीश द्वारा विज्ञान–सम्मत विश्लेषण–

ओशो रजनीश का कथन है कि "अब वैज्ञानिक मानते हैं कि प्रत्येक ग्रह की रेडियो एक्टिविटी अलग–अलग हैं। जैसे वीनस से जो रेडिया तत्व हमारी तरफ आते हैं वे चांद के रेडियो तत्वों से भिन्न हैं। इसी प्रकार जुपीटर से आने वाले रेडियो तत्व सूर्य के रेडियो तत्वों से भिन्न हैं, क्योंकि प्रत्येक ग्रह के पास अलग तरह के गैसों और अलग तरह के तत्वों का वातावरण है। उन सबसे अलग–अलग प्रभाव पृथ्वी पर आते हैं। जब एक बच्चा पैदा हो रहा है तो पृथ्वी के चारो तरफ क्षितिज को घेरकर खड़े हुए जो भी नक्षत्र हैं, ग्रह, उपग्रह अथवा दूर आकाश में महातारे हैं, उन सबके सब उस एक्सपोजर के क्षण में बच्चे के चित्त पर गहराईयों तक प्रवेश कर जाते हैं, फिर उसकी कमजोरियां, उसकी ताकतें, उसका सामर्थ्य सब सदा के लिए प्रभावित हो जाता है।"[49]

पुनः उन्होंने एक व्यक्ति का चौराहे से तुलना करते हुए कहा है कि हम सब क्रिसक्रास प्वाइंटस हैं, जहां जगत की अनंत शक्तियां आकर एक बिन्दु को काटती हैं वहां व्यक्ति निर्मित हो जाता है तथा इंडीविजुएल बन जाता है।[50]

ओशों ने ज्योतिष के पूर्ण प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए कहा है कि हमारे चारो

49– ओशो रजनीश– मैं कहता आखन देखी, (ज्योतिष अर्थात अध्यात्म) पृष्ठ–223 (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)

50– तत्रैव– पृष्ठ–229

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ओर उर्जाओं के क्षेत्र हैं, जो पूरे समय हमें प्रभावित करते हैं। एक बच्चे के जन्म को वैज्ञानिक भाषा में हम एक्सपोजर कह सकते हैं। यह ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार एक फिल्म को हम कैमरे में एक्सपोज करते हैं। एक क्षण के लिए कैमरे का शटर दबाते हैं, कैमरे की खिड़की खुलती है और बन्द हो जाती है। उस क्षण में जो भी कैमरे के समक्ष आ जाता है, वह फिल्म पर अंकित हो जाता है, अब दूसरा उस पर कुछ भी अंकित न होगा।[51]

मनुष्य पर पड़ने वाले ज्योतिषीय प्रभाव के सम्बन्ध में ओशो द्वारा की गयी उपर्युक्त विज्ञान–सम्मत विश्लेषणात्मक व्याख्या पूर्णतः उपयुक्त एवं तर्कसंगत है।

8. जातक ग्रन्थों में उल्लिखित प्रेत बाधा, शाप तथा अभिचार–जन्य रोगों के सम्बन्ध में विवेचना–

जातक ग्रन्थों तथा आयुर्वेद ग्रन्थों में प्रेत बाधा, शाप तथा अभिचार जन्य रोगों के उल्लेख प्राप्त होते हैं। आधुनिक मनोचिकित्सकों के समक्ष ऐसे अस्वस्थ व्यक्ति प्रायः आते रहते हैं किन्तु आधुनिक चिकित्सक केवल इसे काल्पनिक भय की उपज मानते हैं। अतएव इसकी भी समीक्षा आवश्यक है।

यह स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या प्रेतात्माओं का अस्तित्व होता है?

चरक संहिता में कहा गया है कि "मन के संयोग से ही गमन करने वाला आत्मा, आकाश को छोड़कर, शेष चार महाभूतों के सूक्ष्म रूप के साथ मृत शरीर से निकलकर पुनः नूतन शरीर में चला जाता है। यह आत्मा का कार्य उसके पूर्व जन्म कृत कर्म के अनुसार होता है। जब तक दिव्य दृष्टि नहीं प्राप्त होती तब तक आत्मा का दर्शन नहीं होता।[52]

51– ओशो रजनीश– (ज्योतिष अर्थात अध्यात्म) मैं कहता आखन देखी, पृष्ठ–223
(प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष–पूर्वोक्त)

52– चरक संहिता– प्रथम खण्ड– 2/31
(प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष–पूर्वोक्त)

CC-0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आजकल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस सम्बन्ध में अमेरिका तथा योरप के अनेक देशों तथा रूस एवं जापान आदि देशों में शोध हो रहे हैं। अनेक जिज्ञासुओं ने सूक्ष्म आत्माओं का इन्फ्रारेड कैमरे से चित्र लेने में सफलता पायी है। यद्यपि अभी यह वैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण रूप से स्वीकृत नहीं हुआ है तथापि शोध निरन्तर हो रहे हैं।

प्रेतात्माओं का आवेश दूसरों के शरीर में किस प्रकार होता है, इस प्रक्रिया को समझने के लिए पतञ्जलि का निम्न सूत्र दृष्टव्य है:–

बन्धनकारण शैथिल्यात प्रचार संवेदनाच्च
चित्तस्य परशरीरावेशः।[53]

अर्थात बंधन (सूक्ष्म शरीर तथा स्थूल शरीर के बंधन) को शिथिल करने से तथा चित्त की गति का भलीभांति ज्ञान होने से स्थूल शरीर से सूक्ष्म शरीर को बाहर निकालने तथा इसे दूसरे के शरीर में प्रवेश कराने का योगी जनों को अभ्यास हो जाता है।

इसी प्रकार सूक्ष्म शरीरों का विवरण सांख्य दर्शन, श्वेताश्वर उपनिषद तथा ब्रम्हसूत्र, महाभारत, तथा भगवत् गीता आदि अनेक ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं।

बीसवीं शताब्दी के महानतम योगी श्री अरविन्द का भी कथन है कि– "जैसे स्थूल भौतिक सत्ता का एक लोक है वैसे ही उसके ठीक ऊपर एक और लोक है, जिसमें जड़ तत्व सर्वोपरि नहीं है, बल्कि प्राण शक्ति, प्रधान निर्धारिका के रूप में उसका स्थान ले लेती है।..... यह स्थूल जीवन के समान अपरिवर्तनीय

53– महर्षि पतञ्जलिकृत– योग दर्शन– विभूति पाद, सूत्र–38, गीता प्रेस, गोरखपुर–273005, संस्करण– सम्वत–2061

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नियम से बंधा हुआ नहीं है, बल्कि यह अपनी स्थिति में अनेक प्रकार के परिवर्तन ला सकती है।[54]

भूतावेश के प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए चरक का कथन है कि जिस प्रकार दर्पण में छाया (प्रतिबिम्ब) अथवा सूर्यकान्त मणि में आतम (सूर्य की किरणें) अदृश्य रूप से शीघ्र प्रविष्ट हो जाती है, उसी प्रकार देवता, ऋषि, गंधर्व, आदि भी उन्माद रोगी के शरीर को दूषित न करते हुए अदृश्य रूप से अपने–अपने गुणों के प्रभाव से उसमें प्रवेश कर जाते हैं।[55]

चरक संहिता में तथा अनेक जातक ग्रन्थों में शाप जन्य मानसिक रोगों का उल्लेख किया गया है। चरक संहिता में कहा गया है कि गुरू, वृद्ध (ज्ञान वृद्ध, तपो वृद्ध आदि), सिद्ध (तपः सिद्ध अथवा देवयोनि विशेष) ऋषि आदि के शाप से या अभिचार (मारण, सम्मोहन, उच्चाटन, वशीकरण आदि अनुष्ठानों) से या अभिज्ञान (इसी के निरन्तर चिन्तन) से उन्मत हुआ व्यक्ति उनके अनुरूप चेष्टायें, आचरण तथा व्यवहार करने लगता है तो उसे उसकी चेष्टा आदि लक्षणों को देखकर गुरू आदि के शाप से उन्मत्त समझना चाहिए।[56]

चरक संहिता के उपर्युक्त कथन को आधुनिक चिकित्सक प्रायः हास्यास्पद समझते हैं क्योंकि इस कथन की वैज्ञानिक व्याख्या विज्ञान के सामान्य नियमों के अन्तर्गत नहीं हो पाती। किन्तु संसार के लगभग सभी प्राचीन संस्कृतियों में इससे सम्बन्धित उल्लेख प्राप्त होते हैं।

54– श्री अरविन्द– योग समन्वय– पूर्वार्ध अनुवादक– श्री जगन्नाथ वेदालंकार, पृष्ठ–518 प्रकाशक– श्री अरविन्द सोसायटी पांडिचेरी–1969

55– चरक संहिता– द्वितीय खण्ड– 9/18 (प्रकाशक का नाम, पता तथा प्रकाशन वर्ष-पूर्वोक्त)

56– तत्रैव– द्वितीय खण्ड– 9/19/2

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

